धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित | सबकी बात सबके साथ
ऑपरेशन सिंदूर
सुप्रभात | रांची, शनिवार 10.05.2025 | बैशाख, शुक्ल पक्ष, त्रयोदशी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 293 | khabarmantra.net | नगर संस्करण | पेज : 12

# भारत अब फूल एंड फाइनल के मूड में

## पीएम मोदी ने की हाइलेबल बैठक : रक्षा मंत्री, डोभाल, सीडीएस, तीनों सेना प्रमुखों की मौजूदगी में बन रही रणनीति

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान की लगातार बढ़ती बेशर्मी से दोनों के बीच युद्ध जैसे हालात बन गये हैं। भारतीय सेना के साहसिक प्रयासों के आगे पाकिस्तान लगातार हार रहा है। बावजूद इसके पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा। भारत अब पाकिस्तान के खिलाफ फूल एंड फाईनल के मूड में नजर आ रहा है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार की शाम एक हाईलेवल बैठक में भावी रणनीति पर चर्चा की गयी। बैठक में तय किया गया कि देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया और



कहा कि वर्तमान सरकार हर चुनौती का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। बैठक में पीएम के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, एनएसए अजीत डोभाल, सीडीएस और सभी सशस्त्र बलों के प्रमुख मौजूद थे। इसके पहले पीएम मोदी ने पूर्व सेना प्रमुखों से मुलाकात की और राष्ट्रीय सुरक्षा पर विस्तार से चर्चा की। चर्चा का फोकस सीमा पर बनी स्थिति, राष्ट्रीय सुरक्षा और भारत की सामरिक तैयारियों पर रहा। सूत्रों के मुताबिक, अब रणनीति सर्जिकल नहीं बल्कि निर्णायक होगी। पाकिस्तान के आतंकी ढांचे को जड़ से हिलाने का लक्ष्य होगा। भारत की ओर से जम्मू-कश्मीर और पंजाब बॉर्डर पर टी-90 टैंकों और स्वदेशी अर्जुन टैंकों की तैनाती की खबर है। ब्रह्मोस मिसाइल सिस्टम भी लोकेशन पर तैनात किया गया है। भारतीय वायुसेना के एसयू-30 और मिराज लड़ाकू विमानों ने बीती रात सीमा पर गश्त की।

## मुस्कुराते चेहरे सब कुछ बता रहे



**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को रक्षा मंत्रालय में एक बेहद महत्वपूर्ण मीटिंग की। इस बैठक में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, तीनों सेनाओं के प्रमुख और रक्षा सचिव आरके सिंह भी मौजूद रहे। पाकिस्तान को उसकी हिमाकत का जवाब भारत केवल ड्रोन और मिसाइलों से नहीं बल्कि मुस्कुरा के भी दे रहा है। जिस पाकिस्तान को लगा कि वह हम पर पहले कायराना आतंकी हमला करके और फिर आम नागरिकों पर हवाई हमले की कोशिश करके डरा देगा, वह अपने हर मंसूबे में फेल होता दिख रहा है। भारत कमजोर नहीं, पहले से कहीं मजबूत और एक दुश्मन के खिलाफ एकजूट हो गया है। इसकी बानगी तस्वीर में दिख रही है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और तीनों सेना के अध्यक्ष की मीटिंग हुई तो उनके माथे पर कोई शिकन नहीं बल्कि चेहरे पर मुस्कुराहट थी। यह भारत के कॉन्फिडेंस को दिखाता है। बैठक में रक्षा सचिव आरके सिंह भी मौजूद थे।

## बेशर्मी पर उतरा पाकिस्तान, भारत को बदनाम करने कामर्शियल फ्लाइट जारी रखी

# जम्मू, पंजाब, राजस्थान समेत कई इलाकों में ड्रोन हमले का प्रयास, भारत ने सारे मार गिराये

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान ने शुक्रवार रात को जम्मू, पंजाब, राजस्थान के कई इलाकों में एक बार फिर पाकिस्तान ने ड्रोन अटैट की साजिश की। सभी हमलों की को नाकाम करते हुए भारत ने मार गिराये। चार राज्य के 26 जगहों पर ड्रोन अटैक, हवा में ही मार गिराये जम्मू, सांबा, पठानकोट के साथ-साथ इलाकों में आये पाकिस्तानी ड्रोन्स एयर डिफेंस यूनिट्स उन्हें तबाह करने में जुटी हैं। भारत ने भी युद्ध की आशंका को देखते हुए तैयारियां तेज कर दी हैं। सीमावर्ती इलाके हाई अलर्ट पर हैं। पूरे देश में सिक्योरिटी और इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े सिस्टम की चूलें कसी जा रही हैं। जनता को जागरूक किया जा रहा है क्योंकि पाकिस्तान की फौज बेशर्मी पर उतर आयी है। ऐसे माहौल में अपने कामर्शियल फ्लाइट की आवाजाही शुरू रखी है। उसका इरादा है कि भारत पलटवार करे, जिससे लोगों को क्षति हो और भारत को बदनाम किया जा सके।



**फिरोजपुर में ड्रोन का मलवा गिरा** : पंजाब के फिरोजपुर से बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल, यहां खाई फेमकी में 2 ड्रोन गिरने से अफरा-तफरी मच गयी है। बताया जा रहा है कि यहां एक घर में लाइट जलने के कारण ड्रोन गिरने से पूरा घर तबाह हो गया। 4 ड्रोन मिरा हरनूर गांव में फैंके है लेकिन सेना ने उसे नाकाम कर दिया, लेकिन लाइट चलने के कारण घर को निशाना बनाया गया। लोगों से खास अपील की जा रही है कि घर की लाइटें बंद रखें। पंजाब के गुरदासपुर के टिबरी कैंट से भी धमाकों की आवाज आयी। 13-14 धमाके एक साथ होने से हड़कंप मच गया है।
हालांकि सभी ड्रोन मार गिराये गये। अटारी बॉर्डर तक सुनाई दे रही है, जहां सेवा की सैनिक छावनी है और बीएसएफ हेड क्वार्टर भी है। हालांकि अभी तक अधिकारियों की तरफ से इस मामले में पुष्टि नहीं की गई है।

## पाकिस्तान ने पुंछ समेत कई सेक्टर में की भारी गोलाबारी

# मिला करारा जवाब, सात को मार गिराया

### नागरिक ठिकानों को बना रहा लगातार निशाना

**जम्मू-कश्मीर** के पुंछ और उरी सेक्टर में पाकिस्तान की सेना ने एक बार फिर से सीजफायर का उल्लंघन करते हुए भारी गोलाबारी शुरू कर दी है। दिगवार और करमाडा सेक्टर में पाकिस्तान की गोलाबारी से नागरिकों के घरों और वाहनों को भारी नुकसान हुआ है। पाकिस्तान की यह गोलीबारी लगातार जारी है और कई रिहायशी इलाके भी इसके निशाने पर आये हैं। फायरिंग के बीच भारत की सीमा में घुसने का प्रयास कर रहे सात घुसपैठियों को बीएसएफ के जवानों ने सांबा सेक्टर में ढेर कर दिया। साथ ही भारत ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के कई सैनिक पोस्ट को उड़ा दिया।



**एसएच-15 155 मिमी से हमला** : भारत और पाकिस्तान के बीच जंग की स्थिति बहुत गंभीर हो गयी है। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास स्थित एसएच-15 155 मिमी स्व-चालित तोपखाने से भारतीय सेना पर हमला किया है। दोनों देशों के बीच सीमा पर स्थिति बहुत तनावपूर्ण बनी हुई है, और भारतीय सेना भी पूरी तरह से सतर्क है। घुसपैठियों को पाकिस्तानी रेंजरों की ओर से ढांढर पोस्ट से गोलीबारी का समर्थन मिल रहा था। ताकि वे भारत में दाखिल हो सकें।

## विदेश मंत्रालय ने खोली पाकिस्तानी करतूत की पोल, बोलीं कर्नल सोफिया

# नागरिक विमानों को ढाल बना रहा पाक

- **पाक तुर्की के ड्रोन का कर रहा प्रयोग**
- **36 जगहों पर 400 से अधिक ड्रोन से हमला किया**

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बीच विदेश मंत्रालय तीन दिन के अंदर शुक्रवार को तीसरी बार प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया 8-9 रात पाकिस्तान ने भारतीय सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने के उद्देश्य से हमला किया। इतने बड़े ड्रोन हमले का मतलब ये था कि वे भारत के एयर डिफेंस सिस्टम की ताकत का पता लगाना चाहते थे। ये ड्रोन तुर्किए के थे। भारत ने अधितर ड्रोन को नष्ट कर दिया। पाक ने 36 जगहों पर 400 से अधिक ड्रोन से हमले का प्रयास किया।

**अपनों को ही मौत के मुंह में डाला** : ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान इतना बौखलाया हुआ है कि उसको आम नागरिकों की भी फिक्र नहीं है। कर्नल सोफिया कुरैशी ने बताया कि पाकिस्तान ने नागरिक विमानों को ढाल बनाकर हमला किया। पाकिस्तान जिस समय भीषण ड्रोन हमले कर रहा था, उस समय उसने दमम से लाहौर के बीच फ्लाइट जारी रखीं। हमलों के बीच उसने एयरस्पेस को जारी रखा, जिसकी वजह से आम नागरिकों को नुकसान हो सकता था। कर्नल सोफिया ने तस्वीर के



जरिये पाकिस्तान की पोल खोली। दमम से लाहौर पहुंची फ्लाइट की पूरी डिटेल, टाइमिंग और रूट की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि, उस मौके पर भारत ने आपा नहीं खोया और नागरिक विमानों को नुकसान नहीं होने दिया। यदि कुछ होता तो पाकिस्तान दुनिया भर में शोर मचाता कि भारत ने नागरिकों पर हमला किया। कर्नल सोफिया कुरैशी ने कहा कि पाकिस्तान ने अपना हवाई क्षेत्र बंद नहीं किया, बल्कि उसे एक ढाल की तरह इस्तेमाल किया है। हमले के समय क राची और लाहौर जैसे बड़े शहरों में पैसेंजर प्लेन उड़ान भर रहे थे, जिससे आम नागरिकों की जान जोखिम में डाली गयी।

**सभी हमले नाकाम, पलटवार में भारी क्षति** : शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस कर विदेश सचिव विक्रम मिसरी, कर्नल सोफिया कुरैश और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने गुरुवार के घटनाक्रम पर ऑफिशियल ब्रीफिंग दी। बताया गया कि पाकिस्तान ने भारत के 15 शहरों के सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की, लेकिन भारत के एयर डिफेंस सिस्टम एस-400 ने सारे हमलों को नाकाम कर दिया।

### पाक हमले में दो बच्चों की गयी जान

विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने बताया कि पाकिस्तान ने भारी कैलिबर वाली तोपों और हथियारों से लैस ड्रोनों से नियंत्रण रेखा पर गोलाबारी की थी। हमले में दो स्कूली बच्चों की जान चली गयी। साथ ही चार जवान शहीद हो गये। भारतीय सेना ने जबरदस्त जवाबी कार्रवाई की और पाकिस्तान की सेना को भारी नुकसान पहुंचाया।




## सांसद ने नेशनल असेंबली में शहबाज की भारी बेइज्जती की, कहा

# बुजदिल हैं आप, मोदी का नाम तक लेने से डरते हैं

एजेंसी

रावलपिंडी। भारत की तरफ से जवाबी कार्रवाई में भारत के तगड़े प्रहार का असर अब पाकिस्तान की संसद में भी नजर आने लगा है। एक पाकिस्तानी सांसद ने अपने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को ही बुजदिल और गीदड़ तक बता दिया। पाकिस्तान के सांसद शाहिद अहमद खट्टक ने नेशनल असेंबली में कहा, भारत के रुख पर उनका (पीएम शहबाज शरीफ) का कोई बयान नहीं आया है। मुझे टीपू सुल्तान का वो बयान याद आ रहा है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर एक लश्कर का सरदार शेर हो और उसके साथ गीदड़ हों, तो वो शेरों की तरह लड़ते



हैं। वहीं अगर शेरों के लश्कर का सरदार गीदड़ हो, तो वो लड़ नहीं सकते और जंग हार जाते हैं। इस वक्त बॉर्डर पर खड़ा हमारा फौजी ये उम्मीद रखता है कि हमारा नेता, जो हमारा चेहरा है, जो हमारी ताकत का आइना है, वो सियासी तौर पर भी उतना ही दमदार हो। वो दुश्मन से मुकाबला करने की हिम्मत रखें, लेकिन जब आपका वजीर-ए-आजम (प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ) बुजदिल हो और वो मोदी का नाम तक न ले पाये, तो आप सीमा पर लड़ने वाले जवान को क्या संदेश दे रहे हैं।

**रब हम सब की हिफाजत करे** : सांसद शाहिद अहमद खट्टक ने कहा हम अपनी कौम से कहते हैं कि सब मिलकर चलो और अपने रब से दुआ करो कि हम सबकी हिफाजत करें। गुरुवार को ही एक वीडियो वायरल हुई थी जिसमें, पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के एक सदस्य और सेना के पूर्व मेजर ताहिर इकबाल अपनी बात रखते हुए रो पड़े थे। पूर्व पाकिस्तानी मेजर ताहिर इकबाल ने नेशनल असेंबली में कहा था, हम अपनी कौम से कहते हैं कि सब मिलकर चलो और अपने रब से दुआ करो कि हम सबकी हिफाजत करें। इस मुल्क की रक्षा करें। ताहिर इकबाल ने कहा था कि अल्लाह ने चाहा कि पाकिस्तान बने और उन्होंने ही इस मुल्क को बनाया है। अब वही इसकी हिफाजत करेंगे। उन्होंने रोते हुए कहा था, अल्लाह, तू हमें माफ कर दे। हम तेरे सामने सर झुकाते हैं, माफी मांगते हैं और इसमें कोई दो राय नहीं है कि हम तेरे बड़े गुनहगार हैं।

## नवाज ने शहवाज से कहा

# भारत से तनाव कम करो

एजेंसी

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान का नागरिक और सैन्य नेतृत्व सैन्य संघर्ष के बीच भारत को जवाब देने पर जोर दे रहा है वहीं पूर्व पीएम नवाज शरीफ द्वारा नयी दिल्ली के साथ तनाव को कम करने के लिए अनौपचारिक संपर्क को मजबूत करने के प्रयास किये जा रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सत्तारूढ़ पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख नवाज शरीफ ने सुरक्षा बैठक में अपने छोटे भाई तथा पीएम शहबाज शरीफ को भारत के साथ कूटनीतिक रूप से तनाव कम करने और समझदारी से काम लेने की



सलाह दी। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव काफी बढ़ गया है। नवाज शरीफ ने कहा, मैं (भारत के खिलाफ) आक्रामक रुख अपनाने के पक्ष में नहीं हूं। दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए लंदन से पाकिस्तान लौट आये हैं। हैं। वह पर्दे के पीछे से काम कर रहे थे।
दोनों देशों के बीच अनौपचारिक संपर्क को मजबूत करने के लिये वह बृहस्पतिवार को (बैठक में शामिल हो कर) सामने आये।

# सरकार शिबू सोरेन पुल का नाम बदल कर वीर बुधु भगत पुल करे : भाजपा

## डॉ. मुखर्जी का नाम हटाने पर विवाद, भाजपा ने बताया राजनीतिक नौटंकी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी यूनिवर्सिटी का नाम बदलने को लेकर प्रदेश की राजनीति गर्मा गई है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने इस फैसले को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सरकार के इस कदम को राजनीतिक नौटंकी करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय न केवल एक देशभक्त महापुरुष का अपमान है। बल्कि राज्य के आदिवासी नायकों के सम्मान के साथ भी एक निष्ठाहीन खिलवाड़ है। उन्होंने कहा कि जब पूरा देश पाकिस्तान के खिलाफ कड़ा रुख अपनाए हुये है। ऐसे समय में झारखंड सरकार की यह ओछी राजनीति साबित करती है कि झामुमो को न तो देश की चिंता है और न ही झारखंड के आत्मसम्मान की परवाह। उन्होंने सरकार पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुये कहा कि जब मयूराक्षी नदी पर राज्य का सबसे बड़ा पुल बनाये तो उसका नाम आदिवासी नायक बाबा तिलका मांझी के नाम पर न रखकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने पिता शिबू सोरेन के नाम पर रख दिया। इसी तरह धोती-साड़ी योजना को भी मुख्यमंत्री ने अपने दादा-दादी सोना सोबरन के नाम से जोड़ दिया। जबकि आदिवासी समाज के महानायकों को दरकिनार कर दिया गया। उन्होंने कहा कि भाजपा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और वीर बुधू भगत दोनों को समान रूप से सम्मान देती है। उन्होंने राज्य सरकार के फैसले को इन दोनों महापुरुषों के विरुद्ध बताया और मांग की कि अगर झामुमो वास्तव में वीर बुद्धू भगत का सम्मान करती है, तो यूनिवर्सिटी का नाम बदलने का फैसला तुरंत वापस ले और उनके नाम पर एक नई लॉ यूनिवर्सिटी का नाम रखे। जिसका वादा सरकार पहले ही कर चुकी है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार में हिम्मत है तो मयूराक्षी नदी पर बने शिबू सोरेन पुल का नाम बदलकर वीर बुधु भगत के नाम पर कर दिखाये।

# भाजपा आदिवासी नायकों के नाम पर कर रही ओछी राजनीति : विनोद पांडेय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो ने भाजपा पर आदिवासी नायकों के नाम पर ओछी राजनीति करने का आरोप लगाते हुये उसकी कड़ी निंदा की है। झामुमो के महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा एक ओर आदिवासी नायकों के सम्मान का ढोंग करती है। जबकि दूसरी ओर झारखंड की संस्कृति, इतिहास और आदिवासी अस्मिता को लगातार अपमानित करती रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा को झारखंड के गौरवशाली आदिवासी नायकों के बलिदान और उनकी विरासत पर टिप्पणी करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने अपने शासनकाल में जल, जंगल, जमीन को कॉरपोरेट घरानों के हवाले करने की साजिश रची और आदिवासियों की मूलभूत समस्याओं को नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हु, तिलका



मांझी, वीर बुधु भगत जैसे आदिवासी नायकों ने औपनिवेशिक शोषण और सामाजिक अन्याय के खिलाफ संघर्ष किया था। लेकिन, भाजपा ने अपने कार्यकाल में इनके आदर्शों को कुचलने का प्रयास किया। उन्होंने 2017 के भूमि अधिग्रहण संशोधन विधेयक का हवाला देते हुये कहा कि इस कानून के जरिए आदिवासियों की जमीन छीनने की कोशिश की गई।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने जैसे प्रतीकात्मक कदम उठाये। लेकिन, जमीनी स्तर पर आदिवासियों के हक में ठोस नीतियां बनाने में वह पूरी तरह विफल रही है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में आदिवासी बहुल सीटों पर भाजपा की करारी हार इस बात का प्रमाण है कि झारखंड की जनता उनके झूठे वादों को समझ चुकी है। पार्टी ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झामुमो ने आदिवासियों के हितों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि हम भाजपा के पाखंड को बेनकाब करते रहेंगे।

# झारखंड में सरकारी डॉक्टरों की छुट्टियां रद्द

## स्वास्थ्य विभाग का फैसला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव और ऑपरेशन सिंदूर के मद्देनजर आज झारखंड सरकार और खासकर स्वास्थ्य विभाग ने एक बड़ा निर्णय लिया है. राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक के बाद राज्य के सभी सरकारी डॉक्टरों की छुट्टी रद्द करने और राज्य भर में मिलिट्री कैंप या कैंटोनमेंट इलाके के नजदीक के स्वास्थ्य केंद्रों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिये हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड के डॉक्टर न केवल राज्य के नागरिकों की सुरक्षा के लिए बल्कि जरूरत पड़ने पर सीमा पर जाकर सेना के साथ खड़े होने के लिए भी तैयार हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि आज की बैठक में लिए गए निर्णय केवल एक मेडिकल एडवाइजरी नहीं है, बल्कि झारखंड की तरफ से राष्ट्र के लिए संकल्प है। हर जीवन की रक्षा, हर परिस्थिति में सेवा, यही हमारा मूल उद्देश्य है।

## सीमा पर जंग, झारखंड के डॉक्टर तैयार : डॉ इरफान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। भारत-पाकिस्तान सीमा पर बढ़ते तनाव और गोलीबारी की स्थिति में झारखंड सरकार ने एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने यह साफ कर दिया कि झारखंड का स्वास्थ्य महकमा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह युद्धस्तर पर तैयार है। उन्होंने कहा कि मैं पहले एक डॉक्टर हूं, बाद में मंत्री। एक डॉक्टर के नाते मेरा पहला फर्ज है कि लोगों की जान बचाना। इसलिये, मैंने यह फैसला लिया है कि अगर हालात गंभीर हुये, तो मैं खुद बॉर्डर पर जाऊंगा और अपने फर्ज. को निभाऊंगा। यह मेरी नैतिक और पेशेवर



ज़िम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत राज्य के सभी अस्पतालों, डॉक्टरों और चिकित्सा संसाधनों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सभी सिविल सर्जनों और सरकारी चिकित्सकों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने कार्यस्थलों पर उपलब्ध रहें। सभी सरकारी डॉक्टरों की छुप्तियां तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं। इसके साथ ही, पहली बार राज्य सरकार ने सभी निजी अस्पतालों को भी चौबीसों घंटे सेवा में तैनात रहने का निर्देश दिया है। राज्य के कैंटोनमेंट और सीमावर्ती क्षेत्रों के अस्पतालों को विशेष बजट दिया गया है और अतिरिक्त मेडिकल स्टाफ, उपकरण व दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। ऑक्सीजन, जरूरी दवाइयों और ऑर्थोपेडिक सुविधाओं को भी विशेष रूप से तैयार रखा गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड के डॉक्टर न केवल राज्य के नागरिकों की सुरक्षा के लिए बल्कि जरूरत पड़ने पर सीमा पर जाकर सेना के साथ खड़े होने के लिये भी तैयार हैं। यह केवल एक मेडिकल एडवाइजरी नहीं, बल्कि झारखंड की तरफ से राष्ट्र के लिए संकल्प है।

# टेलर दुकान में चल रहा था अवैध जुआ का खेल, दो गिरफ्तार

## कोतवाली थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर की छापामारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कोतवाली थाना की पुलिस ने अवैध जुआ खेलाने के आरोप में दो अभियुक्त अफरोज(नूर नगर, पुरानी रांची) और मिनहाज अंसारी (हरमु हाईकोर्ट कॉलोनी, अरगोड़ा) को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस ने गिरफ्त में आये अभियुक्तों के पास से 64 सौ रूपये नगद , मोबाइल व जुआ से संबंधित दस्तावेज जब्त की है। इस संबंध में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि गुरूवार को पुअनि मीनकेतन कुमार को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली



थ्री कि कोतवाली थाना अंतर्गत बारुद चौक के पास एक टेलर दुकान में कुछ लोग आदमी लगाकर अवैध हुआ का खेल करवा रहे है।

जिसकी जानकारी वरीय पदाधिकारी को देते हुये पुलिस टीम आवश्यक कार्यवाही हेतू उक्त स्थान पर जब पहुंची तो पुलिस को देखते हुए वहां पर खेलने व खेलवाने वाले लोग भागने लगे । जिसमें पुलिस टीम के सहयोग से दो आदमी को पकड़ा गया है। पुलिस पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने अपनी पहचान अफरोज (नूरनगर पुरानी, रांची) और मिनहाज अंसारी (हरमु हाई कोर्ट कलोनी, थाना- अरगोड़ा) जिला रांची के रूप में दी है। मौके पर दोनों के पास से माबाइल व नगद रूपये बरामद की गई है। मोबाईल चेक किया तो पाया कि दोनो मोबाईल में लोगों के साथ ठगी करने तथा जुआ खेलाने व जुआ सबंधित मिली है। उक्त स्थान से इनदोनों से जुआ ऑनलाईन जुआ खेलाने का कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं किया। जप्ती कर इन दोनों को गिरफ्तार किया गया है।

## खबर एक नजर में

### पेपर लीक के छह आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के अधीन संचालित संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा के पेपर लीक मामले जेल में बंद छह आरोपी जवानों को झटका लगा है। उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका अदालत ने खारिज कर दी है। सीआईडी के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत ने बीते तीन मई को याचिका पर सुनवाई प›ात आदेश सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने कविराज, रोबिन कुमार, अखिलेश कुमार, गौरव कुमार, निवास कुमार राय और अभिलाष कुमार को जमानत देने से इनकार किया है। आरोपियों ने पिछले महीने जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की थी। सभी आरोपी इंडियन रिजर्व बटालियन 8 के जवान है। सीआईडी ने आरोपियों को उक्त मामले में 25 मार्च 2025 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से जेल में है। मालूम हो कि 21 सितंबर 2024 व 22 सितंबर 2024 को राज्य के सभी जिलों में जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा तीन पालियों में आयोजित की गई थी। परीक्षा से पहले प्रतिभागियों को पेपर उपलब्ध कराने के नाम पर एक गिरोह के सदस्यों ने रुपये जमा करवाये थे। इससे लोगों के बीच पेपर लीक होने की अफवाह और संदेह फैल गया था। इसके बाद मामले की जांच सीआईडी को सौंपी गई है।

### पूजा सिंघल ने पासपोर्ट रिलीज करने के लिये दी अर्जी



**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के मामले में ट्रायल फेस कर रही आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल और उनके पति अभिषेक झा को बेटी का नामांकन विदेश में कराना है। दोनों ने अलग-अलग पासपोर्ट रिलीज करने की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की है। दाखिल याचिका पर शुक्रवार को पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी। लेकिन, समय ले लिया गया। अगली सुनवाई की तारीख 20 मई निर्धारित की गई है। मिली जानकारी के अनुसार अगस्त महीने में नामांकन के लिये विदेश जाना है। अदालत की अनुमति के बाद ही देश छोड़ सकेंगे। मामले में पूजा सिंघल के खिलाफ ईडी साक्ष्य प्रस्तुत कर रहा है। जबकि अभिषेक झा पर आरोप गठित किया जाना है।

### ईडी कोर्ट ने अमित अग्रवाल को भेजा जेल

**रांची।** शेल कंपनियों के नाम पर जीएसटी इंट्री कर करोड़ों रुपये के फजीर्वाड़ा कर उसका मनी लाउंड्रिंग करने से जुड़े केस में ईडी के हाथों गिरफ्तार जुगसलाई निवासी आयरन एंड स्पंज कारोबारी अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया को अदालत ने न्यायिक हिरासत में लेते हुये जेल भेज दिया है। ईडी ने जमशेदपुर के कारोबारी विक्की भालोटिया को गुरुवार को देर शाम गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे देर रात रांची लाया गया। जहां, उसे पीएमएलए जज के पास पेश किया गया। अदालत ने उसे 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार भेज दिया है। मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ईडी उसे पूछताछ के लिये पुलिस रिमांड पर ले सकती है।

### तस्करी के दोषी को दस वर्ष कैद की सजा

**रांची।** अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार सिंह की अदालत ने शनिवार को छह साल पुराने मादक पदार्थ तस्करी मामले में दोषी करार अभियुक्त दानिश उर्फ विक्की को 10 साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही, उस पर भारी भरकम जुर्माना लगाया गया है। अदालत ने उसे 5 मई को दोषी ठहराया था। कर्बला चौक निवासी दानिश को लोअर बाजार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 19 जुलाई 2019 को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। मामले में प्राथमिकी तत्कालीन पुलिस निरीक्षक सतीश कुमार ने प्राथमिकी दर्ज की थी। तलाशी में उसके पॉकेट से ब्राउन सुगर के 12 पुड़िया पुलिस ने बरामद किया था। जिसका वजन 5.525 ग्राम था। मामले में सुनवाई के दौरान एपीपी मनोज कुमार ने अनुसंधान पदाधिकारी बैजनाथ कुमार समेत अन्य की गवाही दर्ज कराई थी। इसके आधार पर अदालत ने अभियुक्त को दोषी पाकर कठोर सजा सुनाई है।

### मंत्री सदिव्य से मिला आदिवासी छात्र संघ का प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** शुक्रवार को आदिवासी छात्र संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू से मुलाकात कर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नामकरण अमर शहीद वीर बुधु भगत के नाम पर किये जाने पर उन्हें बधाई एवं आभार प्रकट किया। इस ऐतिहासिक निर्णय को लेकर छात्र संघ के प्रतिनिधियों ने कॉलेज परिसर में पारंपरिक तरीके से अबीर.गुलाल उड़ाकर व ढोल-नगाड़ा बजाकर हर्ष व्यक्त किया। प्रतिनिधिमंडल में अध्यक्ष संजय महली द्वारिका दास के अलावा अमनदीप मुंडा, महावीर उरांव, अमृत मुंडा, रामदयाल उरांव, कुलदीप साहू, अभिषेक राज, दीपिका कच्छप, दया राम, बादल भोक्ता शामिल थे।

### डीएसपीएमयू का नामकरण वीर बुधु भगत किये जाने का किया स्वागत

**रांची।** कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय करने पर सीएम हेमंत सोरेन के प्रति आभार प्रकट किया है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि साल 2024 के शीतकालीन सत्र के दौरान सदन में उन्होंने शून्य काल के दौरान सरकार के समक्ष ये मांग रखी थी। कैबिनेट का ये निर्णय कोल विद्रोह के महानायक वीर बुधु भगत का सम्मान है।

### आइसा ने डीएसपीएमयू का नाम बदल कर वीर बुधू भगत करने का किया स्वागत

**रांची।** शुक्रवार को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) की ओर से डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम बदलकर वीर शहीद बुधु भगत विश्वविद्यालय किये जाने पर पूरे उत्साह के साथ जश्न मनाया गया। कॉलेज गेट पर नारेबाजी की गई और दीवारों पर पोस्टर लगाकर इस ऐतिहासिक फैसले का स्वागत किया गया। आइसा के सदस्यों ने बताया कि यह सिर्फ नाम बदलने की घटना नहीं। बल्कि एक लंबी और निर्णायक जन आंदोलन की जीत है। आइसा लगातार इस मुद्दे को लेकर सड़कों पर आंदोलन करता रहा, सरकार को ज्ञापन सौंपा गया। झारखंड के महान शहीदों के सम्मान में विश्वविद्यालयों के नामकरण की मांग की जाती रही। संजना मेहता ने कहा कि वीर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी बुधु भगत को लंबे समय तक उपेक्षित किया गया। रघुवर सरकार द्वारा रांची कॉलेज को अपग्रेड कर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय बना देना, झारखंड के इतिहास और शहीदों के सम्मान के साथ अन्याय था।

# पुलिस ने वर्दी का रौब दिखा कर जानबुझकर बाइक में मारी टक्कर

## पीड़ित ने हाईकोर्ट में दायर की थी रिट याचिका, आनन-फानन में एक माह बाद अरगोड़ा थाना में दर्ज हुई प्राथमिकी

### 09 अप्रैल को कडरू ओवरब्रिज के पास घटी थी घटना

**विवेक राज**

**रांची।** झारखंड के डीजीपी व आला अधिकारियों का थाना स्तर के पुलिस पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश है कि वह आम जनता से सम्मान जनक लहजे में बातचीत करें लेकिन मजाल है कि पुलिस अपनी कार्यशैली को बदलने का प्रयास करेगी। पुलिस को करना भी नही चाहिये क्यों कि वर्दी का रौब आखिर साहब लोगों को कैसे मालूम होगा। वर्दी का धौंस जबतक आम लोगों पर पड़ेगा नही तो आखिर उनकी पहचान बनेगी कैसी की वह रांची के दबंग पुलिसकर्मी हैं। इन्हें नही पहचाने की गलती करनेवाले लोगों को इसका खमियाजा भी भुगतना पड़ता है। इतना ही नही इन पुलिसकर्मियों से अगर कोई बहस कर दे तो उन्हें खमियाजा भुगतने की धमकी भी मिल जाती है। रांची में एक ऐसी ही घटना घटी है,जिसमें पीड़ित ने अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पीड़ित हाईकोर्ट में अधिवक्ता हैं।

**क्या है घटना**

अरगोड़ा थाना में दर्ज प्राथमिकी में धुर्वा क्षेत्र में रहनेवाले अविलाश कुमार ने बताया है कि 9 अप्रैल को करीब साढ़े



सात बजे शाम में वह अपना टीवीएस स्पोर्ट बाइक(जेएच01एफ क्यु-1336) को कडरू ओवरब्रिज के पास पार्क किया था। इसी दौरान अचानक एक पुलिस वाहन(जेएच01एफआर-7506) पहुंचा। इस दौरान सड़क में जाम लगा हुआ था। जिस पर पुलिस के बोलेरो वाहन पर सवार चालक ने हार्न व हूटर बजाना शुरू कर दिया। इसके बाद भी जाम नही खुला। जिस पर उसके सामने वाले ट्रक को ओवरटेक करने के लिये पुलिस ने बाइक पर टक्कर मार दी। पुलिस का वाहन का चक्का बाइक पर चढ़ा दिया गया। इस पर जब पुलिस वाहन पर बैठे पुलिसकर्मियों को रोकने की कोशिश की गई तो उल्टे पुलिस ने उनके साथ दुर्व्यवहार करते हुये गंभीर परिणाम भुगतने व झुठे केस में फंसाने की धमकी देने लगे। इसी बीच जाम खुलते ही पुलिस वाहन भागने में सफल रही। मेरी बाइक को पुलिसकर्मियों ने जानबुझकर टक्कर मारी है।

### हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर होने पर दर्ज हुई एफआईआर

अधिवक्ता अविलाश कुमार ने बताया कि उन्होंने घटना की लिखित शिकायत जब अरगोड़ा थाना में करने पहुंचे तो थाने में प्राथमिकी दर्ज नही किया गया। इसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की थी। जिसमें हाईकोर्ट में 06 मई को सूची में रखा गया। हाईकोर्ट के द्वारा तीन दिनों के अंदर इस मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था। जिसके बाद अरगोड़ा थाना में आनन-फानन में पुलिस ने एक माह बाद इस मामले में एफआईआर दर्ज की है।


AFFIDAVIT

Series No. 23-24/UI...14183

I, Akshat s/o Amarjeet Kumar, resident of 2/D Dayanand Enclave Ashok Kunj, Doranda, Opposite Ashok Nagar, Gate No.3, Doranda, Ranchi, Jharkhand-834002 do hereby solemnly affirm and declare as follows:

1. That I passed class 10th from st. Thomas school Dhurwa, Ranchi being Roll No./Registration No. 1223286/031 Unique ID 7627078 in the year 2022.
2. That passing certificate was issued to me, which has been lost somewhere and was totally traceless inspite of my best efforts.
3. That I have not got admitted in any educational institution by that said passing certificate.
4. That the same certificate has neither been seized not rejected by any authority.
5. That I am in need of the said passing certificate of Class 10th in 2nd copy, hence it is necessary to take oath, hence this is correct.

sworn & signed on 8th May by AFFIDAVIT Ref. No. 91

व अदालत
प्रधान न्यायधीश, कुटुम्ब न्यायालय, रांची
ओरिजिनल सूट न० 800/2024

बुद्धदेव उरांव, उम्र 32 वर्ष, पिता मंगरा उरांव, पता ग्राम तारागड्डू, पोस्ट- गुनिया, थाना- घागरा, जिला-गुमला, झारखंड, वर्तमान पता ग्राम खिजरी, पोस्ट थाना+नामकुम, जिला- रांची, झारखंड 834010 ..... आवेदक

बनाम्

गीता कुमारी, उम्र 26 वर्ष, पति- बुद्धदेव उरांव, पिता कुज्जू उरांव, पता ग्राम- चुटियो, पोस्ट- बयासी, जिला- रांची, झारखंड ..... विपक्षी

नोटिस बनाम् :- गीता कुमारी, उम- 26 वर्ष, पति- बुद्धदेव उरांव, पिता- कुज्जू उरांव, पता ग्राम- चुटियो, पोस्ट- बयासी, जिला- रांची, झारखंड

चूं बजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित किया जाता है कि वादी/आवेदक ने आपके विरूद्ध उपरोक्त अदालत में ओरिजिनल सूट न० 800/2024 धारा 27 (ब), विशेष विवाह अधिनियम, 1954 का मुकदमा दाखिल किया है, जिसने आपको नजारत एवं डाक के द्वारा नोटिस भेजा गया किन्तु आप उपरोक्त वाद में आप अभी तक उपस्थित नहीं हुए हैं।

अतः आपको इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आज दिनांक 20/05/25 को समय 10:30 बजे पूर्वाहन स्वंय या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें अन्यथा आपकी गैर हाजिरी में मुकदमें की सुनवाई एकपक्षीय की जाएगी।

इसे सख्त ताकिद जाने

यह नोटिस अदालत के मुहर एक हस्ताक्षर से आज दिनांक 06/05/25 को जारी किया गया।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

शुद्धि पत्र /सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–06/2025–.26 ,PR संख्या–351585(Building)24-25*D द्वारा प्रकाशित निविदा, ग्रुप सं0– 02 ,कार्य का नाम– Deep Boring and Electrical work in Aanganbadi Kendra ,Punai, Panchayat - Punai,Block- Daru Dist- Hazaribag (20360060602) को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 352060 Building(25-26)#D

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI
Nirupan Bhawan, 3rd Floor, Room No. 401, 56-Set, Doranda, Ranchi-834002

Invitation of Proposal (e-procurement Tender Notice)
Letter of Invitation (LOI) No.-5/2025-26 (4th Call)
NATIONAL COMPETITIVE BIDDING
e-Tender Ref No–RCD/PID/RANCHI/5/2025-26 Date:-05.05.2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for the Preparation of comprehensive plan for development /improvement of Road Network of Roads / Flyovers / Ring-Roads / ROB's / Bypass etc., under the State of Jharkhand. |
| 2 | Tentative Area | For entire State of Jharkhand - ( Area - Approx 80,000 $Km^2$ ) |
| 3 | Period of Completion of Work | 180 Days |
| 4 | Cost of Tender documents | Cost of Tender Document Rs 10,000/- (Ten Thousand only) Earnest Money Deposit Rs- 5,00,000/- (Rupees Five Lakhs only) **As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through eprocurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no 120 dated 03.10.2023.** |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 13.05.2025,17:00 PM |
| 7 | Last Date/Time of Submission of Bid | 03.06.2025 12:00 Noon |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 04.06.2025 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | Executive Engineer, Planning and Investigation Division,RCD, Ranchi, Mob No.-9471650883 |
| 11 | Advt. no. | PR 333555(Road) 24-25 (D) |

Note:- Only e-Tender shall be accepted.

Executive Engineer,
Planning & Investigation Division,
Road Construction Department, Ranchi

PR 352050 Road (25-26)_D

# मास्को में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने की मुलाकात

- आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में समर्थन पर जताया रूस का आभार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** मास्को में रूसी राष्ट्रपति पुतिन से भारत के रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में समर्थन के लिए आभार जताया। श्री सेठ, द्वितीय विश्व युद्ध में विजय की 80वीं वर्षगांठ पर रूस में आयोजित समारोह में भारत की ओर से भाग लेने गये हैं। श्री सेठ ने आतंकवाद के खिलाफ भारत के पीएम मोदी के नेतृत्व में चल रही लड़ाई में रूस के समर्थन के लिए आभार जताया। रक्षा राज्य मंत्री ने पुतिन से मुलाकात और विजय दिवस समारोह की तस्वीरों के साथ सोशल मीडिया पर यह जानकारी साझा की है।

**सैन्य सहयोग पर चर्चा**

श्री सेठ की ओर से साझा की गयी जानकारी के अनुसार, इस बैठक में बहुआयामी सैन्य और सैन्य-तकनीकी सहयोग पर सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि हमने मौजूदा संस्थागत तंत्र के ढांचे के भीतर इन संबंधों को और गहरा करने पर सहमति जताई। भारत और रूस भविष्य में भी नियमित परामर्श जारी रखेंगे और बदलती स्थिति में आपसी सहयोग बढ़ायेंगे। इसके पहले संजय सेठ द्वितीय विश्व युद्ध के बलिदानी सैनिकों की समाधि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भी शामिल हुए। मास्को में आयोजित विजय दिवस परेड में पहले भारत की ओर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भाग लेने वाले थे। माना जा रहा है कि भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव को देखते हुए उन्होंने अपनी यात्रा स्थगित कर दी।

रक्षा राज्य मंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अपनी रूस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलकर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। 80वें विजय दिवस की वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित भोज में भारत का प्रतिनिधित्व किया। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में रूस के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ रूसी उप रक्षा मंत्री कर्नल जनरल अलेक्जेंडर फोमिन के साथ द्विपक्षीय बैठक में शामिल हुए। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, जो कि रांची से भाजपा के सांसद भी हैं, गुरुवार को रूस की राजधानी मास्को पहुंचे थे। भारत के राजदूत विनय कुमार और रूस रक्षा मंत्रालय के मेजर जनरल ओलेग मोलेसेव ने उनका स्वागत किया। इसके बाद वह रूसी उप रक्षा मंत्री कर्नल जनरल अलेक्जेंडर फोमिन के साथ द्विपक्षीय बैठक में शामिल हुए।

# आर्मी इंटेलिजेंस व एटीएस ने श्री गणेश आर्मी स्टोर, बूटी मोड़ में की छापामारी

- सेना की प्रतिबंधित वर्दी और कपड़े बरामद
- सेना की वर्दी से जुड़े मामले की सेना की स्पेशल टीम कर रही है जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राजधानी रांची आर्मी इंटेलिजेंस और एटीएस की टीम ने सेना की वर्दी से जुड़े मामले को लेकर छापेमारी की है। छापेमारी में प्रतिबंधित वर्दी के कपड़ों को आर्मी इंटेलिजेंस और एटीएस ने जब्त किया है।

**क्या है पूरा मामला :** आर्मी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार लखनऊ मिलिट्री इंटेलिजेंस से मिली विशेष सूचना के आधार पर झारखंड एटीएस और एमआई ने रांची में संयुक्त अभियान चलाकर श्री गणेश आर्मी स्टोर की तलाशी ली। इस दौरान दीपाटोली कैंट के सामने बूटी मोड़ के पास श्री गणेश आर्मी स्टोर से भारतीय सेना की लड़ाकू वर्दी और अनधिकृत सेना के लड़ाकू कपड़े बरामद किए गये हैं। इस मामले में विस्तृत जांच जारी है। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी ने बताया कि सेना के अधिकारियों के द्वारा दो लोगों को थाना लाया गया था। इस मामले में उन्होंने बताया कि उनकी स्पेशल टीम इसकी जांच कर रही है, जो एफआईआर दर्ज करायेगी। जिसमें किसी प्रकार की प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है। दोनों व्यक्तियों को पूछताछ के बाद थाना से छोड़ दिया गया है।

गौरतलब है कि बूटी मोड़ के पास भारतीय सेना के दो कैंप हैं। श्री गणेश आर्मी स्टोर में भारतीय सेना के कई तरह के सामान मिलते हैं। वहां वर्दी की सिलाई भी होती है। आर्मी इंटेलिजेंस की ओर से श्री गणेश आर्मी स्टोर की जांच के दौरान किस तरह की जानकारियां हासिल हुई हैं, इसे सुरक्षा के दृष्टिकोण से साझा नहीं किया गया है। झारखंड एटीएस की टीम के साथ वहां स्थानीय पुलिस के रूप में सदर थाना की टीम भी मौजूद थी।

## मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा के रक्तदान शिविर में दो यूनिट रक्त संग्रह



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा के सत्र (2025 - 26) विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल की अध्यक्षता में रक्तदान शिविर लगाया गया। रक्तरदान शिविर का आयोजन शुक्रवार को सेवा सदन अस्पताल में किया गया। रक्तदान प्रभारी पायल जैन और संयोजिका कोमल पोद्दार ने पूरे कार्यक्रम के आयोजन में महती भूमिका अदा की और लोगों से रक्तदान करने का आग्रह किया।

मौके पर शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल ने कहा कि एक इंसान रक्तदान कर दूसरे इंसान को जीवनदान दे सकता है। शाखा की कोशिश रहती है कि हर साल रक्तदान में समर्पण शाखा एक नया कीर्तिमान हासिल करे। शिविर में दो यूनिट रक्त संग्रह किया गया। रक्तदान करनेवालों को शाखा की ओर से रक्तदान का प्रमाण पत्र और जूस दिया गया।

# सुखदेव नगर इलाके से ब्राउन शुगर सहित युवक गिरफ्तार

- 0.90 ग्राम ब्राउन शुगर व मोबाइल जब्त
- गुप्त सूचना पर सुखदेव नगर पुलिस ने की छापामारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** राजधानी में नशा कारोबारियों के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी है। पुलिस ने सुखदेव नगर इलाके से ब्राउन शुगर सहित एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस की गिरफ्त में आया अभियुक्त महेश कुमार प्रसाद, न्यु मधुकम, शांति नगर, महुआ टोली का रहने वाला है। अभियुक्त के पास से 0.90 ग्राम ब्राउन शुगर व मोबाइल जब्त किया गया है।

इस संबंध में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सुखदेवनगर थाना अन्तर्गत मधुकम खजुरिया मैदान, थाना सुखदेव नगर जिला रांची के पास अवैध नशीले पदार्थों की खरीद-बिक्री हो रही है। उक्त सूचना के आलोक में पुलिस अधीक्षक नगर के नियंत्रण में एक टीम का गठन किया गया। गठित छापामारी टीम के द्वारा सुखदेवनगर थाना अन्तर्गत न्यु लायंस कल्ब, थाना सुखदेवनगर जिला रांची पहुंचने के उपरान्त पुलिस बल को देख भागने के क्रम में युवक महेश कुमार प्रसाद को पकड़ा गया। मौके पर पुलिस टीम के द्वारा विधिवत उसके शरीर की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में पकड़ाये गये युवक महेश कुमार प्रसाद के पास से एक पारदर्शी प्लास्टिक के पुड़िया में सिल्वर फॉईल में लपेटा हुआ 01 पुड़िया ब्राउन शुगर जैसा पदार्थ जिसका वजन करीब 0.90 ग्राम व दो मोबाईल जब्त किया गया है। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने जब्त की गयी पुड़िया के संदर्भ में बताया कि इस पुड़िया में मादक पदार्थ ब्राउन शुगर है, जिसकी खरीद-बिक्री करते हैं। पुलिस के द्वारा मौके पर अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में सुखदेवनगर थाना में कांड संख्या- 239/25 दर्ज किया गया है।

पुलिस टीम में प्रकाश सोय, पुलिस उपाधीक्षक कोतवाली रांची, मनोज कुमार, पुनि सह थाना प्रभारी, सुखदेवनगर थाना, पुअनि अभिषेक कुमार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### योगदा सत्संग महाविद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित



**रांची।** योगोदा सत्संग महाविद्यालय की एनएसएस यूनिट 2 और एनसीसी ने संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर का उद्घाटन महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर प्रगति बक्शी , सीवीएस निदेशक कर्नल हिमांशु शेखर, परीक्षा नियंत्रक डॉ राधा श्याम दे, एनएसएस यूनिट 2 कार्यक्रम अधिकारी डॉ श्वेता सिंह, परिसर प्रबंधक रवि सिंह एवं रिम्स ब्लूड बैंक की प्रभारी कविता देवघरिया ने किया और एनएसएस स्वयंसेवकों ने अपने प्रिय गुरूजी के आशीर्वाद से शिविर की शुरूआत की। शिविर में कॉलेज के सभी वर्गों से बड़ी संख्या में शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी और एनएसएस स्वयंसेवक रक्तदान करने के लिए आगे आए। एनसीसी कैडेट और एनसीसी एएनओ डॉ. अभिषेक पांडे भी अभियान में शामिल हुए। रिम्स की चिकित्सा टीम ने सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए रक्तदान प्रक्रिया को सुचारु रूप से संचालित किया। इस अभियान ने न केवल राष्ट्रीय आपातकालीन प्रतिक्रिया में योगदान दिया, बल्कि छात्रों और कर्मचारियों में कर्तव्य और जिम्मेदारी की भावना भी जगाई। अभियान का समापन सफलतापूर्वक हुआ, जिसमें कॉलेज की सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्रीय सेवा के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई गई। जिसमे 35 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया।

### मादक पदार्थ तस्करी मामले में 10 साल की कठोर कारावास

**रांची।** सिविल कोर्ट रांची के अपर न्यायायुक्त आठ की अदालत ने शुक्रवार को छह साल पुराने मादक पदार्थ तस्करी मामले में अभियुक्त दानिश उर्फ विक्की को 10 साल की कठौर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर भारी-भरकम जुमार्ना लगाया गया है। जुमार्ने की राशि नहीं देने पर उसे अतिरिक्त सजा काटनी होगी। अदालत ने उसे 5 मई को दोषी ठहराया था। कर्बला चौक निवासी दानिश को लोअर बाजार पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 19 जुलाई 2019 को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया था। मामले में प्राथमिकी तत्कालीन पुलिस निरीक्षक सतीश कुमार ने प्राथमिकी दर्ज की थी। तलाशी में उसके पॉकेट से ब्राउन शुगर के 12 पुड़िया पुलिस ने बरामद किया था। जिसका वजन 5 .525 ग्राम था। मामले में सुनवाई के दौरान एपीपी मनोज कुमार ने अनुसंधान पदाधिकारी बैजनाथ कुमार समेत अन्य की गवाही दर्ज कराई थी। जिसके आधार पर अदालत ने अभियुक्त को दोषी पाकर कठोर सजा सुनाई है।

### लोअर बाजार पुलिस ने वारंटी को भेजा जेल

**रांची।** लोअर बाजार थाना की पुलिस ने शुक्रवार को वारंटी अफताब को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस की गिरफ्त में आया वारंटी डंगराटोली का रहनेवाले है। जिसके खिलाफ मेंटेनेंस मामले में न्यायालय के द्वारा वारंट निर्गत की गई थी।

### देवर्षि नारद जयंती पर विश्व संवाद केंद्र 15 को पत्रकारों को करेगा सम्मानित

**रांची।** रांची के कांके रोड स्थित विश्व संवाद केंद्र स्थित कार्यालय में शुक्रवार को एक बैठक आयोजित की गई। इसमें यह निर्णय लिया गया कि आगामी देवर्षि नारद जयंती के अवसर पर पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। विश्व संवाद केन्द्र के सचिव संजय जैन ने बताया कि 15 मई को सम्मान समा में पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वालों को तीन श्रेणियों में देवर्षि नारद पुरस्कार-2025 प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इनमें वरिष्ठ पत्रकार, महिला पत्रकार और नवोदित पत्रकार की तीन श्रेणियां हैं। उन्होंने बताया कि इस पुरस्कार के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की जा रही हैं। पांच सदस्यीय चयन समिति गठित की गई है, जिसके संयोजक चंदन मिश्र (वरिष्ठ पत्रकार) होंगे। चयन समिति प्राप्त प्रविष्टियों का मूल्यांकन कर पुरस्कार चयन करेगी। उन्होंने बताया कि प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 12 मई निर्धारित की गयी है। इच्छुक पत्रकार विश्व संवाद केंद्र के ईमेल: vskjharkhand@gmail.com और कार्यालय में अपने आवेदन जमा कर सकते हैं।

# भारत माता की जय के नारों के गूंजा पहाड़ी मंदिर

- सेना की सलामती के लिए की भोलेनाथ की पूजा

**खबर मन्त्र टीम**



**रांची।** पहलगाम में आतंकियों की कायराना हरकत के खिलाफ भारतीय सेना के 'ऑपरेशन सिंदूर' से पाकिस्तान में खलबली मची हुई है। दूसरी ओर भारत के युवा अपनी सेना की सलामती और दुश्मन पर विजय के लिए पूजा अर्चना में जुटे हुए हैं। रांची के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर में युवाओं की टोली ने भगवान भोलेनाथ की पूजा की। उनके हाथों में कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साथ भारत माता की तस्वीर थी। इस दौरान पुजारी ने भारतीय सेना की विजय के लिए मंत्रोच्चार किया। पूजा के बाद युवाओं ने भारत माता की जय, हर-हर महादेव, भारतीय सेना जिंदाबाद, हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाये। युवाओं ने कहा कि पहलगाम हमले पर पीएम नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जो कहा, वह करके दिखाया है।

रांची में गणतंत्र और स्वतंत्रता दिवस के साथ-साथ हर देशभक्ति से जुड़े मौके पर तिरंगा यात्रा से लेकर अलग-अलग कार्यक्रम करने के लिए चर्चित युवा उत्तम कुमार ने बताया कि पहाड़ी बाबा के दरबार से कोई खाली हाथ नहीं जाता है। इसलिए उनसे विनती की गई कि भारत के दुश्मनों को मिट्टी में मिलाना होगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ड्रोन से हमला करने की कोशिश कर रही है। उन हमलों को भारतीय सेना ने नाकाम कर दिया। भारतीय फौज ने जिस तरह से जवाब दिया है, उसको पाकिस्तान कभी नहीं भूल पाएगा। अब पूरी दुनिया जान चुकी है कि भारतीय फौज कितनी ताकतवर है।

बता दें कि रांची में रातू रोड के पास एक पहाड़ी पर भगवान भोले नाथ का मंदिर है। यहां पूजा अर्चना के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। सावन माह में यहां शिवभक्तों की जबरदस्त भीड़ जुटती है। कहा जाता है कि आजादी से पहले अंग्रेज पहाड़ी के भोले नाथ मंदिर के पास स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी दिया करते थे। लिहाजा, आजादी के बाद से पहाड़ी मंदिर पर स्वतंत्रता और गणतंत्र दिवस पर तिरंगा फहराया जाता है।

## रांची से लूटा गया ट्रक लातेहार से बरामद, दो गिरफ्तार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कोतवाली थाना पुलिस ने ट्रक लूटकांड का खुलासा करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने घटना में शामिल दो अपराधी विशाल पंडित (मनिहारी, कटिहार) और चंदन कुमार तिवारी (पाटन, पलामू) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से लूट की 407 टाटा ट्रक (जेएच01सीयू-2742) जब्त की है। इस संबंध में कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि गुरुवार को सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के शिव शक्ति नगर में रहनेवाले सुनिल कुमार यादव के द्वारा कोतवाली थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। जिसमें बताया गया था कि 06 मई की रात्रि में 407 टाटा ट्रक को अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा लूट लिया गया है। अनुसंधान के क्रम में काण्ड के अनुसंधानकर्ता पुअनि अनुज प्रसाद यादव के द्वारा काण्ड में लूटा गया 407 टाटा ट्रक को लातेहार जिला अंतर्गत मनिका थाना क्षेत्र से बरामद किया गया है। पुलिस ने मौके पर दो अभियुक्त विशाल पंडित और चन्दन कुमार तिवारी को गिरफ्तार किया है। इस घटना में अपराधकर्मियों के द्वारा एक स्थानीय लड़का को भी हल्ला करने की संभावना देखकर गाड़ी में बैठा कर ले जाया गया था, जिसे रातू रोड में उतार दिया गया था। गिरफ्त में आये दोनों अभियुक्तों का पूर्व में आपराधिक इतिहास रहा है।

## पूरा देश सेना के साथ है एकजूट : भाकपा



**रांची।** भाकपा के राज्य सचिव महेंद्र पाठक और पार्टी के जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा कि सेना के साथ पूरा देश एकजूट है। उन्होंने शुक्रवार को कहा कि हमारे देश की सेना पाकिस्तान में आतंकवादियों को मार रही है। हमें हमारे देश की सेना पर गर्व है। पाकिस्तान पहले भी भारत के हाथों कई बार युद्ध हार चुका है। युद्ध और आतंकवाद से लड़ने की स्थिति में पूरा देश एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए एक साथ खडा है। पार्टी नेताओं ने कहा कि हम सभी देशवासी अपनी सेना के साथ मिलकर पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देंगे। वहीं महेंद्र पाठक ने बताया कि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए 11 मई को अल्पसंख्यक अधिकार मंच की ओर से आयोजित होनेवाले कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है।

# रांची एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन पर बरती जा रही विशेष सतर्कता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के मद्देनजर झारखण्ड की राजधानी रांची में शुक्रवार को सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गयी है। रांची एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

एयरपोर्ट पर केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की टीम स्निफर डॉग की मदद से यात्रियों के सामान की जांच कर रही है। एयरपोर्ट के एंट्री गेट पर भी यात्रियों की कड़ी जांच की जा रही है। इसी तरह रांची रेलवे स्टेशन सहित राज्य के अन्य स्टेशनों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है। रेलवे स्टेशनों पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान गहनता से जांच करते देखे जा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि रांची एयरपोर्ट से हर दिन औसतन 25 से 27 विमान अलग-अलग शहरों के लिए उड़ान भरते हैं। यहां से दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, चेन्नई, बेंगलुरु, पटना, पुणे से लिए सीधी विमान सेवा उपलब्ध है। रांची के रेलवे स्टेशन से भी देश के अलग अलग राज्यों के लिए प्रतिदिन दर्जनों रेल गाड़ियां का परिचालन होता है।

# निगम प्रशासक ने शहर के स्वच्छता व्यवस्था का लिया जायजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**रांची।** रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत नागरिक सुविधा प्रदान करने एवं शहर में संपूर्ण स्वच्छता व्यवस्था हेतु निगम द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इस संदर्भ में शुक्रवार को प्रशासक, रांची नगर निगम संदीप सिंह के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया गया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। इस क्रम में उनके द्वारा कचहरी चौक, नागा बाबा खटाल वेजिटेबल मार्केट से मछली घर होते हुए पूरे मोरहाबादी क्षेत्र तक का भ्रमण निगम के पदाधिकारियों के साथ किया गया। निरीक्षण के क्रम में उनके द्वारा मार्ग पर अवस्थित मॉड्यूलर टॉयलेट एवं मोराबादी स्थित एरोबिक बायो टॉयलेट की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया एवं स्वास्थ्य शाखा के पदाधिकारियों को प्रतिदिन इसके साफ-सफाई की मॉनिटरिंग करने एवं ब्लीचिंग पाउडर का नियमित छिड़काव करने का निर्देश दिया गया। उनके द्वारा स्वच्छता शाखा की टीम को निर्देश दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में शहर के मुख्य पथों पर डंप कूड़ा ना दिखे तथा सुपरवाइजर इसकी निगरानी करें। साथ ही मोराबादी क्षेत्र में प्रतिदिन सुबह साफ-सफाई के कार्य जल्दी की जाए ताकि मॉर्निंग वॉकर्स को एक स्वच्छ वातावण मिल सके। इसके अलावा पूरे क्षेत्र में पेड़ों की टहनियों की ट्रिमिंग करने का निर्देश दिया गया। उनके द्वारा मोराबादी रजिस्ट्री ऑफिस के समीप भूमि पर निगम स्तर से इंदौर की तर्ज पर फूड हब के रूप में विकसित करने हेतु योजना तैयार करने का निर्देश सम्बन्धित पदाधिकारियों को दिया गया।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान अपर प्रशासक संजय कुमार, उप प्रशासक रविंद्र कुमार, उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू, नगर प्रबंधक, स्वच्छता शाखा एवं स्वास्थ्य शाखा की टीम के लोग उपस्थित थे।

## लैंड यूज में संशोधन में देरी पर प्रशासक से मिला चेंबर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बाजार टांड स्थित दुकानों के किराया विवाद और मास्टर प्लान-2037 के लैंड यूज में संशोधन में हो रही देरी को लेकर अध्यक्ष परेश गट्टानी के नेतृत्व में चेंबर का प्रतिनिधिमंडल नगर प्रशासक संदीप कुमार सिंह से मिला। नगर प्रशासक के कार्यालय में हुई मुलाकात में प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि वर्षों से इस समस्या के समाधान का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन निगम ने अब तक इस दिशा में पहल नहीं की है। चेंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने बताया कि निगम किराया समाधान के रूप में योजना लाकर दुकानों को रेगुलराइज करने की पहल करे। इससे निगम को भी राजस्व मद में करोड़ों रूपए मिलेंगे। मास्टर प्लान के लैंड यूज में संशोधन के लिए शहरवासियों की ओर से दिये गये सुझाव पर कार्रवाई नहीं होने से भू मालिकों को हो परेशानियों पर भी प्रतिनिधिमंडल ने चिंता जताई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इन संशोधनों के बिना भू मालिक अपनी भूमि का प्रभावी ढंग से उपयोग नहीं कर पा रहे हैं।

नगर प्रशासक संदीप कुमार सिंह ने जल्द ही दोनों मुद्दों पर अधिकारियों के साथ एक बैठक कर आगे की कार्रवाई का आश्वागसन दिया।

**सेवा सदन के पास जल जमाव का होगा समाधान :** वहीं बारिश में शहर में होनेवाले जल-जमाव पर चिंता व्यक्त करते हुए आरएमसी उप समिति के चेयरमेन अमित शर्मा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष इस कठिनाई से शहरवासियों को जूझना पडता है। उन्होंने कहा कि बरसात के समय सेवा सदन पथ का दूषित पानी और वर्षा जल निकासी की उपयुक्त सुविधा नहीं होने से इस क्षेत्र की दुकानें और घर जलमग्न रहते हैं। इससे इस क्षेत्र के लोगों को काफी असुविधा होती है। प्रतिनिधिमण्डल के आग्रह पर नगर प्रशासक ने मौके पर ही अधिकारियों को शनिवार से बड़ा तालाब क्षेत्र में जल जमाव की समस्या को दूर करने के लिए कार्रवाई के लिए निर्देश दिया।

प्रतिनिधिमण्डल में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, आरएमसी उप समिति के चेयरमेन अमित शर्मा, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, रोहित पोद्दार और पूर्व अध्यक्ष मनोज नरेडी सहित अन्य शामिल थे।

# देश में भारत-पाक के बीच तनाव को लेकर रिम्स में 50 बेड तैयार

- रिम्स निदेशक प्रो (डॉ) राज कुमार की अध्यक्षता में किसी भी आकस्मिकता से निपटने की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रिम्स निदेशक प्रो ( डॉ ) राज कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव की स्थिति को देखते हुए किसी भी आकस्मिकता से निपटने की तैयारी को लेकर बैठक हुई। रिम्स निदेशक के कार्यालय में हुई बैठक में जो निर्णय लिए गए उनमें बेड की उपलब्धता के लिए न्यू ट्रॉमा सेन्टर, पेइंग वार्ड और कॉटेज में 50 बेड फिलहाल चिन्हित किया गया है। साथ ही जरूरत पडने पर बेडों की संख्या बढ़ाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में कहा गया कि सभी 50 बेड में मॉनिटर और ऑक्सीजन की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

इसके अलावा बैठक में एक मल्टी डिसिप्लीनरी टीम का गठन करने का निर्णय लिया गया। इसमें जिन विभागों से चिकित्सक और रेजीडेंट उपलब्ध रहेंगे। इनमें न्यूरो सर्जरी के दो, सर्जरी से दो, अस्थि रोग विभाग से दो, औषधि विभाग से दो, प्लास्टिक सजरी से एक, नेत्र रोग विभाग से दो, कान नाक और गला विभाग से दो, निश्चेतना विभाग से दो चिकित्सक, चार रेजीडेंट चिकित्सक, डेन्टल से मैक्सीसलोफेसियल सर्जन के दो चिकित्सक, डीजीएमओ के छह, चिकित्सजक शामिल हैं। इसके अलावा यह टीम जरूरत पड़ने पर चिकित्सकीय और प्रशासनिक कार्यों के लिए भी उपलब्धता सुनिश्चित करेगी।

साथ ही आकस्मिकता से निपटने के लिए 50 स्टाफ नर्स, 50 पारामेडिकल स्टाफ, 15 व्हील चेयर और 16 ट्रॉली रिजर्व रखे जायेंगे। सभी भंडारों में औषधि, सर्जिकल सामानों और अन्य सामानों की सातों दिन चौबीस घंटे उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। यह मल्टी डिसिप्लीनरी टीम हर दिन बैठक कर अद्यतन रिपोर्ट से निदेशक को अवगत करायेगी।

बैठक में रिम्स के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक, अपर चिकित्सा अधीक्षक, उपाधीक्षक, ट्रॉमा सेन्टर प्रभारी, प्रशासनिक पदाधिकारी, प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

## श्री श्याम मंदिर अग्रसेन पथ में श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित

**रांची।** श्री श्याम मण्डल, रांची द्वारा अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मन्दिर में शुक्रवार को खाटू नरेश श्याम बाबा को चांदन द्वादशी के पावन अवसर पर संध्या सात बजे से नौ बजे तक श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमा का भोग अर्पित किया गया। इस भोग के मुख्य यजमान आचार्य श्याम सुन्दर भारद्वाज ने अपने पूरे परिवार राधेश्याम भारद्वाज, नटवर लाल भारद्वाज के साथ श्याम बाबा को खीर चूरमा का भोग अर्पित किए। सर्वप्रथम मण्डल के अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश बागला, मंत्री धीरज बंका एवं भारद्वाज परिवार द्वारा गणेश पूजन कर मन्दिर में विराजे वीर बजरंगबली एवं शिव परिवार का भी पूजन कर विभिन्न प्रकार के फल एवं मिष्ठान अर्पित कर श्री श्याम प्रभु को खीर चूरमे का भोग अर्पित किया। इस अवसर पर पूरा मन्दिर परिसर हारे के सहारे की जय- लखदातार की जय जयकारों के गूंज उठा। खीर चूरमा का भोग श्री श्याम मन्दिर में ही निर्मित किया गया था, जिसे 350 से ज्यादा भक्तजनों प्रसाद स्वरूप प्राप्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश सारस्वत, प्रियांश पोद्दार, प्रदीप अग्रवाल, महेश सारस्वत, जितेश अग्रवाल, नितेश लखोटिया, विकाश पाडिया का सहयोग रहा।

**खबर एक नजर में**

## डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल, रांची ने विज्ञान प्रदर्शनी में प्राप्त किया द्वितीय स्थान



**रांची।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर बीआईटी मेसरा, रांची में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर एक बार फिर अपनी प्रतिभा की श्रेष्ठता को सिद्ध किया है। शुक्रवार को विद्यालय की प्रात:कालीन प्रार्थना सभा में प्राचार्य बिपिन राय ने विजयी छात्रों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल पहनाकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि इस विज्ञान प्रदर्शनी में राजधानी के 15 प्रतिष्ठित सीबीएसई से संबंधित विद्यालयों के लगभग 100 विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किये गये थे। इसमें डीएवी हेहल द्वारा प्रस्तुत 10 उत्कृष्ट मॉडलों को सम्मिलित रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। विशेष उल्लेखनीय है कि विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्र उत्कर्ष सहाय, अनमोल सिंह एवं मोहित कुमार जैन द्वारा तैयार स्पेक्ट्रोमीटर मॉडल को विशेष सराहना प्राप्त हुई तथा इसी मॉडल ने निर्णायक मंडली से द्वितीय स्थान अर्जित किया। विद्यालय परिवार इस उपलब्धि को एक प्रेरणास्रोत मानते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करने हेतु प्रतिबद्ध है। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका अजन्ता कुमारी एवं सरस्वती राय नवाचार को बढ़ावा देने के लिये सतत प्रयत्नशील रहती हैं, जिससे विद्यालय के बच्चे लाभान्वित होते हैं।

## श्री श्याम मंदिर के नवम स्थापना महोत्सव पर भक्तों ने बाबा के दरबार में लगाई अर्जी

**रांची।** हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मोहिनी एकादशी के विशेष दिन के अवसर पर सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों की भीड़ लगी रही। सुबह के प्रात: कालीन श्रृंगार के बाद श्रृंगार आरती 8:30 बजे में भक्तगण अपनी अर्जी के साथ बाबा के दरबार में हाजिरी लगाते हुए दिखे। एकादशी का दिन श्याम भक्तों के लिए विशेष दिन होता है। दोपहर के विश्राम के बाद बाबा श्याम का द्वितीय अनुपम संध्या श्रृंगार किया गया। कोलकाता से मंगाए गए फूलों की मालाओं से बाबा श्याम को अद्भुत रूप से सजाया गया। एकादशी संकीर्तन का मुख्य कार्यक्रम रात्रि 9:30 बजे से मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। मंडल के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ऊषा श्याम नारसरिया एवं परिवार के सदस्यों के साथ खाटू नरेश के दिव्य पावन अखंड ज्योति प्रज्वलित की। नारसरिया परिवार ने अखंड ज्योति में फल पेड़ा मेवा रबड़ी एवं मगहीपान अर्पित कर बाबा के आगे अपनी अर्जी लगाई। मंडल के उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया मंत्री श्याम सुंदर शर्मा मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया सलज अग्रवाल सोनू ने प्रथम सभी देवी देवताओं की वंदना भजन करके आज के कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद धनबाद से आए रोमित बंसल एवं आशीष सिंघल ने बाबा श्याम के दरबार में बड़े ही प्रिय भजनों से भक्तों को देर रात्रि तक झुमाए रखा। अनुज मोदी अशोक शर्मा साकेत ढांढनिया किशन शर्मा दिनेश अग्रवाल रोशन खेमका लोकेश जालान आशुतोष खेतान सर्वेश अग्रवाल प्रकाश सरावगी आदि सभी ने भजनों की हाजिरी लगाकर अपने आराध्य को मनाया। एकादशी संकीर्तन में भोग लगने के बाद मंदिर में आए सभी दर्शनार्थियों को निरंतर प्रसाद का वितरण किया गया। देर रात्रि आरती के साथ एकादशी संकीर्तन का समापन किया गया। रबड़ी प्रसाद सेवा अन्नपूर्णा सरावगी फल प्रसाद सेवा एक श्याम भक्त गिरीगोला सेवा मुकेश मित्तल मगही पान सुभाष रौनक पोद्दार मुकेश बरनवाल पंचमेवा भोग सेवा प्रशांत वंदना खेमका शंकर रश्मि रानी चौरसिया विशेष श्रृंगार सेवा ओमप्रकाश ललिता वैभव शिल्पा मानवी छावनीका नवीन बागा सेवा डॉक्टर खुशबू गर्ग द्वारा निवेदित की गई थी। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष श्रवण ढानढनिया उपाध्यक्ष प्रदीप राजगढ़िया मंत्री गौरव अग्रवाल मोनू मंत्री श्यामसुंदर शर्मा कोषाध्यक्ष पंकज गाड़ोदिया उपमंत्री अनिल नारनौली रतन शर्मा राजेश कतारुका वेदभूषण जैन आदि सैकड़ो भक्तों ने बाबा के दरबार में हाजिरी लगाई।

## राष्ट्रीय रोड सेफ्टी मिशन ओलंपियाड में शारदा ग्लोबल के विद्यार्थियों का अभूतपूर्व प्रदर्शन



**रांची।** 19 जनवरी 2025 को आयोजित राष्ट्रीय रोड सेफ्टी मिशन ओलम्पियाड में विद्यालय के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। छात्रों ने विभिन्न स्तर पर अपना परचनम लहराते हुए मेडल्स एवं सर्टिफिकेट्स प्राप्त किया, जो छात्रों के कठिन परिश्रम एवं विद्यालय के उचित निर्देशन का परिणाम है। विद्यालय छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में दक्षता प्रदान कर रहा है ताकि छात्र समाज एवं देश के लिए भविष्य में अपनी जिम्मेदारी सही ढंग से निभा सके। 'रोड सेफ्टी' विषय पर छात्रों के गहरे ज्ञान ने उन्हें राष्ट्रीय स्तर प्राप्त करने का गौरव प्रदान किया है। विद्यालय के छात्र अपनी अद्भुत क्षमता एवं कठिन परिश्रम से केवल झारखण्ड राज्य ही नहीं बल्कि राज्य से बाहर अन्य राज्यों में भी विद्यालय की प्रतिष्ठा स्थापित कर रहे हैं। विजयी विद्यार्थियों में सान्वी सलोनी, अयान प्रसाद, हंसल परमार, आरुष साहू शामिल हैं।

विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ. रंजना स्वरूप एवं प्राचार्या ने विद्यार्थियों की इस विशिष्ट उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ अन्य स्पर्धाओं में भी हिस्सा लेते रहने से छात्रों के मनोबल में वृद्धि एवं ज्ञानार्जन भी होता रहता है।

# बीआईटी मेसरा में बायो इंजीनियरिंग फॉर हेल्थकेयर पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित


**खबर मन्त्र ब्यूरो**




**रांची।** बीआईटी मेसरा में जाने-माने विशेषज्ञों ने फ्रंटियर्स इन ट्रांसलेशनल बायो इंजीनियरिंग फॉर हेल्थकेयर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रभावशाली सत्रों में हिस्सा लिया। हेल्थ टेक्नोलॉजी एवं रिसर्च में आधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। प्रोफेसर सॉमेन दास ने ऑर्गन ऑन अ चिप और लैब ऑन अ चिप तकनीकों पर अपने विचार प्रस्तुत किये। उन्होंने पशु ट्रायल एवं आधुनिक व्यक्तिगत चिकित्सकीय देखभाल को रिप्लेस करने में इन तकनीकों की क्षमता पर रोशनी डाली। प्रोफेसर हरीशकुमार मध्यस्थ ने रीजनरेटिव मेडिसिन में पॉलीमेरिक नैनोमटीरियल्स की क्षमता एवं चुनौतियों पर विचार प्रस्तुत किये। साथ ही, घाव भरने में इनके अनुप्रयोग पर विशेष फोकस किया। प्रोफेसर अतुल गोयल ने आधुनिक फ्लोरोसेन्ट लेबलिंग सिस्टम तथा बोन रीजनरेशन में बायोडीग्रेडेबल बोन इम्प्लान्ट के भविष्य पर विचार रखे। प्रोफेसर दीपांकर बंदोपाध्याय ने डायग्नॉस्टिक्स, ब्लड विस्कॉसिटी और म्युकिन के साथ आयोनिक लिक्विड इंटरैक्शन्स में रियोलोजिकल अध्ययनों के महत्व पर विचार रखे। डॉ नरेश कुमार मणि ने पेपर आधारित सेंसर और रासायनिक परीक्षणों का प्रदर्शन करते हुये कम लागत की चिकित्सा तकनीकों की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ गोराचंद दत्ता ने मलेरिया की जांच के लिए नॉन इनोवेसिव सलाईवा आधारित इलेक्ट्रोकैमिकल सेंसर को पेश किया। प्रोफेसर राम बिलास पचोरी ने शाइजोफ्रेनिया की जांच के लिये आधुनिक न्यूरल सिगनल प्रोसेसिंग पर चर्चा की। प्रोफेसर सुप्तेन सरबाधिकारी ने डिजिटल स्वास्थ्य एवं बायोमेडिकल इन्फोर्मेटिक्स के मौजूदा परिवेश की समीक्षा की। अंत में, प्रोफेसर रवि प्रकाश तेवारी ने बायोमैकेनिक्स के बुनियादी सिद्धांतों एवं अनुप्रयोगों को पेश किया।

## यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया बर्कले में एसबीयू के आठ विद्यार्थियों का हुआ चयन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** अमेरिका के शीर्षस्थ विश्वविद्यालयों में शुमार यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले में सरला बिरला विश्वविद्यालय के आठ विद्यार्थियों का 'स्टडी अब्रॉड कार्यक्रम' के तहत अध्ययन के लिए चयन हुआ है।

चयनित विद्यार्थियों में भावना आनंद, आकांक्षा रानी, हर्ष गुप्ता, शशांक पांडेय, सौंदर्या, भैया आयुष सिन्हा, साहिबा खान एवं श्रुति साव के नाम सम्मिलित हैं।

वर्ष 2022 में यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, बर्कले में बर्कले यूनिवर्सिटी इंटरनेशनल स्टडी प्रोग्राम के निदेशक प्रो. ट्रौंड पीटरसन एवं सरला बिरला विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति प्रो. गोपाल पाठक के बीच हुए शैक्षणिक करार के तहत अब उक्त छात्रों को वृहत शैक्षणिक परिवेश में पठन-पाठन का अवसर मिल सकेगा। साथ ही उन्हें नवीनतम और शोधपरक जानकारियां भी उपलब्ध हो पाएंगी। राज्य के शैक्षणिक जगत के लिए भी यह हर्ष का विषय है।

एसबीयू के विद्यार्थियों के चयन पर विवि की कुलाधिपति जयश्री मोहता, प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, विवि के शासी निकाय के सदस्य अनंत जाटिया, महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, कुलपति प्रो. सी. जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली में रविंद्रनाथ टैगोर की जयंती धूमधाम से मनाई गई



**सिल्ली।** डीएवी महात्मा आनंद स्वामी पब्लिक स्कूल, सिल्ली में गुरुवार को कवि, दार्शनिक और नोबेल पुरस्कार विजेता गुरुदेव रविंद्रनाथ टैगोर की 164वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने रवींद्र संगीत प्रस्तुत किये और टैगोर के जीवन और उनके योगदान को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि से हुई जिसमें विद्यालय की प्राचार्या सुश्री बी. शरण ने अपने संबोधन में टैगोर के शिक्षण दर्शन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। बंगाली महीने बैसाख (आमतौर पर अप्रैल या मई) के 25वें दिन प्रतिवर्ष मनाया जाने वाला यह दिन साहित्य, संगीत, कला और शिक्षा के क्षेत्र में महान व्यक्ति गुरु रविंद्र नाथ टैगोर जी की असाधारण योगदान का सम्मान करता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिका तथा विद्यार्थियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# राहगीरों के लिए जान लेवा साबित हो रहा है हेसल रिंग रोड टॉल प्लाजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के हेसल रिंग रोड टॉल प्लाजा राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो गया है। टॉल प्लाजा के पास दुर्घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है। ग्रामीणों का कहना है कि टॉल प्लाजा प्रबंधन की लापरवाही का नतीजा है बार-बार हो रही है दुर्घटनाएं। जानकारी के अनुसार टॉल प्लाजा के पास 22 फरवरी 2024 से अबतक छोटी बड़ी 18 सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। इन दुर्घटनाओं में आधा दर्जन से अधिक लोगों को जान गवनी पड़ी है। 08 मई की रात में भी करीब आठ बजे टॉल प्लाजा के पास एक बाईक सवार युवक को जान गवाना पड़ा। युवक हजारीबाग जिला अन्तर्गत मेरू थाना क्षेत्र का रहने वाला था और वह जमशेदपुर से वापस अपने घर हजारीबाग लौट रहा था। टॉल प्लाजा के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। तत्काल उसे पीएचसी अनगड़ा ले जाया गया। टॉल प्लाजा में कार्यरत महिला स्वास्थ्यकर्मी चक्रवर्ती देवी के द्वारा उसके हार्ट को पम्पिंग कर बचाने का प्रयास किया गया लेकिन युवक को नहीं बचाया जा सका

**क्यों हो रही है बार-बार दुर्घटनाएं :** लोगों का कहना है कि टॉल प्लाजा के आगे और पीछे बीच सड़क पर बड़े-बड़े वाहन खड़े रहते हैं। जिसके चलते आने-जाने वाले वाहनों को पता नहीं चल पाता है और बाईक सवार वाहनों की चपेट में आ जाते हैं। इसके लिए कई बार आन्दोलन भी हुआ और टॉल प्लाजा प्रबंधन से वाहनों को टॉल प्लाजा से तीन सौ मीटर आगे और तीन सौ मीटर पीछे खड़ा नहीं करने की मांग की गयी थी लेकिन अब तक वाहनों को हटाने की व्यवस्था नहीं की गयी है। टॉल प्लाजा प्रबंधन को चाहिए कि वे अपने कर्मियों को इस काम के लिए लगाएं और किन्हीं को सड़क के बीच में वाहन नहीं लगाने दें। इसके अलावे टॉल प्लाजा के आगे और पीछे चौड़ी सड़क पर डिवाईडर बनाने की मांग की गई थी लेकिन डिवाईडर भी प्रबंधन की ओर से अभी तक नहीं बनाया गया है। लोगों ने टॉल प्रबंधन से डिवाईडर बनाने और वाहनों को टॉल प्लाजा के सामने लगने नहीं देने की मांग की है।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में 'ग्रैण्ड पैरेंट्स डे' समारोह मना

- 'वात्सल्यं 2025' में बच्चों ने जीवन के अनसुने स्वरों को रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत किया



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में कक्षा दो के विद्यार्थियों द्वारा दादा-दादी एवं नाना-नानी को समर्पित 'ग्रैण्ड पैरेंट्स डे' समारोह 'वात्सल्यं 2025' का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन का थीम था 'रिवर्बरेशन : ईकोज ऑफ लाइफ', जिसमें जीवन के अनसुने स्वरों को रचनात्मक प्रस्तुतियों के माध्यम से जीवंत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुआ, जो अंधकार से प्रकाश और अज्ञान से ज्ञान की ओर अग्रसर होने का प्रतीक माना जाता है। इसके पश्चात छात्रों ने स्वागत गान और रंगारंग नृत्य के माध्यम से आगंतुकों का आत्मीय स्वागत किया। विद्यालय की वाइस हेड गर्ल ने सत्र 2024-25 की वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें विद्यालय द्वारा प्राप्त की गई विविध उपलब्धियों का संक्षिप्त उल्लेख किया गया। कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रही कक्षा दो के सभी वर्गों द्वारा प्रस्तुत की गई विविध विषयों पर आधारित लघु प्रस्तुतियां, जिनमें समाज के विभिन्न वर्गों की अनसुनी आवाजों को मंच पर लाने का सराहनीय प्रयास किया गया।

प्रस्तुतियां निम्न प्रकार रहीं : स्पेक्ट्रम ऑफ स्ट्रेंथ : बच्चों की आंतरिक शक्ति और उनकी अनकही भावनाओं को दर्शाती प्रस्तुति, विक्रम वीर : विशेष रूप से सक्षम व्यक्तियों के संघर्ष और साहस पर आधारित प्रभावशाली मंचन, हट्र्स विदाउट वॉल्स : अनाथ बच्चों की संवेदनशीलता और अभिव्यक्ति को उजागर करती भावनात्मक प्रस्तुति, पावर विदिन : बाल श्रमिकों के अधिकारों और उनके जीवन के संघर्ष की मार्मिक झलक, स्वर्णिम पथ : समाज के वृद्धजनों की उपेक्षित संवेदनाओं को सम्मानपूर्वक प्रस्तुत करता कार्यक्रम एवं ट्रायम्फ एंड ट्रैंक्विलिटी : जीवन की सहज विजय और शांति को रेखांकित करती सुंदर प्रस्तुति। प्रत्येक कार्यक्रम ने एकता, साहस और आत्मबल का संदेश दिया, और दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। समापन में विद्यार्थियों द्वारा धन्यवाद ज्ञापन, विद्यालय गीत तथा राष्ट्रीय गान प्रस्तुत किया गया, जिसने सभी उपस्थितजनों के हृदय में सम्मान, प्रेम और आत्मीयता की भावना उत्पन्न की। 'वात्सल्यं 2025' न केवल एक आयोजन रहा, बल्कि यह जीवन की विविधता और पारिवारिक मूल्यों का उत्सव बन गया, जो सभी उपस्थितजनों के लिए स्मरणीय एवं प्रेरणादायक अनुभव रहा।

विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि बुजुर्ग परिवार की जड़ें होते हैं और उनका अनुभव बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों और उनके दादा-दादी एवं नाना-नानी के मध्य प्रेमपूर्ण संबंध और भी गहरे होते हैं।

## डालसा और रोटरी क्लब ने बांटा बोतलबंद पानी



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झालसा के निर्देश और न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में शुक्रवार को डालसा, रांची एवं रोटरी क्लब ऑफ अपटाउन की ओर से अल्बर्ट एक्का चौक से राजेंद्र चौक तक ट्रैफिक पुलिस और अन्य लोगों में बोतलबंद पानी बांटा गया। प्रचंड गर्मी को देखते हुए डालसा की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित गया गया।

इस अवसर पर एलएडीसी चीफ, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, एलएडीसी सहायक, शिवानी सिंह, रोटरी क्लब रांची की सदस्य, रूमा चटर्जी, रूपा मुखर्जी, सीमा सिंह, रचना बाली, संगीता प्रसाद, ममता पांडे, रंजना प्रसाद, नितिका शर्मा, पीएलवी सम्पा दास सहित अन्य सदस्य उपस्थित थीं।

मौके पर डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने कहा कि बढ़ती गर्मी के कारण कड़ी धूप में काम करने से शरीर में पानी की कमी हो जाती है। पानी की कमी को पूरा करने के लिए ही डालसा की ओर रोटरी क्लब, रांची के सहयोग से पानी का बोतल और जीरा पानी का बोतल का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दी, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो। उल्लेखनीय है कि पिछले चार-पांच दिनों से झारखंड के विभिन्न जिलों में भीषण गर्मी पड़ रही है। इसके कारण दैनिक मजदूर, खुले सार्वजनिक स्थानों पर तैनात व्यक्ति, फूठपाथ पर रहनेवाले छोटे विक्रेता, यातायात पुलिस और अन्य लोग प्रभावित हो रहे हैं।

# शहीद लांस नायक राजकुमार महतो की प्रतिमा क्षतिग्रस्त, लोगों में भारी आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता



**अनगड़ा।** प्रखंड के मासू मिलन चौंक स्थित शहीद लांसनायक राजकुमार महतो की आदमकद प्रतिमा को शुक्रवार को अहले सुबह क्षतिग्रस्त पाया गया। आशंका जताई जा रही है कि रात को ही शरारती तत्वों ने बलपूर्वक मूर्ति को गिरा दिया है। प्रतिमा टूटने संबंधी घटना की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। सूचना पाकर शहीद की पत्नी जयप्रभा महतो सहित काफी संख्यां में ग्रामीण प्रतिमा स्थल पर इक्ठा हो गए। और सड़क पर बैठ कर घटना के प्रति विरोध प्रकट किया। तथा घटना से आक्रोषित लोगों धरना प्रदर्शन करने लगे। साथ ही प्रशासन से प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने वाले शरारती तत्व को चिन्हीत कर गिरफ्तार करने की मांग की। सूचना पाकर घटना स्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी हिरालाल शाह ने ग्रामीणों को आशवासन दिया कि यदि किसी ने प्रतिमा को तोड़ने का दुःसाहस किया है तो उसे अविलम्ब गिरफ्तार किया जाएगा। फिलहाल प्रतिमा को खड़ा कर दिया गया है। मौके पर सखीचंद महतो, गबेश्वर महतो, गोवर्धन महतो, रामपोदो महतो, हरिलाल महतो, सुरेंद्र महतो, कारीनाथ महतो, जगरनाथ महतो, दुर्गा महतो, मदरा मुंडा, शिवलाल महतो, नरेश साहू, सुधांशु महतो, सूरज नारायण महतो, कृष्णा भगत आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे। ज्ञात हो कि लांस नायक राजकुमार महतो अनगड़ा प्रखंड के मासू गांव के रहने वाले थे। आतंकवादियों से लड़ते हुए 04 जून 2004 को जम्मू कश्मीर के बारामूला के पूंछ सेक्टर में शहीद हो गए थे। उनकी शहादत को याद रखने के लिए मासू मिलन चौंक में उनकी प्रतिमा स्थापित की गयी थी।

# सिल्ली में शौर्य सम्मान शोभायात्रा निकाली गयी




खबर मन्त्र संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत गुरुवार के दिन भारत सरकार के महत्वपूर्ण मिशन ऑपरेशन सिंदूर के सफलता के बाद देशभक्त लोगों ने शौर्य सम्मान सह शोभायात्रा ग्राम विकास विद्यालय से निकाल कर जश्न मनाया। शोभा यात्रा में सभी समुदायों के काफी देश भक्तों ने हिस्सा लिया। शोभा यात्रा का नेतृत्व गोपाल केडिया एवं दुर्गा अग्रवाल कर रहे थे। शोभा यात्रा के दौरान देशभक्त भारत माता की जय,पाकिस्तान मुदार्बाद एवं वंदे मातरम इत्यादि का नारा पूरे जोश खरोश के साथ लगा रहे थे। लोगों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की वीरता और देश के प्रति आस्था का प्रतीक है। हमलोग यह शोभायात्रा देश के वीर सैनिकों का सम्मान में आयोजित किये ताकि हमारे देश के वीर सैनिकों का मनोबल हमेशा ऊंचा रहे एवं दुश्मनों को माकूल जवाब दे सकें। इस आयोजन से पूरा सिल्ली क्षेत्र भावुक हो गया और लोगों ने बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया साथ ही एकता का जबरदस्त प्रदर्शन किया।

# पुलिस के दबाव से आरोपी ने किया सरेंडर

खबर मन्त्र संवाददाता

**मांडर।** थाना क्षेत्र के ब्राम्बे गांव में 5 मई की रात हुई उन्नीस वर्षीय अमिता खलखो की गोली लगने से मौत के मामले के आरोपी दीपक कुमार ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया है। मांडर पुलिस के अनुसार रातू के काटू लहना निवासी दीपक कुमार उर्फ दीपक गोप को घटना के बाद से ही पुलिस उसकी गिरफ्तारी में लगी हुई थी। पुलिस के दबाव के कारण ही उसने कोर्ट में सरेंडर किया है। उसे रिमांड में लेने के बाद ही अमिता हत्याकांड का खुलासा होने की उम्मीद है। बताते चलें कि अमिता चान्हो थाना क्षेत्र के कमाती गांव की रहने वाली थी और वह पांच मई को ब्राम्बे स्थित अपने जीजाजी के घर के बगल में एक शादी समारोह में शामिल होने पहुंची थी और उसी रात को गोली लगने से उसकी मौत हो गई थी।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–08/2025–.26**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम | : | कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 2. | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | : | दिनांक 17.05.2025 के अपराह्न 1.00 बजे तक |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | : | दिनांक 19.05.2025 को 3.00 बजे अपराह्न तक |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | : | दिनांक 19.05.2025 को अपराह्न 3.30 बजे |
| 5. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | : | 1) कार्यपालक अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन प्रमण्डल, हजारीबाग में। 2) अधीक्षण अभियंता, या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा भवन अंचल, हजारीबाग में। |
| 6 | निविदा प्राप्ति का स्थान | : | 01) ) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,भवन प्रमण्डल , हजारीबाग। |

| क्र. सं. | कार्यकानाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of Residence of S.E. BCD, Building , District- Hazaribag | 4883000/- | 98000/- | 5000/- | 4 Month |

निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 352053 Building(25-26)#D


# मृतक के शव के साथ बुढ़मू थाना के समक्ष सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता



**बुढ़मू।** गुरुवार को दीवाल प्लास्टर करने को लेकर उत्पन्न विवाद में मृत बुजुर्ग अफजल अंसारी के मामले को लेकर शुक्रवार को भी जमकर बवाल हुआ। शुक्रवार की सुबह लगभग दस बजे सैकड़ों ग्रामीण मृतक के शव के साथ बुढ़मू थाना गेट के समक्ष सड़क जाम कर दिया। जाम से बुढ़मू ठाकुर गांव, बुढ़मू-मांडर मुख्य पथ में लगभग दो किमी तक वाहनों की लंबी कतार लग गयी। उग्र ग्रामीण अफजल की मौत मामले का आरोपी संजय साहू को जेल भेजने की मांग पर अड़े थे। ग्रामीणों के उग्र प्रदर्शन को देखते हुए भारी संख्या में महिला पुरूष बटालियन के अलावे रैप के जवानों की तैनाती की गयी थी।उग्र ग्रामीण थाना में पथराव के साथ थाना गेट तोड़ने पर आमादा थे। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। लगातार दूसरे दिन भी छावनी में तब्दील बुढ़मू थाना में विधि व्यवस्था को लेकर बेड़ो डीएसपी अशोक राम, मांडर सर्किल इंपेक्टर शशिभूषण चौधरी, सीओ सचिदानंद बर्मा, बीडीओ धीरज कुमार उपस्थित थे।

### ग्रामीण एसपी पहुंच किया जांच

लगातार दूसरे दिन हंगामा, तोड़ फोड़ की सूचना पर ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल बुढ़मू पहुंचकर हंगामा कर रहे लोगों से बात किया। ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल एवं प्रशासन के बीच वार्ता के बाद ग्रामीणों ने जाम हटाया और मृत अफजल को सुपुर्दे खाक किया। इस दौरान ग्रामीण एसपी ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया की मामले की गहन जांच की जा रही है किसी भी परिस्थिति में दोषी नहीं बक्शे जाएंगे और निर्दोष को सजा भी नहीं मिलेगी। उन्होंने करवाई केलिये पोस्टमार्टम रिपोर्ट के इंतजार की बात

### बाल बाल बचे प्रखंड अंजुमन कमिटी के सदर शमीम बाड़े हार

ग्रामीणों के हंगामे,तोड़ फोड़ के बीच मामले का निपटारा केलिये प्रशासन से वार्ता करने वाली कमिटी के सदस्य सह प्रखंड अंजुमन कमिटी के सदर शमीम बाड़े हार जैसे ही थाना से बाहर निकले कुछ ग्रामीणों ने उनपर पत्थरों समेत अन्य चीजों से हमला बोल दिया। बाड़े हार को किसी प्रकार पुलिस जवानों ने पुनः थाना के अंदर ले गये व थाना के मुख्य गेट को बंद कर दिया जिससे उनकी जान बच गयी। मामले को लेकर शमीम बाड़े हार ने मुश्ताक अंसारी समेत अन्य दस बारह लोगों के विरुद्ध जान मारने की नीयत से भीड़ को उकसाने एवं हमला करने का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया है। हमले में बाड़े हार को हल्की चोटें भी आयीं है।


e-Procurement Cell
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI
(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

**Short Term e-Procurement Notice**
Date – 09-05-2025

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/08/2025-26 | Renovation of Multipurpose Hall in Judges Colony at Kanke Road, Ranchi | 5804400 | Two Month |
| 2 | Start Date of Submission of Bids | | 16-05-2025 at 11.00 AM | |
| 3 | Last Date/Time of Submission of Bids | | 23-05-2025 at 11.00 AM | |
| 4 | Date/Time of Opening of Bid | | 24-05-2025 at 11.00 AM | |
| 5 | Helpline Number of e-procurement Cell | | 8527519262 | |
| 6 | e-mail ID | | eebcddiv1ranchi@gmail.com | |

Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in
Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR 352046 Building (25-26)_D


# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय को लेकर आदिवासी छात्र संघ मंत्री से मिले



**रांची।** आदिवासी छात्र संघ ने उच्च शिक्षा तकनीकी मंत्री डॉ सुद्विय कुमार सोनू से मिल के आदिवासी छात्र संघ के उठाई गई मांग डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय का नाम परिवर्तन कर शाहिद वीर बुधु भगत विश्वविद्यालय रांची करने को लेकर उच्च शिक्षा तकनीकी मंत्री से मिलकर बधाई एवं धन्यवाद दिया। इस मौके पर आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष अमृत मुंडा, दीपिका कच्छप, कार्यकारी अध्यक्ष दयाराम, बादल भोक्ता, उपाध्यक्ष सुनील सोरेन, वसीम भाई, अभिषेक राज, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अमनदीप मुंडा मौजूद थे।

# ऑटो से टकरा कंटेनर पलटा सड़क जाम

खबर मन्त्र संवाददाता


ओरमांझी में सड़क में पलटी कंटेनर वाहन।

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के इरबा में शुक्रवार को एक आटो से कंटेनर पलट गया गया। शाम 4:30 बजे हुई दुर्घटना के संबंध में बताया गया कि इटखोरी निवासी बिनोद कुमार साव अपने आटो जेएच01ईडी-1648 से अपनी पत्नी व भतिजी को लेकर रांची जा रहा था। जैसे ही इरबा बिजली ऑफिस के पास आटो पहुंची। पिछे से जा रही कंटेनर एमएच, 04केयू-4233 ओवर टेक करने के दौरान आटो के साइड से टक्कर मार दिया। टक्कर लगते ही एक ओर आटो व दूसरी दूसरी ओर बिच सड़कपर कंटेनर भी पटल गया। आटो में सवार लोगों को मामूली चोट लगी है। वहीं कंटेनर के फोर लेन में पलटने से सड़क की एक लाईन जाम हो गई। जिससे सड़क पर वाहनों की लाइन लग गई। वहीं सड़क से गुजर रहे एक जेसीबी मषीन की मदद से कंटेनर को सड़क से किनारे किया गया। जिसके बाद जाम खुली, जाम खुलने के बाद भी जाम में फंसे वाहन सरक-सरक कर आगे बढ रही थी। जिसके कारण घंटो जाम की स्थिति बनी हुई थी। पुलिस द्वारा दोनो दुर्घटना ग्रस्त वाहन को जब्त कर लिया गया है।


## झारखण्ड सरकार
## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा

**अल्पकालीन तालाब बन्दोबस्ती वित्तीय वर्ष 2025–26 सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निर्धारित तिथि को अपर समाहर्त्ता, सिमडेगा/जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा के कार्यालय कक्ष में दिनांक– 29.05.2025 को पूर्वाह्न 11:30 बजे में ठेठईटांगर/केरसई अंचल स्थित राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती खुला डाक द्वारा किए जाने की सूचना दी जाती है। जिन राजस्व जलकरों की बन्दोबस्ती दिनांक– 29.05.2025 को नहीं हो पाएगी उन तालाबों की बंदोबस्ती दिनांक– 05.06.2025 को की जाएगी। बंदोबस्ती अवधि वित्तीय वर्ष 2025–26 से 2027–28 (1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2028) तक के लिए है।

1. डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को डाक बोली के पूर्व सुरक्षित जमा राशि का 20 प्रतिशत, प्रतिभूति राशि के रूप में जमा करना होगा। डाक समाप्त होने पर उच्चतम डाक वक्ता को छोड़कर बाकी प्रतिभागियों की प्रतिभूति राशि वापस कर दी जाएगी एवं उच्चतम डाक वक्ता की प्रतिभूति राशि उच्चतम डाक की राशि में समायोजित की जाएगी तथा डाक वक्ता द्वारा प्रत्येक वर्ष उक्त डाक राशि तीन वर्षों तक कार्यालय में भुगतान की जाएगी। डाक में भाग लेने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपना पहचान पत्र लाना अनिवार्य है।
2. डाक की स्वीकृति के पश्चात् उच्चतम डाक वक्ता को संबंधित एकरानामा करना अनिवार्य है एवं अद्योहस्ताक्षरी से परवाना प्राप्त किये बिना उक्त जलकर में उच्चतम डाक वक्ता कोई कार्य नहीं करेंगे। बंदोबस्त तालाब का निबंधन, निबंधन कार्यालय द्वारा निर्धारित राशि का स्टॉम्प शुल्क देकर निबंधन कराना अनिवार्य है। निबंधन के पश्चात् ही कार्यालय से परवाना निर्गत किया जाएगा।
3. अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी समय किसी भी बोली को बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

जलकरों की सूचीः–

| क्र0 सं0 | जलकरों का नाम | ग्राम | पंचायत | प्रखण्ड | खाता सं0 | प्लॉट सं0 | रकबा सं0 | जलक्षेत्र | सुरक्षित जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 15 | 16 |
| 1 | मुण्डलटोली तालाब | मुण्डलटोली | बाघचट्टा | ठेठईटांगर | - | 406 | 0.50 | 0.40 | 3000.00 | |
| 2 | कोरोंजो तालाब | कारोंजो | दुमकी | ठेठईटांगर | - | 1550 | 0.36 | 0.30 | 8000.00 | |
| 3 | कोनबेगी तालाब | कोनबेगी | बाघचट्टा | ठेठईटांगर | 43 | 1100 | 1.63 | 1.30 | 4000.00 | |
| 4 | गोरारजोर तालाब | गोरारजोर | गोरारजोर | केरसई | 132 | 601 | 0.20 | 0.18 | 3000.00 | |
| 5 | केरसई तालाब | केरसई | केरसई | केरसई | 236 | 5901 | 0.15 | 0.12 | 3000.00 | |

जिला मत्स्य पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 352020 Simdega(25-26).D


# श्रीरामकथा के अंतिम दिन 101 कन्याओं की पूजा

## रामयण हमें दूसरे की संपति हमारी नही का संदेश देता है : अतुलै

खबर मन्त्र संवाददाता


कार्यक्रम के मंच पर उपस्थित पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास।

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के कुच्चू में नवनिर्मित श्रीश्री 1008 शिव शक्ति हनुमत प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ सह श्रीराम कथा के अंतिम दिन प्राण प्रतिष्ठा पूणार्हूति, महापूजन, यज्ञ विश्राम व 101 कन्याओं का पुजन किया गया। वहीं रात्रि में वृंदावन के अंतराष्ट्रीय कथावाचक श्री अतुलकृष्ण भारद्वाज जी महाराज द्वारा श्रीराम कथा का आयोजन हुआ। श्रीरामकथा का प्रसंग सुनाते हुए उन्होने कहा दूसरों की सम्पति चाहे कितनी भी मुल्यवान हो उस पर हमारा कोई अधिकार नहीं है। चैदह वर्ष वनवास के बाद अयोध्या पहुंचे पर श्रीराम का आयोध्या वासी खुशियों से झूम उठे थें। श्रीराम कथा के माध्यम से श्री अतुल कृष्ण भारद्वाज ने कहा रामायण हमें जीने के तरीके सिखाती है। रामायण हमें आदर सेवा भोग, त्याग व बलिदान के साथ दूसरों की सम्पत्ति पर हमारा कोई अधिकार नही का ज्ञान देती है। कथा प्रंसग में उन्होने कहा भगवान कण-कण में विराजमान है। हमे समाज में दीन दुखियों जरूरत मंदो की सेवा करनी चाहिए। भगवान श्रीराम ने भी दीन-दुखियों, वनवासी आदिवासियों के कष्ट दूर करते हुए उन्हें संगठित करने का कार्य किया था। संगठित शक्ति के द्वारा ही समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर की जा सकती है।

# सिगीद गांव में तीन दिवसीय अखंड हरिनाम कीर्तन का हुआ शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड के तेलवाडीह पंचायत अंतर्गत सिगीद गांव के हरि मंदिर में तीन दिवसीय अखंड हरिनाम कीर्तन का शुभारंभ शुक्रवार सुबह किया जायेगा। अखंड हरिनाम कीर्तन में कीर्तन उस्ताद पार्टी लखन ठाकुर, रजनीकांत पांडेय, ललन दास, कमल दास, प्रथम महतो, हरिदास कोईरी की टीम के द्वारा कीर्तन करेंगे। कीर्तन को लेकर आयोजन समिति के सदस्य सभी तैयारी की समीक्षा किया है। पूरे गांव भक्तिमय वातावरण में मंदिर में स्थापित राधा कृष्ण प्रतिमा पर श्रद्धा के पुष्प अर्पित कर रहे है।


## MINISTRY OF ROAD TRANSPORT & HIGHWAYS, NEW DELHI
## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## NATIONAL HIGHWAYS DIVISION, GUMLA.
E-mail: eenhgumlajhr@gmail.com & eenhgumla-jhr@nic.in

**Notice Inviting Bid(2nd Call)**

Bid/ Package no.- **NH/Gumla/EPC/01/2025-26** Dated-**09.05.2025**

RFP for **Construction of HL Bridges at Ch.195/2, Ch.198/2, Ch.198/3, Ch. 199/4, Ch. 208/1, Ch.208/4, Ch.210/1, Ch.211/1 on NH-143 (old NH-23) in the State of Jharkhand.** The Ministry of Road Transport & Highways through **Chief Engineer, National Highway Wing, Jharkhand, Ranchi** is engaged in the development of National Highways and as part of this endeavor, it has been decided to undertake **Construction of HL Bridges at Ch.195/2, Ch.198/2, Ch.198/3, Ch. 199/4, Ch. 208/1, Ch.208/4, Ch.210/1, Ch.211/1 on NH-143 (old NH-23) in the State of Jharkhand** through an Engineering, Procurement and Construction (EPC) Contract. [The Ministry of Road Transport & Highways/ ~~National Highways Authority of India~~ / State Public Works Department/~~Border Road Organization~~ represented by its DG(RD)&SS / ~~Chairman~~ / CE (NH) PWD State ~~/ DGBR~~] now invites bids from eligible contractors for the following project:

| State | NH No. | ICB No. | Name of Work | Estimated Cost (In Rs. Cr.) | Completion Period | Maintenance period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Jharkhand | 23 | | Construction of HL Bridges at Ch.195/2,Ch.198/2, Ch.198/3, Ch. 199/4, Ch. 208/1, Ch.208/4, Ch.210/1, Ch.211/1 on NH-143 (old NH-23) in the State of Jharkhand on EPC mode. (JOB No: -NH-143 (OLDNH-23)/JHR/202425/03) | 27.4611622 (including GST and Labour Cess and all other taxes) | 18 (Eighteen Months) | 10 (Ten years) after Completion |

The complete BID document can be viewed / downloaded from official portal of the CPPP website https://eprocure.gov.in/eprocure/app from 13.05.2025 to 09.06.2025 (up to 15:00 Hrs. IST). Bidder must submit its financial bid and Technical Bid at https:// eprocure.gov.in/eprocure/app on or before 09.06.2025 (up to15:00 Hrs.). Bids received online shall be opened on 10.06.2025. (at 15:00 hours IST).

Bid through any other mode shall not be entertained. However, Bid Security as form E-Bank Guarantee/ Insurance surety Bond, Receipt of document fee, Power of Attorney and Joint Bidding Agreement etc. shall be submitted physically by the Bidder on or before 09.06.2025 (at 15:00 hours IST), Please note that the Ministry/Authority/ Executing Agency reserves the right to accept or reject all or any of the BIDs without assigning any reason whatsoever.

Tender document fee of **Rs. 10,000/-(Rupees Ten thousand only)** shall be submitted through "BHARATHKOSH" portal towards payment of cost of Bid document [PAO (NH), Kolkata code No. 034756 and DDO Code No. 202122 Purpose: Sale of Tender Documents.] through online payment only. The **GST of Rs. 1800/-** (Rs. One Thousand Eight hundred only) applicable on the sale of tender document shall also be submitted through "BHARATHKOSH" portal towards payment of cost of Bid document [PAO (NH), Kolkata code No. 034756 and DDO Code No. 202122.

**Sd/-Executive Engineer National Highway Division, Gumla**
**Phone No. 8789523476**
**Email id: eenhgumlajhr@gmail.com**

PR 352071 (Road)25-26*D


# तिलता बगीचा में लगा 12 एवं 21 पड़हा जतरा महोत्सव

# आदिवासी कला और संस्कृति की दिखी झलक

- पाहन ने इष्ट देवता को दी बलि
- मांदर की थाप पर थिरके युवा

खबर मन्त्र संवाददाता


जतरा में उमड़ी भीड़।

**रातू।** तिलता बगीचा में शुक्रवार की शाम 12 एवं 21 पड़हा जतरा महोत्सव आयोजित किया गया। जतरा खूंटा की पूजा अर्चना कर इसकी शुरूआत की गयी। शनिचारवा पाहन ने इष्ट देवता को मुर्गे की बलि देकर अच्छी बारिश व फसल की कामना की। दर्जनभर खोड़हेधारी पारंपरिक वेश-भूषा के साथ गीत-नृत्य प्रस्तुत किया। इसमें आदिवासी कला और संस्कृति की झलक देखने को मिली। युवक-युवति मांद? की थाप पर थिरक उठे। रंपा-चंपा आकर्षण के केंद्र रहे। समिति ने पड़हा राजा समेत खोड़हेधारियों को पुरस्कृत किया। महोत्सव में केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष नारायण उरांव बतौर मुख्य व मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के प्रतिनिधि कांग्रेस नेता मो मोजिबुल्लाह विशिष्ट अतिथि थे। संचालन शिवनाथ गोप ने किया। जतरा को सफल बनाने में पूर्व जिप सदस्य और संरक्षक अमर उरांव, ग्राम प्रधान सामु टोप्पो, पंचम उरांव, परन उरांव, लाला टोप्पो, हुसे उरांव, विश्वनाथ उरांव, अजय लकड़ा, ज्योति भगत, राजेश लकड़ा, सोनी कच्छप, जौरा उरांव, लुकस कच्छप, विजय मुंडा, मकसूदन तिग्गा, बसंत उरांव, आदि की सराहनीय भूमिका रही।

### कलाकारों ने बिखेरी छटा

कला एवं संस्कृति विभाग के कलाकारों ने फागु उरांव की अगुआई में रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। सांस्कृतिक प्रतियोगिता भी हुयी। कलाकारों ने दर्शक व श्रोताओं का जमकर मनोरंजन किया।वहीं, आर्केस्ट्रा में पायल म्यूजिकल ग्रुप ने खूब धमाल मचाया। यहां सभी तरह की दुकानें सजी थी। लोगों ने मिठाई समेत घरेलु चीजों की खरीदारी की। ठेला–खोमचा, चाऊमीन व श्रृंगार प्रसाधन वालों की चांदी रही। महिला और बच्चों ने झूले का लुत्फ उठाया।

# सड़क हादसे में युवक से घायल

**मांडर।** मांडर- बुढ़मू मुख्य पथ पर स्थित हात्मा के निकट शुक्रवार शाम हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार जतरगढ़ी, भरनो, बेड़ो निवासी 25 वर्षीय कार्तिक टाना भगत डकरा जा रहा था इसी दौरान उक्त स्थान के निकट एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगो ने उसे रेफरल अस्पताल मांडर लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रिम्स रेफर कर दिया गया।

# रेटिंग का जोखिम

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से दोनों देशों के लिए ऋण जोखिम भी बढ़ेगा। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने गुरुवार को यह बात कही। रेटिंग एजेंसी ने दोनों देशों को सकारात्मक परिदृश्य के साथ बीबीबी- और सीसीसी+ (स्थिर परिदृश्य) रेटिंग दे रखी है। एजेंसी ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में उसे संप्रभु क्रेडिट रेटिंग पर तत्काल कोई प्रभाव नहीं दिखता है। अगले दो से तीन सप्ताह तक तनाव के उच्च स्तर पर बने रहने की आशंका है और दोनों पक्षों की ओर से बड़ी सैन्य कार्रवाई की जा सकती है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बयान में कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच शत्रुता शुरू होने से क्षेत्रीय ऋण जोखिम बढ़ गया है। हमारा मूलभूत तर्क यह है कि तीव्र सैन्य कार्रवाई अस्थायी है, जिससे लंबे समय तक सीमित और छिटपुट टकराव का रास्ता बनेगा।भारतीय सशस्त्र बलों ने मंगलवार एवं बुधवार की दरमियानी रात पाकिस्तान एवं उसके कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकवादी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए हैं, जिनमें बहावलपुर में जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ और मुरीदके में लश्कर-ए-तैयबा का ठिकाना शामिल है। एसएंडपी ने कहा कि उसका अनुमान है कि भारत मजबूत आर्थिक वृद्धि बनाए रखेगा, जिससे क्रमिक राजकोषीय सुधार जारी रह सके। दोनों देशों के पास मौजूदा तनाव को लंबे समय तक जारी रखने का कोई आधार नजर नहीं आता। रेटिंग एजेंसी ने पिछले सप्ताह अमेरिकी व्यापार नीति पर अनिश्चितता का हवाला देते हुए वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत के वृद्धि अनुमान को 6.5 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया था। युद्ध भारत पर आतंकी गतिविधियों के बहाने थोपा गया है लेकिन देश एक लोकतांत्रिक जबावदेह देश भी है।

## आज का राशिफल

**मेष :** कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष :** यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन :** शनै-शनै स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। लाभदायक कार्यो की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यो को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगे। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह :** कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या :** अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु :** धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ :** पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन :** भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-3-5-6

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिन: -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा


# भारत का आतंक पर कभी न भूलने वाला प्रहार

भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' से यह साबित कर दिया है कि वह अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं बल्कि आतंक के सभी प्रारूपों और स्रोतों पर निर्णायक और सर्जिकल प्रहार करने वाला राष्ट्र बन चुका है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह भारत ने सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों पर निशाना साधते हुए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया, उसने न केवल पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाई बल्कि भारत की नई सैन्य नीति को भी स्पष्ट कर दिया कि अब हम चुप नहीं बैठेंगे बल्कि आतंक के जन्मस्थल तक जाएंगे और वहां आग लगाएंगे। यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह उस बदले हुए भारत की घोषणा थी, जो अब बातों से नहीं, बमों से जवाब देता है, जो कूटनीति की किताब बंद करके अब अपने लड़ाकू विमानों और मिसाइलों की बोली में संवाद करता है। भारतीय वायुसेना ने जब पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के अड्डों पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो यह महज जवाबी हमला नहीं था, यह स्पष्ट संदेश था कि भारत अब किसी आतंकी की मांद को भी सुरक्षित नहीं छोड़ेगा, चाहे वह सरहद के इस पार हो या उस पार।

ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य स्पष्ट था, उन स्थानों को ध्वस्त करना, जहां से भारत में आतंक का बीज बोया जाता है। पहलगाम हमला, जिसमें हमारे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया, उसकी साजिश कहीं और नहीं, पाकिस्तान की फौज, आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा जैसों की सांठगांठ से ही तैयार की गई थी। भारत ने न केवल इस साजिश को समझा बल्कि उसे जड़ से उखाड़ने की भी ठान ली है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने जिस साहस, रणनीति और सटीकता का परिचय दिया, वह दुनिया के किसी भी शीर्ष सैन्य बल को चुनौती देने के लिए पर्याप्त है। पाकिस्तान हमेशा से ही दोहरी भूमिका निभाता रहा है, एक ओर वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति और वार्ता की बात करता है तो दूसरी ओर अपने क्षेत्र को आतंकियों के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में प्रयोग करता है। भारत ने अब उस नकाब को पूरी तरह नोच फेंका है। ऑपरेशन सिंदूर ने बता दिया कि भारत अब उन भाषणों या प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं होगा, जो संयुक्त राष्ट्र में दिए जाते हैं बल्कि उन बंकरों को नेस्तनाबूद करेगा, जहां से ये षड्यंत्र जन्म लेते हैं।



भारत ने यह कार्रवाई अचानक नहीं की बल्कि पहले खुफिया एजेंसियों के माध्यम से आतंकियों की गतिविधियों की पूरी जानकारी जुटाई गई। सैटेलाइट इमेजिंग, मानव खुफिया नेटवर्क और तकनीकी निगरानी के जरिये भारत को यह स्पष्ट हो गया था कि पीओके में कुछ स्थान आतंकियों के लांच पैड के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह भी सामने आया कि हालिया पहलगाम हमले की योजना भी यहीं से बनाई गई थी। भारत की यह नीति अब ह्यहिट ऐंड होल्डह्ण की है कि हमला करो, कब्जा करो और दबाव बनाए रखो। इस ऑपरेशन में सबसे प्रभावशाली बात यह रही कि भारतीय लड़ाकू विमानों ने रात के अंधेरे में बेहद सटीकता से अपने लक्ष्य साधे और सीमित समय में वहां से निकल आए। यह ह्यनो वॉर्निंग, नो वॉरह्ण रणनीति का आदर्श उदाहरण था। पाकिस्तान के वायु रक्षा तंत्र को भनक तक नहीं लगी और जब तक वहां के सैन्य प्रतिष्ठान कुछ समझ पाते, तब तक भारत अपना काम करके वापस लौट चुका था।



- योगेश गोयल

> पाकिस्तान भारत के धैर्य की परीक्षा लेता रहे और भारत केवल विरोध या चेतावनी तक सीमित रहे लेकिन अब वह दौर समाप्त हो गया है। भारत ने बता दिया है कि वह न केवल जवाब देगा बल्कि ऐसा जवाब देगा, जो आतंकिस्तान को अगली साजिश रचने से पहले सौ बार सोचने पर विवश करेगा। ऑपरेशन सिंदूर अब एक ऐसा उदाहरण बन गया है।

इस ऑपरेशन में केवल आतंकी ठिकानों को ही नहीं, उन ठिकानों को भी निशाना बनाया गया, जहां से उन्हें रसद, हथियार और प्रशिक्षण दिया जाता था। यह केवल आतंकियों के खिलाफ नहीं बल्कि आतंक को संरक्षण देने वाली पूरी पाकिस्तानी सैन्य और खुफिया संरचना के खिलाफ कार्रवाई थी। यही कारण है कि पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य गलियारों में इस ऑपरेशन के बाद सन्नाटा छा गया। अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अन्य लोकतांत्रिक देश भारत के साथ खड़े हैं। आतंक के प्रति उनकी नीति अब स्पष्ट है कि जो आतंक को शरण देगा, वह खुद सुरक्षित नहीं रहेगा। इसीलिए, भारत द्वारा किए गए इस ऑपरेशन को विश्वभर में नैतिक समर्थन और वैधता प्राप्त हुई है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि ऑपरेशन सिंदूर का सैन्य पक्ष जितना शक्तिशाली था, उतनी ही मजबूत उसकी कूटनीतिक तैयारी भी थी। भारत ने पहले ही अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के आतंक समर्थक चेहरे को उजागर कर दिया था। एफएटीएफ जैसे मंचों पर पाकिस्तान की असफलताएं जगजाहिर हैं। ऐसे में भारत का यह सैन्य कदम उस लंबे कूटनीतिक संघर्ष का परिणामी वार था, जिसे वर्षों से संजोया जा रहा था। ऑपरेशन सिंदूर ने यह भी दिखा दिया कि भारत अब केवल एलओसी तक सीमित नहीं है। यदि आवश्यक हुआ तो भारत नियंत्रण रेखा पार करके भी अपने हितों की रक्षा कर सकता है। यह नीति पाकिस्तान के लिए स्पष्ट चेतावनी है कि यदि उसने अब भी अपने घर में पल रहे आतंकी सांपों को दूध पिलाना बंद नहीं किया तो अगली बार भारत उनके बिलों तक पहुंचेगा और उन्हें वहीं खत्म करेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की सैन्य क्षमता अब केवल परंपरागत युद्धों तक सीमित नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर में जिन हथियारों और तकनीकों का उपयोग किया गया, उनमें राफेल जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, ड्रोन निगरानी, रियल टाइम सैटेलाइट डेटा और बंकर भेदी बम शामिल थे। यह सब कुछ दशार्ता है कि भारत अब एक आधुनिक, आक्रामक और निर्णायक सैन्य शक्ति बन चुका है।

पाकिस्तान की अब तक की रणनीति यही रही है कि वह भारत के धैर्य की परीक्षा लेता रहे और भारत केवल विरोध या चेतावनी तक सीमित रहे लेकिन अब वह दौर समाप्त हो गया है। भारत ने बता दिया है कि वह न केवल जवाब देगा बल्कि ऐसा जवाब देगा, जो ह्यआतंकिस्तानह्ण को अगली साजिश रचने से पहले सौ बार सोचने पर विवश करेगा। ऑपरेशन सिंदूर अब एक ऐसा उदाहरण बन गया है, जो यह बताता है कि आतंक से अब डायलॉग से नहीं, डायनामाइट से निपटना है। भारत ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वह किसी भी कीमत पर अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, चाहे उसके लिए कितनी भी बड़ी कार्रवाई क्यों न करनी पड़े। आज भारत के पास रक्षात्मक ही नहीं, आक्रामक कूटनीति भी है। अब हम इंतजार नहीं करते कि दुश्मन कब वार करे बल्कि अब हम तय करते हैं कि कब, कहां और कैसे प्रहार करना है। यह बदलाव केवल सरकार की नीति में ही नहीं, देश की चेतना में भी है और यही चेतना ऑपरेशन सिंदूर की असली ताकत है। अब पाकिस्तान को भली-भांति समझ लेना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर तो केवल शुरूआत है। अब हर आतंकी ठिकाने के लिए भारत के पास ऐसा जवाब है, जो न केवल आतंकियों के ठिकानों बल्कि समूचे पाकिस्तान का नाम ही विश्व के मानचित्र से गायब कर सकता है।

## लेटर टू एडिटर

### सौर ईंधन

**देश** में पेट्रोल-डीजल की खपत में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। जब खपत में वृद्धि होगी तो इसकी कीमतों में भी उछाल आएगा। ऐसी स्थिति में सरकार को सौर ऊर्जा संयंत्रों और इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर ध्यान देने की जरूरत है। हाल ही में चीन ने सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहन बनाए हैं जो सूर्य ऊर्जा न रहने पर भी काम करेगा। इस पर तकनीकी रूप से बहुत ज्यादा काम हुआ है। भारत को भी ऐसा करने की जरूरत है। तभी पेट्रोल-डीजल की खपत और और इसकी बढ़ती कीमतों से निजात मिल सकती है।

**-राहुल उपाध्याय, रांची**

### नशे का कारोबार

**देश** में बढ़ते नशीले पदार्थों की तस्करी पर चिंता व्यक्त करने वाला था। देश में नशीले पदार्थों की चोरी-छिपे खेप पड़ोसी देश अफगानिस्तान से ईरान के रास्ते हमारे देश में पहुंचती है। नशीले पदार्थों के गोरख धंधों के लिए इंटरनेट की आधुनिक तकनीक तथा कोरियर सर्विस का इस्तेमाल किया जा रहा है। **- रवि, गुमला**

## ट्वीट

**वीर** शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती पर मैं उन्हें स्मरण करते हुए नमन करता हूँ। वे भारतीय इतिहास के ऐसे महानायक हैं जिन्होंने अपनी मातृभूमि के ह्यमान,सम्मान और स्वाभिमानह्ण की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। आज के दिन मैं दानवीर भामाशाह का भी स्मरण करता हूँ जिन्होंने संकट के समय में अपने संचित धन को बिना किसी सोच के महाराणा को देकर अद्भुत त्याग का उदाहरण प्रस्तुत किया।

आज मुझे पटना में बिहार प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित राणा-भामा सम्मेलन को संबोधित करना था मगर अपरिहार्य कारणों से मैं उस कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं हो रहा हूँ।

**- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

# वर्ल्ड बैंक का पाकिस्तान दो टूक हमारा पाक से कोई समझौता नहीं

हमारा लेनादेना नहीं... वर्ल्ड बैंक चीफ के दो-टूक रवैये से सूख जाएगा पाकिस्तान, दे दिया बड़ा झटका

वर्ल्ड बैंक के चीफ अजय बंगा ने कहा है कि वर्ल्ड बैंक सिंधु जल संधि में मध्यस्थ नहीं है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत और पाकिस्तान के बीच इस संधि को लेकर कोई हस्तक्षेप नहीं होगा। अजय बंगा ने कहा कि संधि को निलंबित नहीं किया गया है, बल्कि भारत सरकार ने इसे अभी के लिए रोका है।

वर्ल्ड बैंक के चीफ अजय बंगा ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। उन्होंने सिंधु जल संधि पर बड़ी बात कही है। बंगा ने साफ किया कि वर्ल्ड बैंक इस मामले में मध्यस्थ नहीं है। वर्ल्ड बैंक भारत और पाकिस्तान के बीच इस संधि को लेकर कोई भी हस्तक्षेप नहीं करेगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़ा कदम उठाया था। भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। इसी पर अजय बंगा ने अपनी बात रखी।

अजय बंगा ने सीएनबीटी-टीवी18 को दिए एक इंटरव्यू में कहा कि संधि को निलंबित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने इसे 'अभी के लिए रोक' जैसा कहा है। उन्होंने यह भी कहा कि सिंधु जल संधि में इसे निलंबित करने का कोई नियम नहीं है। उनके अनुसार, इस संधि को या तो खत्म करना होगा या इसकी जगह कोई नई संधि बनानी होगी। ऐसा तभी हो सकता है जब दोनों देश इसके लिए राजी हों।

### वर्ल्ड बैंक की भूमिका को किया साफ

अजय बंगा ने वर्ल्ड बैंक की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा कि अगर दोनों देशों में कोई मतभेद होता है तो वर्ल्ड बैंक सिर्फ एक सहायक की तरह काम करेगा। वर्ल्ड बैंक कोई फैसला नहीं करेगा। अलबत्ता, वह एक ऐसे व्यक्ति या संस्था को खोजने में मदद करेगा जो इस मामले को निष्पक्ष तरीके से सुलझा सके।

**सामयिक**

उन्होंने आगे बताया कि वर्ल्ड बैंक का काम मुख्य रूप से प्रशासनिक और वित्तीय है। उन्होंने याद दिलाया कि संधि की शुरूआत में एक ट्रस्ट फंड बनाया गया था। यह फंड मध्यस्थों की फीस देने के लिए था। अजय बंगा ने जोर देकर कहा कि वर्ल्ड बैंक की भूमिका इससे ज्यादा कुछ नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ल्ड बैंक को अभी तक भारत या पाकिस्तान से इस बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है।

### मीडिया में चल रही खबरों को खारिज

अजय बंगा ने कहा कि वर्ल्ड बैंक इस मामले में कोई भूमिका नहीं निभा सकता। उन्होंने कहा, 'यह सब बकवास है क्योंकि हमारे पास ऐसी कोई भूमिका नहीं है... संधि दो देशों के बीच है और उन्हें ही तय करना है कि वे इसे जारी रखना चाहते हैं या नहीं। यह उनका फैसला है।'

### फैसला भारत और पाकिस्तान को ही करना है

अजय बंगा ने माना कि सिंधु जल संधि के 60 सालों के इतिहास में कई उतार-चढ़ाव आए हैं। उन्होंने फिर से कहा कि संधि में कोई भी बदलाव या इसे जारी रखने का फैसला भारत और पाकिस्तान को ही करना है।

उन्होंने कहा, 'वर्ल्ड बैंक की भूमिका वही है जो संधि में तय की गई है - न उससे ज्यादा और न उससे कम।' इसका मतलब है कि वर्ल्ड बैंक सिर्फ मदद कर सकता है, लेकिन कोई फैसला नहीं ले सकता। यह भारत और पाकिस्तान को ही तय करना है कि वे इस संधि का क्या करना चाहते हैं।

सिंधु जल संधि भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में हुई थी। इस संधि का उद्देश्य सिंधु नदी के पानी का बंटवारा करना था। वर्ल्ड बैंक ने इस संधि को कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। लेकिन, अब वर्ल्ड बैंक का कहना है कि वह इस संधि में कोई बदलाव नहीं कर सकता। यह भारत और पाकिस्तान को ही तय करना है।

अजय बंगा के इस बयान से यह साफ हो गया है कि वर्ल्ड बैंक इस मामले में कोई दखल नहीं देगा। अब यह देखना होगा कि भारत और पाकिस्तान इस संधि को लेकर क्या फैसला लेते हैं। क्या वे इसे जारी रखेंगे या इसमें कोई बदलाव करेंगे यह आने वाला समय ही बताएगा। लेकिन, एक बात तय है कि यह मामला दोनों देशों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

# जेनेरिक दवाएं लिखने के कानूनी आदेश का उजाला

**ललित गर्ग**

**समाज**

जेनेरिक दवाएं, जो ब्रांडेड दवाओं का सस्ता विकल्प होती हैं, वही सक्रिय तत्व (एक्टिव इंग्रेडिएंट) रखती हैं और उतनी ही प्रभावी होती हैं। फिर भी, इनका उपयोग भारत में अपेक्षाकृत कम है, क्योंकि डॉक्टरों पर कोई बाध्यकारी कानून नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए जेनेरिक दवाइयां लिखने एवं किसी विशेष कंपनी की दवाइयां न लिखने की नसीहत देकर न केवल गरीब मरीजों को राहत पहुंचाई है बल्कि चिकित्सा क्षेत्र में व्याप्त मनमानी, मूल्यहीनता, रिश्वत एवं अनैतिकता पर अंकुश लगाने की दिशा में सराहनीय एवं प्रासंगिक पहल की है। सुप्रीम कोर्ट से पहले राजस्थान उच्च न्यायालय ने भी ऐसा ही फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की पीठ संदीप मेहता, विक्रम नाथ और संजय करोल ने दवा कंपनियों से जुड़ी याचिका की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की है। इस याचिका में दवा कंपनियों पर मनमानी एवं रिश्वतखोरी का आरोप लगाया गया था। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अगर पूरे देश में इस फैसले का पालन हो, तो इससे अहम सुधार हो सकता है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा-डॉक्टरों पर अक्सर दवा कंपनियों से रिश्वत लेने का आरोप लगता है। ऐसे में अगर डॉक्टर जेनेरिक दवाएं लिखेंगे, तो उनपर लगने वाले इल्जाम का मुद्दा भी हल हो जाएगा। ऐसा करने से एक बड़ी आबादी को सस्ती एवं अचूक दवाओं का लाभ मिल सकेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जेनेरिक दवाइयों को जनव्यापी बनाने की दिशा में सार्थक पहल की है। पूरी दुनिया में जेनेरिक दवाइयों को ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर काम हो रहा है, लेकिन दवा माफिया इसमें बाधाएं खड़ी कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय की सक्रियता से दवा कंपनियों व चिकित्सकों के अपवित्र गठबंधन को तोड़ा जा सकता है, जो बड़ी आबादी की एक बड़ी समस्या का सटीक समाधान होगा।

निश्चित ही डॉक्टर अगर सिर्फ जेनेरिक दवाएं लिखें तो दवा कंपनियों की रिश्वतखोरी बंद हो सकती है। शीर्ष अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें फार्मास्युटिकल मार्केटिंग की समान संहिता पर कानून बनने तक दवा कंपनियों की अनैतिक विपणन प्रथाओं को नियंत्रित करने के दिशा-निर्देश की मांग की गई थी। भारत में किफायती जेनेरिक दवाओं का उत्पादन एवं प्रचलन एक जीवन रेखा है, लेकिन इसके गुणवत्ता के आश्वासन को मजबूत करने के साथ डाक्टरों की मनमानी पर नियंत्रण करना होगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय की पहल एक रोशनी बनेगा। आज जबकि देश में लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, जैसे-जैसे चिकित्सा-विज्ञान का विकास हो रहा है, नयी-नयी बीमारियां एवं उनका महंगा इलाज एवं महंगी दवाइयां बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसलिये जेनेरिक दवाओं पर भरोसा और दुनिया में इसकी मांग, दोनों में इजाफा हुआ है। मोदी सरकार ने जेनेरिक दवाओं को ज्यादा स्वीकार्य बनाने एवं सर्वसुलभ कराकर एक अभिनव स्वास्थ्य क्रांति का सूत्रपात किया है।

जेनेरिक दवाएं, जो ब्रांडेड दवाओं का सस्ता विकल्प होती हैं, वही सक्रिय तत्व (एक्टिव इंग्रेडिएंट) रखती हैं और उतनी ही प्रभावी होती हैं। फिर भी, इनका उपयोग भारत में अपेक्षाकृत कम है, क्योंकि डॉक्टरों पर कोई बाध्यकारी कानून नहीं है। हालांकि, भारतीय मेडिकल काउंसिल ने

भारत-पाक तनाव के बीच स्वामी सत्यानंद जी सरस्वती ने दिल्ली में शांति के लिये योगाभ्यास कराया।



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### रजरप्पा के कई दुकानों में छापेमारी



रामगढ़ । सिविल सर्जन रामगढ डॉ महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी के निर्देशानुसार शुक्रवार को रजरप्पा थाना अंतर्गत जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी दीप द्वारा रजरप्पा मोड़ के समीप कोटपा 2003 के अंतर्गत छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान कोटपा अंतर्गत 6ए एवं धारा 4 के अंतर्गत 6 दुकानदारों से 1100 रुपए का आर्थिक दंड वसूला गया । कई दुकानदारों से उनके दुकान पर लगे अवैध बैनर को निकलवाया गया। होटल और मॉल में धूम्रपान निषेध का बोर्ड नहीं होने की स्थिति में अर्थदंड लिया गया, उन्हें प्रारूप दिया गया तथा उसे लगाने हेतु निर्देश दिया गया। तंबाकू दुकानदारों द्वारा साइनेज लगाया जाना अनिवार्य है नहीं रहने पर 200 रुपए का आर्थिक दंड लिया जाएगा। छापेमारी में तम्बाकू नियंत्रण परामर्शी, फूड सेफ्टी कर्मी एवं अपर मुख्य चिकित्सा कार्यालय के कर्मियों का सहयोग रहा ।

### कुजू ओपी प्रभारी से मिले भाजपा नेता



कुजू। कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह से मिला भाजपा का प्रतिनिधिमंडल। भाजपा ओबीसी मोर्चा के रांची महानगर प्रभारी जगेश्वर प्रजापति ने ओपी प्रभारी को बुके देकर स्वागत किया। उन्होंने ओपी प्रभारी से क्षेत्र के लगातार क्षेत्र में हो रही चोरी के साथ अन्य घटना के बारे में जानकारी देते हुए अंकुश लगाने का आग्रह किया। जिस पर ओपी प्रभारी ने सभी समस्याओं को निबटारा करने का आश्वासन दिया। मुलाकात करने वालो में भाजपा मांडू मंडल उपाध्यक्ष रतन प्रसाद साहू, सुखदेव सोनी, मनसरी देवी, वीणा देवी, आशा देवी, सुनीता देवी, सुमन देवी, कौशल्या देवी, छोटन प्रजापति आदि शामिल थे।

### बाल संसद के पदाधिकारियों ली शपथ



रजरप्पा। कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा शुक्रवार को बाल संसद के सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में प्रभारी मिथिलेश कुमार खन्ना, आचार्य अमरदीप प्रसाद,अमरदीप नाथ शाहदेव एवं भैया बहन उपस्थित थे। मिथिलेश कुमार खन्ना ने बाल संसद की महत्ता पर प्रकाश डाला और छात्रों को लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि बाल संसद विद्यार्थियों के नेतृत्व कौशल को निखारने तथा उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का एक प्रभावशाली माध्यम है। बाल संसद नवनिर्वाचित अध्यक्ष सलोनी कुमारी, उपाध्यक्ष प्रेम कुमार, प्रधानमंत्री आराध्या सेंगर, उपप्रधानमंत्री मंजीत भट्टाचार्य, सेनापति शिवम साहू, सह सेनापति सुर्यांश उपाध्याय, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य मंत्री अमन कुमार, जल एवं पर्यावरण मंत्री आदित्य सेंगर, सांस्कृतिक मंत्री अक्षित आर्या, शिक्षा मंत्री आदित्य पाठक, खेल मंत्री चंदन कुमार, बागवानी मंत्री अशुतोष कुमार सहित सभी पदाधिकारियों को उनके पद की शपथ दिलाई गई। सभी पदाधिकारियों ने विद्यालय के प्रति निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता से कार्य करने का संकल्प लिया।

### शांतिनगर के एक आवास में चोरी

कुजू। कुजू ओपी क्षेत्र के कुजू कोलियरी शांति नगर में बीती रात चोरों ने एक आवास में चोरी की घटना को अंजाम दिया। मामले को लेकर भुक्तभोगी प्रेमचंद महतो ने कुजू पुलिस को सूचना देते हुए ओपी में आवेदन दिया। जिसमें उन्होंने कहा है कि रात्रि करीब 8 बजे अपने परिवार के साथ पास में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। जब रात 10 बजे घर पहुंचा तो देखा की घर का ताला टूटा है। इसके बाद अंदर गया तो कमरों में लगे ताला को भी टूटा पाया। इसके पुलिस को इसकी जानकारी दिया। पुलिस पहुंचने के बाद देखा कि अलमीरा में रखे सोने-चांदी के जेवरात गायब है। जिसकी कीमत करीब 3 लाख 50 हजार है। मामले को लेकर पुलिस छानबीन में जुटी ही।

### एइटीयूसी में शामिल हुये पुलकेश



भुरकुंडा (रामगढ़)। बरका सयाल जीएम यूनिट के कोल कर्मचारी पुलकेश चक्रबर्ती ने जनता मजदूर संघ को छोड़ते हुए अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ (एईटीयूसी) का दामन थाम लिया। उन्हें यूनियन की सदस्यता रसीद महासचिव सतीश सिन्हा द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय सचिव संजय मिश्रा, क्षेत्रीय वेलफेयर सदस्य कमलेश कुमार, जीएम यूनिट अध्यक्ष शिवनंदन दास, यूनिट के सचिव कमल कुमार सिंह और सनी कुमार उपस्थित थे।

# सांसद मनीष जायसवाल ने बरही विधानसभा का किया तूफानी दौरा

## जायसवाल ने महायज्ञ में पूजा कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की

खबर मन्त्र संवाददाता



हजारीबाग। सांसद मनीष जायसवाल ने शुक्रवार को भीषण गर्मी में बरही विधानसभा क्षेत्र का तूफानी दौरा किया। उन्होंने चौपारण के विशनपुर और केंदुआ में आयोजित महायज्ञों के पूर्णाहुति में भाग लिया। विशनपुर में नौ दिवसीय श्री दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा एवं नव चंडी महायज्ञ और केंदुआ में 11 दिवसीय श्री महारुद्र यज्ञ का समापन हुआ। जायसवाल ने महायज्ञ में पूजा अर्चना क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इसके बाद, जायसवाल चौपारण प्रखंड के सबैया पहुंचे, जहां भाजपा नेता राकेश रंजन के आवास पर कार्यकर्ताओ से मुलाकात की।

वहीं, झापा निवासी भाजपा कार्यकर्ता बिंदेश्वर नायक की पुत्री के विवाह समारोह में भी पहुंचे और आशीर्वाद दिया। पदमा के नावाडीह निवासी पॉकलेन हेल्पर विकास कुमार मेहता (24) के आकस्मिक निधन की सूचना पाकर जायसवाल मृतक के परिजनों से मिले। विकास की मौत गुवाहाटी में कार्यस्थल पर हुई थी। जायसवाल ने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और मुआवजा दिलाने के प्रयास का भरोसा दिलाया।

इस दौरान हजारीबाग के जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता, भाजपा नेता मुकुंद साव, राकेश रंजन सहित कई स्थानीय नेता मौजूद रहे। सांसद ने क्षेत्र में धार्मिक और सामाजिक आयोजनों के महत्व पर जोर दिया और जनता से सकारात्मक पहल करने की अपील की।

# नौनिहालों पर ध्यान दीजिये हुजूर...

## घटना घटने के बाद लकीर पीटने का क्या फायदा!

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** बड़कागांव रोड पर हर दिन सैकड़ों मासूम बच्चे स्कूल जाने के लिए निकलते हैं, लेकिन इस सड़क पर दौड़ती भारी वाहन उनकी ज़िंदगी को खतरे में डाल रही हैं। एंजल्स हाई स्कूल, दो दिल्ली पब्लिक स्कूल, गुलमोहर स्कूल, दून सेंट्रल स्कूल और विवेकानंद स्कूल के बच्चे हर दिन इसी सड़क से गुजरते हैं। बावजूद इसके, प्रशासन की उदासीनता और बड़े वाहनों की बेलगाम रफ्तार ने इस मार्ग को एक दुर्घटना क्षेत्र बना दिया है।

बीते कुछ वर्षों में यहां कई गंभीर सड़क हादसे हो चुके हैं। हर घटना के बाद प्रशासन द्वारा नो एंट्री, हाइवा पर प्रतिबंध और सख्तियों की घोषणाएं की जाती हैं। लेकिन समय बीतते ही यह



**बड़कागांव रोड पर सड़क पर दौड़ता हाइवा, स्कूल जाते बच्चे।**

आदेश हवा हो जाते हैं। बड़ी गाड़ियां फिर से फर्राटे भरने लगती हैं। स्कूल टाइम में जब मासूम बच्चे सड़क पार कर रहे होते हैं, तभी तेज रफ्तार ट्रक और हाइवा बिना किसी रोक-टोक के दौड़ते हैं। यह स्थिति न केवल बच्चों बल्कि उनके परिजनों के लिए भी चिंता का कारण बन गई है। यहां के लोगों का कहना है कि हर बार हादसे के बाद ही प्रशासन की नींद खुलती है। सड़कों पर पुलिस बल की तैनाती, बैरिकेडिंग और सख्ती के आश्वासन दिए जाते हैं, लेकिन कुछ दिनों के बाद सब पहले जैसा हो जाता है। एक अभिभावक ने कहा, ₹क्या प्रशासन किसी और मासूम की जान जाने का इंतजार कर रहा है? प्रशासन की लापरवाही कब खत्म होगी? बड़कागांव रोड पर हर दिन स्कूली बच्चों की जान जोखिम में है। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं की गई तो एक और बड़ी दुर्घटना का इंतजार करना प्रशासन की लापरवाही का सबूत होगा।

### राष्ट्रीय शिक्षा सोसाइटी के सलाहकार बने बीपी गुप्ता

रामगढ़। रामगढ़ निवासी बीपी गुप्ता का चयन आदिवासी छात्रों के लिए कार्य करने वाली राष्ट्रीय शिक्षा सोसाइटी में सलाहकार के पद पर हुआ है। झारखंड से एक मात्र बीपी गुप्ता इस पद के लिए राष्ट्रीय स्तर पर चुने गए हैं। इन्हें एक सप्ताह के अंदर रांची स्थित प्रोजेक्ट शिक्षा भवन स्थित राष्ट्रीय शिक्षा परिषद के कार्यालय में योगदान देना है। इनका कार्य झारखंड स्थित सारे एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के संचालन में मार्गदर्शन करना होगा। बीपी गुप्ता जनवरी 2024 में जवाहर नवोदय विद्यालय कोलेबिरा, सिमडेगा (झारखंड) से प्राचार्य के पद से सेवानिवृत हुए हैं। इसके पूर्व ये श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ में उप प्राचार्य के पद पर कार्य कर चुके हैं। श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ से त्यागपत्र देकर 2006 में नवोदय विद्यालय में योगदान दिया था।

# पिता का श्राद्ध छोड़कर, देश सेवा के लिए गया बीएसएफ का जवान

## बड़े भाई सेवानिवृत्त कैप्टन बिनोद सिंह ने पिता को दी मुखाग्नि

खबर मन्त्र संवाददाता




**चौपारण।** जब देश पुकारे, तो सच्चा सपूत किसी भी परिस्थिति में पीछे नहीं हटता। झारखंड के हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड स्थित झापा पंचायत के कोल्हूआ गांव निवासी बीएसएफ जवान अमित कुमार ने एक ऐसी मिसाल पेश की है, जो पूरे देश को प्रेरित कर रही है। उन्होंने अपने पिता के श्राद्ध संस्कार के बीच में ड्यूटी का बुलावा आते ही घर की जिम्मेदारियां भाई को सौंपा, मातृभूमि की सेवा को प्राथमिकता दी। जानकारी के अनुसार, अमित कुमार के पूज्य पिता स्वर्गीय विशंभर सिंह का निधन 3 मई को हुआ था। शोक की इस घड़ी में अमित कुमार छुट्टी लेकर गांव पहुंचे और श्राद्ध क्रिया में शामिल हुए। लेकिन तभी सीमा पर तनाव बढ़ने के कारण उन्हें तत्काल ड्यूटी पर लौटने का निर्देश मिला। देश सेवा को सर्वोपरि मानते हुए अमित ने पारिवारिक रस्मों को अधूरा छोड़ कर तत्काल सीमा के लिए प्रस्थान किया। गांव के लोगों और परिवार के सदस्यों ने इस निर्णय को सराहा और इसे एक प्रेरणादायक कदम बताया। इस कठिन समय में अमित के बड़े भाई सेवानिवृत्त कैप्टन बिनोद सिंह, जो स्वयं सेना में सेवाएं दे चुके हैं, ने पिता की सभी अंतिम विधियों को निभाया। उन्होंने कहा कि देश सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। मैं अपने भाई के फैसले से पूरी तरह सहमत हूं। कोल्हूआ गांव के ग्रामीणों ने दोनों भाइयों के समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि यह घटना आज के समाज के लिए एक उदाहरण है। जब अधिकांश लोग निजी लाभ को प्राथमिकता देते हैं, तब ऐसे लोग राष्ट्र की आत्मा को जीवित रखते हैं। यह कहानी बताती है कि आज भी देशभक्ति केवल किताबों में नहीं, बल्कि हमारे बीच जीवित है – कर्म में, त्याग में और कर्तव्य के प्रति निष्ठा में।

### मानव जन कल्याण के अध्यक्ष बने विजय राय



**कुजू।** अक्षत बैंक्विट हॉल में शुक्रवार को मानवाधिकार जनकल्याण एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष बनें विजय कुमार राय। रामगढ़ जिला में भी एसोसिएशन का विस्तार किया। जिसमें अध्यक्ष अनुज कुमार, उपाध्यक्ष रंजीत मिश्रा, महासचिव राजेश सिन्हा, मीडिया सचिव दिनेश कुमार, जिला विधि सचिव अनिल सिंह, जिला कार्यक्रम सचिव धर्मेंद्र सिंह, जिला वेलफेयर सचिव सनी देओल का चयन किया गया। इस दौरान सभी को फूल माला पहनाकर व नियुक्ति पत्र देकर सम्मानित किया। राय ने कहा कि संगठन के प्रति हमेशा सजग रहने के साथ उसके विस्तार पर भी ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व में जो भी अध्यक्ष पद पर थे, आने वाले समय मे उनसे बेहतर कार्य करूंगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष वीके सक्सेना ने कहा कि एशोसिएशन का उद्देश्य ही सरकारी व गैर सरकारी विभागों में व्याप्त रिश्वतखोरी व भ्रष्टाचार को रोकना है। भ्रष्ट और रिश्वतखोर अधिकारियों पर कानूनी कार्यवाही कराना व सजा दिलवाना । सरकारी अस्पतालों में सरकार द्वारा गरीबों के इलाज के लिए दी जाने वाली सुविधाओं का लाभ गरीबों को दिलाना।

# विस्थापितों को मिले रोड सेल संचालन का अधिकार

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़) रैयत विस्थापित रोड सेल समिति बरका सयाल भुरकुंडा के द्वारा मौजा देवरिया बरगांवा में गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता जयवीर मुंडा और संचालन राकेश मुंडा ने किया। बैठक में यह मांग की गई कि सीसीएल प्रबंधन जल्द से जल्द लोकल सेल को चालू करे और उसका संचालन रैयत विस्थापितों को सौंपे। समिति ने स्पष्ट किया कि यदि विस्थापितों को संचालन का अधिकार नहीं दिया गया, तो वे लोकतांत्रिक तरीके से सीसीएल के कार्यों का विरोध करेंगे। बैठक में पूर्व जिप सदस्य झरी मुंडा, मेघनाथ मुंडा, सुनील मुंडा, छोटू



बेदिया, पारसनाथ मुंडा, हितलाल मुंडा, सुनीता देवी, ऊषा देवी, पाचो देवी, तारो देवी, लीलावती देवी, बसंती देवी, संदीप मुंडा, शंकर मुंडा, सरयू मुंडा, मंगलेश मुंडा, किशोर करमाली, राजेंद्र महली सहित बड़ी संख्या में रैयत विस्थापित उपस्थित थे। मालूम हो कि 6 मई को भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी कुमार राकेश सत्यार्थी और रैयत विस्थापितों के बीच लोकल सेल

**भुरकुंडा परियोजना पदाधिकारी ने 6 मई को दिया था आश्वासन : समिति**

चालू करने के विषय पर वार्ता हुई थी। वार्ता में भुरकुंडा पीओ ने कहा था कि चारों विस्थापित गांव मौजा बलकुदरा, कुरसे, देवरिया बरगांवा और दुन्दुवा आपसी सहमति बनाकर दो से तीन दिन में प्रस्ताव लेकर आएं। उन्होंने आश्वस्त किया था कि सहमति बनने के तुरंत बाद रैयत विस्थापितों के लिए लोकल सेल चालू करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। यह पहल लंबे समय से विस्थापितों द्वारा की जा रही मांगों की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। विस्थापितों ने इस आश्वासन का स्वागत किया, यदि वादा पूरा नहीं होता है, तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने से पीछे नहीं हटेंगे।

## एक नजर में

### रामगढ़ गुरुनानक पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पेड़ों पर लगाये क्यूआर कोड




रामगढ़ । गुरुनानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ के इको क्लब ने स्कूल परिसर के भीतर पेड़ों के लिए क्यूआर कोडिंग मिशन शुरू करके पर्यावरण के अनुकूल कदम उठाया है। लाइफ (लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट) मिशन के हिस्से के रूप में,छात्रों ने विभिन्न पेड़ प्रजातियों पर क्यूआर कोड बनाए और लगाए, जिससे उनके वनस्पति नामों, उपयोगों और पर्यावरणीय महत्व के बारे में जानकारी तक आसान पहुंच हो सके। यह पहल न केवल जागरूकता और संरक्षण को बढ़ावा देती है बल्कि पर्यावरण शिक्षा के साथ प्रौद्योगिकी को भी एकीकृत करती है। यह पहल कक्षा 6 से 8 तक के इको क्लब के छात्रों द्वारा की गई, जिन्होंने पेड़ों को डिजाइन करने, कोडिंग करने और टैग करने में सक्रिय रूप से भाग लिया। मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल हरजाप सिंह ने छात्रों के उत्साही प्रयासों की सराहना की और शिक्षा में पर्यावरण जागरूकता के महत्व पर बहुमूल्य जानकारी भी साझा की।यह कार्यक्रम इको क्लब प्रभारी शिक्षिका पूनम वर्मा एवं शिवानी शर्मा के द्वारा बच्चों से करवाया गया जिसमें इको क्लब की सचिव मुस्कान कुमारी भी रहीं और चारों सदनों के इको क्लब के कप्तान जिनके नाम साहिबजादा अजीत सिंह हाउस शैली कुमारी 12वीं कला से,साहिबजादा जोरावर सिंह हाउस अनन्या लोहानी 12वीं विज्ञान (ब) से,साहिबजादा फतेह सिंह हाउस से शुभांगी कुमारी 12वीं विज्ञान (ब) से और साहिबजादा जुझार सिंह हाउस अश्मित कौर 12वीं विज्ञान (ब) से रहीं। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य परमदीप सिंह कालरा, स्कूल प्रबंधन कमेटी के सदस्य सरदार मनमोहन सिंह लांबा, सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरेंद्र पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरिंदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जॉली, सरदार नरिंदर पाल सिंह गुजराल, सरदार पुशविंदर पाल सिंह, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतिंदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार गुरप्रीत सिंह चाना, सरदार रमन बेदी और सरदार करमजीत सिंह याजग्गी मौजूद थे। उनके प्रोत्साहन और उपस्थिति ने इस अवसर को और भी खास बना दिया।

### सामाजिक सुरक्षा निदेशक ने सुनी समस्या

हजारीबाग। उपायुक्त नैन्सी सहाय के निर्देशानुसार, सामाजिक सुरक्षा निदेशक निवेदिता रॉय ने शुक्रवार को समाहरणालय सभा कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। इस दौरान उन्होंने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं को सुना तथा इसके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में सन्तोष कुमार सिंह एवं संजीव कुमार समस्त योग शिक्षक एचडब्ल्यूसी हजारीबाग ने 2 वर्ष पूर्व से कार्य कर रहे योग शिक्षकों की पुनः नियुक्ति के संबंध में आवेदन सौंपा, कुम्हार टोली हजारीबाग से सुमित चंद्र सहाय ने एलपीसी निर्गत नहीं किए जाने के संबंध में आवेदन दिया, डांडी आंचल थाना गिद्दी की रीमा देवी ने अपने जमीन पर अवैध कब्जा एवं अतिक्रमण हटाने के संबंध में आवेदन दिए, दादपुर पंचायत चौपारण के मोहम्मद वसीम ने ट्राई साइकिल उपलब्ध किए जाने को लेकर आवेदन दिए, विष्णुगढ़ की सुनीता कुमारी ने पिता के संपत्ति में अधिकार एवं मायका में सम्मान प्राप्ति हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवेदन सौंपा। समाजिक सुरक्षा निदेशक ने जनता दरबार में आए सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए जांचोपरांत त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया।

### बरही : नो पार्किंग जोन में रुकते हैं वाहन

**बरही।** बरही चौक के चारों राष्ट्रीय राजमार्ग पर 50 मीटर का एरिया नो पार्किंग जोन है। नो पार्किंग जोन में वाहनों के रुकने और फुटपाथ दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण करने पर रोक लगाने की जिम्मेदारी ट्रैफिक पुलिस की है। लेकिन ट्रैफिक पुलिस और बरही थाना पुलिस नो पार्किंग जोन के आदेश का अनुपालन नहीं करा पा रही है। लोग बाजारों में सड़क किनारे कहीं भी वाहन पार्क कर खरीदारी करते हैं। ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही का खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ता है। इधर-उधर वाहन पार्क किए जाने के कारण बरही चौक पर जाम लग जाता है।

### बरही : कंटेनर और ट्रक में भीषण टक्कर

**बरही।** बरही थाना क्षेत्र के पंचमाधव गांव के समीप शुक्रवार की सुबह करीब 05 बजे ट्रक संख्या जेएच 10 एजी 5032 और कंटेनर संख्या एनएल 01 एडी 6867 में भीषण टक्कर हो गई। इस घटना में दोनों वाहनों के चालक कुछ देर तक वाहनों में ही फंसे रहे, हालांकि ग्रामीणों और पुलिस की मदद से दोनों चालकों को सुरक्षित निकाल लिया गया। जानकारी के अनुसार ट्रक बनारस से धनबाद और कंटेनर कोलकाता से एमपी जा रहा था, इसी दौरान यह हादसा हुआ। मालूम हो कि पंचमाधव में सड़क चौड़ीकरण और ओवरब्रिज का निर्माण कार्य वर्षों से रुका हुआ है, जिसके कारण फोरलेन को टू लेन में तब्दील कर दिया गया है। जिसके कारण आए दिन ऐसी घटनाएं होती रहती हैं।

### भगवान भुवन भास्कर की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा

विष्णुगढ़। उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी तट पर स्थित भास्करधाम में नवनिर्मित सूर्य मंदिर में स्थापित भगवान भुवन भास्कर की प्रतिमा का प्राण-प्रतिष्ठा शुक्रवार को हो गया। इसके अलावा हनुमान धारा मंदिर में भी रामदूत हनुमान जी की प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठित हो गई। इसे लेकर भास्करधाम में सात दिवसीय भगवान सूर्य हनुमत प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन किया गया था। जिसका समापन शुक्रवार को हो गया। अयोध्या धाम से पधारे यज्ञाचार्य श्री अनिरुद्ध आचार्य जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन तथा प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को संपन्न कराया। अंतिम दिन नवनिर्मित सूर्य मंदिर की दिव्य प्रतिमा के दर्शन एवं महायज्ञ की पूणार्हुति के लिए विष्णुगढ़ के अलावा आसपास गांवों के भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने यज्ञमंडप के यथासंभव फेरी भी लगाकर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। सार्वजनिक सूर्य मंदिर निर्माण कमेटी के सदस्यों ने सात दिवसीय महायज्ञ के सफल आयोजन पर सभी सहयोगियों का आभार जताया। बता दें कि भास्करधाम में सूर्य मंदिर करीब दो करोड़ रुपये से अधिक की लागत बनाया गया है।

महायज्ञ में करीब 40 लाख रुपये से अधिक राशि खर्च की गई। सूर्य मंदिर की भव्य भगवान भुवन भास्कर की सफेद संगमरमर की प्रतिमा राजस्थान के अलवर से मंगाई गई है। जो साथ घोड़ों के रथ पर सवार हैं। प्रतिमा का वजन करीब पांच हजार किलोग्राम है। बेसर शैली में निर्मित मंदिर में महाराष्ट्र के कारीगरों का योगदान है। 75 फीट ऊंचा भव्य सूर्य मंदिर उत्तरवाहिनी जमुनियां नदी के बीच धारा में बनाया गया है। जो काफी हवादार, सुकूनदायक एवं भव्य है।

# कोई विकल्प नहीं बचा... ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाये पाकिस्तानी रक्षा मंत्री

## 'ऑपरेशन सिंदूर' का चेहरा बनीं कर्नल सोफिया कुरैशी देश के लिए प्रेरणा और शौर्य का प्रतीक बनी

**पहलगाम** हमले का जब भारत ने ऑपरेशन सिंदूर से मुंहतोड़ जवाब दिया तो बुधवार की सुबह पूरा देश में जश्न में डूबा था। जब भारतीय सेना में कर्नल सोफिया कुरैशी ने विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साथ आतंकवाद की पनाहगाह को पाकिस्तान को दुनिया के सामने बेनकाब



किया तो यह खुशी दोगुनी हो गई। भारत ने दो बहादुर महिला अफसर के जरिए सिंदूर उजाड़ने वाले को नारी शक्ति से ही जवाब दिया। इसके बाद से गुजरात के वडोदरा की रहने वाली कर्नल सोफिया कुरैशी सुर्खियों में हैं। भारतीय सेना की नारी शक्ति का प्रतीक बनी सोफिया ने कैसे यह मुकाम हासिल किया, जानें सबकुछ।

कर्नल सोफिया कुरैशी

गुजरात की सोफिया कुरैशी भारत की नारी शक्ति का नया प्रतीक बनकर उभरी हैं। वह लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर सेवाएं दे रही हैं

कर्नल सोफिया से ऑपरेशन सिंदूर की अगली सुबह विंग कमांडर व्योमिका सिंह के साथ पाकिस्तान की सच्चाई दुनिया को बताई।

सोफिया कुरैशी जिस परिवार से आती हैं। उस परिवार का मिलिट्री के साथ कई पीढ़ी से जुड़ाव है। सोफिया के



पिता 1971 का युद्ध लड़े तो इससे पहले उनके दादा भी सेना में थे।

पिता को दी बड़ी खुशी

बॉयोकेमेस्ट्री में पीजी करने के बाद सोफिया पीएचडी कर रही थीं लेकिन इस वक्त तक भी उनके पिता का सपना था कि परिवार से कोई सेना में हो। आखिर में सोफिया सेना में गईं।

2016 में बटोरी सुर्खियां

सोफिया करीब 27 साल की उम्र में सेना में भर्ती हुईं। वह 2016 में तब सुर्खियों में आईं तब उन्होंने महिला के तौर पर बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास का नेतृत्व किया।



एक झटके में छोड़ी पीएचडी

शॉर्ट सर्विस कमीशन के माध्यम से भारतीय सेना में चयनित होने का अवसर मिला था। उन्होंने देश सेवा के जुनून के लिए पीएचडी और अध्ययन को छोड़ दिया।

कौन हैं जीवनसाथी?

सोफिया कुरैशी की शादी कर्नाटक के बेलगावी से आने वाले ताजुद्दीन कुरैशी के साथ हुई है। दोनों के एक बेटा है। कुरैशी भी सेना में अफसर हैं।

सोफिया कुरैशी ने वडोदरा की एमएस यूनिवर्सिटी से



1997 में एमएससी बॉयोकेमिस्ट्री की पढ़ाई पूरी की है।

परिवार के साथ सोफिया

अपने माता-पिता और छोटी बहन शायना के साथ सोफिया कुरैशी।छोटी बहन एक्ट्रेस है और सोफिया की छोटी बहन एक्ट्रेस हैं। शाइना दादा साहेब फाल्के पुरस्कार जीत चुकी हैं।

रानी लक्ष्मी से कनेक्शन

सोफिया के परिवार के सदस्य 1857 के स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े रहे हैं। उनकी दादी उन्हें रानी लक्ष्मी बाई की कहानियां सुनाती थीं।





## रक्षा मंत्री आसिफ ने दी पूर्ण युद्ध की गीदड़ भभकी, भारत का पलट वॉर जारी

भारत और पाकिस्तान के बीच बनी तनावपूर्ण स्थिति और ज्यादा खराब हो सकती है। पाकिस्तान की सरकार ने कहा है कि वह अब भारत के साथ पूर्ण युद्ध की ओर जाने का रास्ता चुनेंगे।

: पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि अब भारत के साथ पूर्ण युद्ध (फुल स्केल वॉर) ही एकमात्र विकल्प बचा है। आसिफ ने कहा है कि बीते चार दिन में जिस तरह चीजें हुई है, उसके बाद अब युद्ध का ही रास्ता बचता है। ख्वाजा आसिफ का ये बयान भारत की ओर से ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले करने के बाद आया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों में तनाव है और बॉर्डर पर भी लगातार गोलीबारी हो रही है।

भारत के साथ पूर्ण युद्ध के सवाल पर डिजिटल-365 न्यूज से बात करते हुए आसिफ ने कहा, 'अब शायद कोई और विकल्प नहीं बचा रह गया है। बीते चार दिन में लगातार भारत की ओर से हमले हुए हैं। पहले हमारी कोशिश थी कि हालात ज्यादा ना बिगड़ें। अब हम इस पर (तनाव कम करने) काम नहीं कर रहे हैं। कैसे आगे बढ़ना है, इसका फैसला तो पाक आर्मी को करना है लेकिन अब इसमें कोई शक नहीं होना चाहिए कि जंग दस्तक दे चुकी है।'

### भारत एक आर्थिक ताकत

आज भारत के पास लगभग एक वर्ष के आयात के बराबर की राशि का विदेशी मुद्रा भंडार मौजूद है और यह 68,813 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर के ऊपर निकल गया है जो भारत के इतिहास में आज तक के उच्चतम स्तर के बहुत करीब है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत से विभिन्न उत्पादों एवं सेवा क्षेत्र के निर्यात अपने उच्चत्तम स्तर 82,490 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गए हैं। जिसके चलते भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में अतुलनीय सुधार होता हुआ दिखाई दे रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में आई कमी और वर्ष 2025 के खरीफ मौसम के दौरान मौसम विभाग द्वारा की गई सामान्य से अधिक मानसून की भविष्यवाणी के कारण खुदरा कृषि क्षेत्र में मुद्रा स्फीति (महंगाई) की दर मार्च 2025 माह में कम होकर 3.73 प्रतिशत के निचले स्तर पर पहुंच गई है। वर्ष 1991 में विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में भारत भयावह स्थिति में पहुंच गया था तथा उस समय भारत के पास केवल 15 दिवस के आयात के बराबर ही विदेशी मुद्रा भंडार बच गया था और भारत को अपने स्वर्ण भंडार को ब्रिटेन के बैंकों में गिरवी रखकर विदेशी मुद्रा भंडार की व्यवस्था करनी पड़ी थी। आज स्थिति इस ठीक विपरीत है भारत से विभिन्न देशों को निर्यात में अभी और सुधार होता हुआ दिखाई देगा क्योंकि भारत ने हाल ही में ब्रिटेन के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है इससे भारत के सेवा क्षेत्र को अत्यधिक प्रोत्साहन मिलने जा रहा है और ब्रिटेन में भारतीय इंजिनीयर एवं डाक्टर के साथ ही अन्य क्षेत्रों में कार्य करने के लिए भारतीयों की मांग में वृद्धि दृष्टिगोचर होगी।

सभी चित्र पाकिस्तान के विध्वंस की है।

## भारत ने आर्थिक प्रगति के बल पर आतंकवादी ठिकानों को किया नेस्तनाबूद

प्रह्लाद सबनानी वित्तीय वर्ष 2013-14 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार दुगना होकर 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी आगे निकल गया है। इससे भारतीय नागरिकों की आय भी लगभग दुगनी हो गई है एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की संख्या में भी भारी कमी दर्ज हुई है।



भारत ने अंततः पाकिस्तान के कई आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर ही दिया। भारत के इस कठोर कदम से भारतीय नागरिकों को संतुष्टि मिली है, विशेष रूप से उन परिवारों को जिन्होंने हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के हमले में अपने सगे सम्बन्धियों को खोया है। विश्व के लगभग समस्त देशों ने भारत के इस कदम का समर्थन ही किया है क्योंकि आतंकवादियों से अपने देश के नागरिकों की रक्षा करना किसी भी देश की सरकार का प्रथम कर्तव्य है। भारत को पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों पर हमले करने का साहस कहां से मिलता है। यह मिलता है भारतीय नागरिकों की एकजुटता से, वर्तमान केंद्र सरकार पर देश के नागरिकों का भरपूर विश्वास है एवं वह यह सोचती है सही समय पर एवं सही स्थान पर भारतीय सेना आतंकवादियों पर हमला करके अपने नागरिकों के मारे जाने का बदला जरूर लेगी। दूसरे, संभवतः भारत की लगातार मजबूत हो रही आर्थिक स्थिति से भी केंद्र सरकार को कठोर निर्णय लेने का बल मिलता है। इस संदर्भ में, हाल ही में अच्छी खबर यह आई है कि भारत जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चोथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है एवं संभवतः वर्ष 2026 के अंत तक जर्मनी की अर्थव्यवस्था को भी पीछे छोड़ते हुए भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था आज भी विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है।

विश्व के लगभग समस्त वित्तीय संस्थान भारत के संदर्भ में यह भविष्यवाणी करते हुए दिखाई दे रहे है कि आगे आने वाले कई दशकों तक भारत इसी प्रकार विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा।

भारत ने पिछले 10/11 वर्षों के दौरान वित्तीय क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रमों को लागू किया है। जिसका परिणाम स्पष्ट रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। माह अप्रेल 2025 में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण नित नई ऊंचाईयां छूते हुए 2.37 लाख करोड़ रुपए के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गया है। यह सब देश के नागरिकों द्वारा अप्रत्यक्ष करों के नियमों का अनुपालन करने के चलते सम्भव हो पा रहा है। अप्रेल 2025 माह में ही फैक्ट्री उत्पादन के मामले में पिछले 10 माह के उच्चत्तम स्तर को पार किया गया है। आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए की कीमत अमेरिकी डॉलर की तुलना में तेजी से बढ़ती जा रही है और यह अपने पिहले 7 माह के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई है। और तो और, सरकारी उपक्रमों एवं निजी कम्पनियों की लाभप्रदता में भी भारी सुधार देखने में आ रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान भारतीय स्टेट बैंक ने 70,901 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। इसी प्रकार, रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 69,621 करोड़ रुपए, एचडीएफसी बैंक ने 64,062 करोड़ रुपए, ओएनजीसी ने 49,221 करोड़ रुपए, टाटा कंसल्टैसी सर्विसेज लिमिटेड ने 45,908 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक ने 44,256 करोड़ रुपए, इंडियन आइल कॉर्पोरेशन ने 41,729 करोड़ रुपए, लाइफ इन्शुरन्स कॉर्पोरेशन ने 40,915 करोड़ रुपए, कोल इंडिया लिमिटेड ने 37,402 करोड़ रुपए एवं टाटा मोटर्स लिमिटेड ने 31,399 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। आपको ध्यान में होगा कि आज से कुछ वर्ष पर तक केंद्र सरकार को कई सरकारी उपक्रमों को चलायमान बनाए रखने के लिए लाखों करोड़ रुपए की सहायता केंद्रीय बजट के माध्यम से इन सरकारी उपक्रमों की करनी होती थी। आज स्थित एकदम बदल गई है एवं आज ये लगभग समस्त उपक्रम केंद्र सरकार के लिए कमाऊ पूत की भूमिका निभाते हुए नजर आ रहे हैं एवं करोड़ों रुपए का लाभांश केंद्र सरकार को उपलब्ध करा रहे हैं। यह सब केंद्र सरकार द्वारा इन उपक्रमों में सुधार कार्यक्रमों को लागू करने के चलते ही सम्भव हो सका है। अमेरिका के साथ भी भारत का द्विपक्षीय व्यापार समझौता अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है और यूरोपीयन यूनियन देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता दिसम्बर 2025 तक सम्पन्न होने की प्रबल सम्भावना है। इसके बाद भारत से विकसित देशों को निर्यात निश्चित रूप से बढ़ेंगे और इसके चलते बहुत सम्भव है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के निर्यात अपने उच्चत्तम स्तर अर्थात एक लाख करोड़ अमेरिको डॉलर के स्तर को भी पार कर जाएं। यदि ऐसा होता है तो भारत में विदेशी मुद्रा भंडार भी एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर सकते हैं क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें भी कम होती हुई अर्थात लगभग 60 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर होती हुई दिखाई दे रही हैं जबकि भारत अपने उपयोग का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल का आयात विभिन्न देशों से करता है। साथ ही, भारत को स्वर्ण के आयात को भी नियंत्रण में रखना होगा। इससे, भारतीय रुपए की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर की तुलना में और अधिक मजबूत होगी।



वित्तीय वर्ष 2013-14 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार दुगना होकर 4 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से भी आगे निकल गया है। इससे भारतीय नागरिकों की आय भी लगभग दुगनी हो गई है एवं गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे नागरिकों की संख्या में भी भारी कमी दर्ज हुई है। इससे देश के नागरिकों में उत्साह का माहौल जागा है तथा वे एकजुट होकर केंद्र सरकार के आतंकवाद के विरुद्ध लिए जा रहे निर्णयों का भारी समर्थन करते हुए दिखाई दे रहे है। इससे यह सिद्ध हो रहा है कि भारत की आर्थिक क्षेत्र में मजबूती के चलते केंद्र सरकार को भी आतंकवाद के विरुद्द कड़े निर्णय लेने में कोई हिचक नहीं हो रही है। साथ ही, भारत की लगातार मजबूत हो रही आर्थिक स्थिति के चलते विश्व के अन्य कई देश भी आतंकवाद की लड़ाई में भारत के साथ खड़े नजर आ रहे है। आगे आने वाले समय में भारत की आर्थिक स्थित जितनी अधिक सुदृढ़ होती जाएगी, वैश्विक पटल पर भारत के लिए अन्य देशों का समर्थन और अधिक मजबूत होता जाएगा। और फिर, उक्त वर्णित परिस्थितियों के बीच भारत को अपनी एवं भारतीय नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने का अधिकार भी तो है। भारत की आर्थिक स्थिति जितनी अधिक मजबूत होगी, केंद्र सरकार के सुरक्षा सम्बंधी निर्णय भी उतने ही मजबूत रहेंगे।





स्पीड न्यूज

## राखा कॉपर, माइंस लीज नवीकरण को लेकर रूआम की जन सुनवाई टली

जादूगोड़ा। वर्ष 2001 जुलाई से बन्द पड़ी हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट राखा कॉपर माइंस को 24 साल बाद चालू करने की प्रक्रिया तेज हो गई है। इधर शनिवार को राखा कॉपर स्थित तेतुलडागा में माटीगोंडा जनसुनवाई रखी गई है। जिसकी पुष्टि हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड के एच आर अर्जुन लोहरा ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि रूआम में शुक्रवार को होने वाली जनसुनवाई को ग्रामीणों के एक संगठन द्वारा शर्तें रखी जाने की वजह से कुछ दिनों के लिए ग्राम सभा स्थगित की गई है। 13 मई को कुलामारा व इंचडा में राखा कॉपर माइंस की 98.932हेक्टेयर भूमि एफ आर ए 2006 के अनुसार जो वन भूमि क्षेत्र में है अनापति प्रमाणपत्र हेतु ग्राम सभा का आयोजन किया जाना है।

## ओलीडीह स्क्रैप व्यापारी से रंगदारी मांगने के मामले में तीन गिरफ्तार



जमशेदपुर। जमशेदपुर पुलिस ने शुक्रवार को ओलीडीह थाना अन्तर्गत एक कारोबारी से रंगदारी तथा हवाई फायरिंग मामले का उद्भेदन कर 03 अपराधकर्मियों को घटना में प्रयुक्त 01 पिस्टल, 03 देशी कट्टा, 04 गोली के साथ गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। गत 8.04.2025 को ओलीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत एक स्क्रैप कारोबारी से हथियार का भय दिखाकर रंगदारी की मांग की गयी थी इस दौरान रंगदारी देने से मना करने पर दुकान संचालक के उपर फायरिंग की घटना कारित की गयी थी। उक्त संदर्भ में ओलीडीह थाना में छापामारी दल के सहयोग से कांड में संलिप्त 03 युवकों को गिरफ्तार किया गया तथा घटना में प्रयुक्त हथियार (एक देशी पिस्टल तथा शेष बचे 04 जिंदा गोली) को बरामद किया गया। इसके अतिरिक्त छापामारी के क्रम में कांड के प्राथमिकी अभियुक्त रुपेश दुबे के पास से 03 अतिरिक्त अवैध देशी कट्टा बरामद किया गया। रुपेश दुबे का पुर्व से अपराधिक इतिहास रहा है।

## विश्वकर्मा समाज के केंद्रीय कार्यकारिणी का चुनाव 11 को

जमशेदपुर। जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज का केन्द्रीय कार्यकारिणी का चुनाव 11 मई 2025 को गुप्त मतदान द्वारा किया जाएगा। जिसमें समाज के ही 1 अध्यक्ष ,2 उपाध्यक्ष,1 महामंत्री,2 सहायक महामंत्री और 1 कोषाध्यक्ष का चुनाव होगा। इन पदों पर कुल 16 सदस्यों ने नामांकन किए थे जिसमें 2 सदस्य अयोग्य घोषित किए गए। अभी अध्यक्ष पद पर दो सदस्य दिवाकर शर्मा एवं प्रदीप शर्मा के बीच मुकाबला होगा वहीं उपाध्यक्ष में जियुत शर्मा, जितेन्द्र शर्मा और संजय शर्मा ने अपना नामांकन किए हैं। वहीं महामंत्री सुजीत शर्मा और कोषाध्यक्ष अजीत शर्मा निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। सहायक महामंत्री के लिए 7 लोग मैदान में हैं जिनमें दिपक शर्मा, बबलु शर्मा, अर्जुन राणा, जितेन्द्र शर्मा, राकेश शर्मा, राजकुमार शर्मा और मनोज शर्मा प्रत्याशी के रूप में खड़े हैं। उक्त जानकारी मुख्य चुनाव पदाधिकारी बृजनंदन प्रसाद, चुनाव पदाधिकारी बिरेंद्र शर्मा,शिव कुमार जी एवं मुख्य चुनाव पर्यवेक्षक अरूण ठाकुर ने संयुक्त बयान जारी करते हुए बताएं। वहीं शांति पूर्ण चुनाव संचालन के लिए अनुमंडलाधिकारी, एसएसपी, डीसी एवं सितारामडेरा थाना प्रभारी से पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की मांग की गई है। जमशेदपुर में निवास करने वाले सभी विश्वकर्मा वंशियों से आग्रह है की समाज केन्द्रीय कार्यकारिणी के चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

## विधायक पूर्णिमा ने दिलवायी लाभुकों को पेंशन की सौगात



जमशेदपुर। जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू के प्रयासों का असर अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है। शुक्रवार को एग्रिको स्थित आवासीय कार्यालय में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निवास करने वाले दो सौ से अधिक बुजुर्ग, पुरुषों और महिला लाभुकों को विधायक पूर्णिमा साहू ने वृद्धा एवं विधवा पेंशन स्वीकृत प्रमाण पत्र भेंटकर उनका आशीर्वाद लिया। विधायक पूर्णिमा साहू ने इन लाभुकों के लिए स्वयं पहल करते हुए अपने कार्यालय में आवेदन एकत्र कर उन्हें अंचला कार्यालय भेजकर पेंशन स्वीकृति सुनिश्चित करवाई। प्रमाण पत्र मिलने के बाद अब लाभुकों के बैंक खातों में नियमित रूप से पेंशन की राशि आना शुरू हो जाएगी, जिससे उन्हें आर्थिक राहत मिलेगी। इस अवसर पर विधायक पूर्णिमा साहू ने कहा कि यह उनके लिए खुशी का अवसर है। बुजुर्ग हमारे समाज की नींव हैं। इनका जीवन सम्मानजनक और सुरक्षित रहे, यही मेरा प्रयास रहेगा। जब जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान देखती हूं तो लगता है कि मेरी कोशिशें सफल हो रही हैं। वहीं, सभी लाभुकों ने पूर्णिमा साहू के प्रयासों के प्रति आभार जताया।

### शिफ्टिंग के लिए आयोजित समीक्षा बैठक में पहुंचे विधायक, कहा-मानगो पेयजल परियोजना का पानी अस्पताल संचालन के लिए लेना असंभव

# एमजीएम अस्पताल के लिए डिमना लेक की पाइप लाइन से पानी ले प्रशासन : सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो

>> अभी मानगो के लोगों को ही पूरी तरह नहीं मिल पा रहा है पानी

>> अस्पताल को नई बिल्डिंग में शिफ्ट करें पर पहले पूरी तैयारी कर लें

>> सतनाला डैम से अस्पताल को पानी की आपूर्ति की जाए



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने कहा है कि एमजीएम अस्पताल को साकची के पुराने भवन से डिमना चौक के पास बने नये भवन में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया में अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कराए कि अस्पताल को चलाने के लिए आवश्यक सारे इंतजाम वहां पर जितनी जल्द हो, कर लिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसा नहीं कि अस्पताल का स्थानांतरण नए भवन में हो गया और अस्पताल चलाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं वहां आधी-अधूरी रह जाएं। इसे ध्यान में रखते हुए ही अस्पताल के पूरा स्थानांतरण की समय सीमा तय होनी चाहिए। नए भवन में अस्पताल के संचालन में पानी की व्यवस्था नहीं होना सबसे बड़ी बाधा है। इस बाधा को दूर करने का मुकम्मल उपाय होना चाहिए। अस्पताल के नए भवन में आयोजित समीक्षा बैठक के बीच में कुछ देर के लिए शामिल राय ने स्पष्ट रुप से अधिकारियों को बताया कि मानगो पेयजल परियोजना से फिलहाल अस्पताल संचालन के लिए पानी लेना संभव नहीं होगा। उनका तर्क था कि जितने पानी की व्यवस्था इस परियोजना में की गई है, उससे मानगो के सभी क्षेत्रों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है। कई क्षेत्रों में 10-15 मिनट के लिए पानी जाता है। कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां पाइप लाइन बिछाई गई है पर वहां पानी नहीं पहुंच रहा है। कुछ ऐसे क्षेत्र भी हैं, जहां एक दिन ही पानी आता है, दूसरे दिन नहीं। इसको ध्यान में रखते हुए नए एमजीएम भवन में अस्पताल चलाने के लिए पानी का वैकल्पिक उपाय किया जाना चाहिए। राय ने कहा कि या तो डिमना लेक से टाटा स्टील के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक जाने वाली पाइप लाइन से प्रशासन पानी ले और उसे साफ करने के उपरांत अस्पताल में आपूर्ति करे। दूसरा विकल्प यह हो सकता है कि डोबो स्थित सतनाला डैम से अस्पताल के लिए पानी की व्यवस्था की जाए। राय के अनुसार, बैठक में उपस्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मानगो पेयजल परियोजना में मानगो नगर निगम क्षेत्र में उपयोग करने के बाद पानी नहीं बच रहा है, जिसे अस्पताल या दूसरे अन्य कार्य के लिए दिया जा सके। समीक्षा बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने सूचित किया कि उन्होंने नए अस्पताल भवन के परिसर में दस डीप बोरिंग कराई है जिससे करीब 3 लाख लीटर प्रतिदिन पानी की आपूर्ति हो सकती है। एक नई योजना स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही है जिसमें स्वर्णरेखा से पानी खींच कर उसे अस्पताल परिसर में बने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक लाया जाएगा। यह योजना सितंबर 2025 तक पूर्ण हो जाने की उम्मीद है। राय ने उनसे कहा कि अस्पताल के विभिन्न विभाग का ओपीडी यहां पहले आ रहा है और पूरा अस्पताल को नए भवन में स्थानांतरित करने के लिए जो तकनीकी जरूरतें हैं, उसे पूरा किये बिना नए भवन में अस्पताल पूरी तरह संचालित नहीं हो सकता है। अस्पताल को पूरी तरह से स्थांतरित करने के पहले इसका परीक्षण हो जाना चाहिए ताकि यहां पर की गई सारी व्यवस्थाएं सुचारू रुप से काम कर सकें। उन्होंने कहा कि अभी तक दो-तीन महीने में जितनी व्यवस्थाएं होनी हैं, उसके लिए बोरिंग से मिल रहा पानी पर्याप्त है। इसलिए मानगो पेयजल परियोजना के लाभुकों का हक काट कर उनके हिस्से का पानी अस्पताल में लाने के बारे में सोचना अव्यवहारिक होगा। यदि अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन ऐसा सोच रहा है तो उन्हें अपनी सोच बदलनी होगी। उन्होंने कहा कि मानगो पेयजल परियोजना का उद्देश्य मानगो के नागरिकों को पेयजल की उपलब्धता कराना है जो अभी तक पूरा नहीं हो पा रहा है। अभी तो बालीगुमा टंकी से पेयजलापूर्ति का काम भी आरंभ नहीं हुआ है। सिर्फ पाइपलाइन बिछा कर छोड़ दिया गया है। ऐसी स्थिति में मानगो पेयजल परियजना का पानी का इस्तेमाल अस्पताल में करना मुनासिब नहीं होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि अस्पताल प्रबंधन और जिला प्रशासन अपनी सोच बदलेंगे। सरयू राय ने कहा कि यदि एमजीएम अस्पताल का पुराना भवन जर्जर हो चुका है और नया भवन बन कर तैयार होने के करीब पहुंचने के बाद भी वहां पानी की व्यवस्था नहीं हो सकी है तो इसके लिए राज्य सरकार जिम्मेदार है। आग लगने के बाद कुआं खोदना इस सरकार की नीति बन गई है। इसी वजह से एमजीएम अस्पताल के पुराने भवन से अस्पताल को नए भवन में स्थानांतरितच करने में समस्या पैदा हो रही है। इसका स्थायी समाधान होना चाहिए। समीक्षा बैठक में आइएएस दीपांकर चौधरी, मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त कृष्ण कुमार, एमजीएम अस्पताल के प्राचार्य डॉ. दिवाकर हांसदा सहित अस्पताल के सभी विभागों के विभागाध्यक्ष, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारी और एलएंटटी के अधिकारी उपस्थित थे।

# इंसान को अनुशासित व आत्मविश्वासी बनाता है स्पोर्ट्स : डी बी सुंदर रामम

खबर मन्त्र ब्यूरो

### जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में समर कैंप 2025 की शुरूआत



प्रतिभागियों के साथ वीपी कारपोरेट सर्विसेज डीबी सुंदरामम और चीफ मुकुल चौधरी व अन्य।

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट के बहुप्रतीक्षित समर कैंप 2025 का शुक्रवार को आधिकारिक रूप से उद्घाटन जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक जीवंत उद्घाटन समारोह में हुआ, जिसमें टाटा स्टील के कॉर्पोरेट सर्विसेज के उपाध्यक्ष डी बी सुंदर रामम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। पहले ही दिन उत्साही प्रतिभागियों की भारी उपस्थिति के साथ, कैंप ने आने वाले गर्मियों के लिए ऊर्जा से भरपूर माहौल तैयार कर दिया। फिटनेस, अनुशासन, रचनात्मकता और समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए डिजाइन किए गए इस कैंप का आयोजन स्पोर्ट्स डिवीजन द्वारा किया जा रहा है और यह 30 मई, 2025 तक चलेगा। एथलेटिक्स, तैराकी, फुटबॉल, कराटे, मुक्केबाजी, योग और अन्य सहित 20 खेल और स्वास्थ्य विषयों में फैले इस कैंप में 4-6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए विशेष रूप से क्यूरेट किए गए सत्र भी शामिल हैं, जिसमें उन्हें बच्चों के जुम्बा, फुटबॉल और रोलर स्केटिंग जैसी गतिविधियों के माध्यम से मजेदार फिटनेस से परिचित कराया जाता है। इस वर्ष के शिविर में समावेशिता और सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिसमें 40 विशेष बच्चे और मस्ती की पाठशाला के लगभग 60 बच्चे शामिल हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त, माता-पिता और अभिभावकों के लिए समय-समय पर सहभागिता गतिविधियों की योजना बनाई गई है ताकि एक सहायक और उत्सवपूर्ण माहौल बनाया जा सके। अपने उद्घाटन भाषण में, सुंदर रामम ने आत्मविश्वासी, अनुशासित व्यक्तियों को आकार देने में खेलों के महत्व पर जोर दिया और शारीरिक गतिविधि को स्थिरता और सामाजिक जागरूकता के मूल्यों के साथ जोड़ने की पहल की सराहना की। इस वर्ष अपने प्रस्तावों के एक भाग के रूप में, शिविर सभी प्रतिभागियों को विशेष वाउचर वितरित कर रहा है: टाटा स्टील जूलॉजिकल पार्क में 30% की छूट और निक्को जुबली पार्क में 40% की छूट। स्वास्थ्य के साथ तालमेल बिठाते हुए, प्रतिभागियों को पोषण और जलयोजन पर विशेषज्ञ के नेतृत्व वाले सत्रों से लाभ होगा, जो उन्हें उनके एथलेटिक और रोजमर्रा के स्वास्थ्य का समर्थन करने के लिए ज्ञान से लैस करेगा। बच्चों को एथलेटिक प्रशिक्षण के साथ-साथ आवश्यक जीवन कौशल प्रदान करने के लिए सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श, मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण, और संधारणीय प्रथाओं पर जानकारीपूर्ण सत्रों की योजना बनाई गई है।

## क्षत्रिय समाज ने महाराणा प्रताप की जयंती पर किया 100 यूनिट रक्तदान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** महाराणा प्रताप जयंती के पावन अवसर पर क्षत्रिय समाज संपूर्ण भारत द्वारा हर साल की तरह इस साल भी समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर ब्लड डोनेशन में लगभग 100 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक सरयू राय, धर्मेंद्र सोनकर, कुणाल सारंगी, समीर मोहंती, मेनका सरदार, राकेश्वर पांडे, प्रिंस सिंह, बब्लू झा, शशी भूषण प्रसाद, संजीव श्रीवास्तव, दिवाकर सिंह, राणा प्रताप सिंह, परितोष सिंह, हरेराम सिंह, शंकर रेड्डी, एलबीसिंह, महावीर मुर्मू, राघवेंद्र प्रताप सिंह, मृत्युंजय सिंह, शिवपूजन सिंह, राजीव सिंह,बंटी सिंह, कन्हैया सिंह, अरुण सिंह, राजेश सिंह राजू, बलदेव सिंह,गोल्डी तिवारी, सागर तिवारी, बंटी सिंह,अमित दुबे, रत्न महतो, पंकज सिन्हा, संतोष चौबे, दीपक रंजन सिंह, रिंकू सिंह, सुजाता सिंह, अजित सिंह मनोरंजन सिंह, रूपा गुप्ता, संजय गुप्ता, मनोज सिंह संजय सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, अनू रंजन सिंह, वकील सुधा सिंह, सोमैया थे।

## सेना पीओके छीने, पाक से बलूचिस्तान को अलग करे : सरयू

ऐसा करने से देश की जनता का आत्मविश्वास बढ़ेगा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय ने दो टूक कहा है कि अगर पूर्ण युद्ध की घोषणा हो जाती है तो भारतीय सेना को पाक अधिकृत कश्मीर न सिर्फ छीन लेना चाहिए बल्कि बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग कर देना चाहिए। ऐसा करने से देश की जनता का आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने यह भी कहा कि बलूच लोगों को शासन करने का अधिकार मिलना चाहिए। यहां भारतीय सेना के समर्थन में तिरंगा लेकर मां भारती और भारतीय सेना जिंदाबाद के जयघोष के बाद मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि 2014 के बाद और 2014 के पहले के माहौल में बड़ा अंतर है। 2014 के पहले लोगों के मन में डर था। 2014 के बाद, जब से मोदी सरकार आई है, इस सरकार ने जबरदस्त कड़ाई की है। सरयू राय ने कहा कि पाकिस्तान की सरकार उग्रवादियों को भारत में पहले भी भेजती थी, अब भी भेजने का प्रयास कर रही है लेकिन सीमा पर मुस्तैद हमारे जवान उन्हें ढेर कर दे रहे हैं। अब तो पाकिस्तान की सरकार अपने संरक्षण में सुरंग बना कर आतंकियों को भेजती है। उन्होंने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद पूरा देश एक पैर पर खड़ा है, एकजुट है। भारत की सेना पाकिस्तान को मुहतोड़ जवाब दे रही है।

## दिल्ली से रांची के लिए एक उड़ान आवश्यक : काले

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/जमशेदपुर।** भाजपा प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने रांची के लिए दिल्ली से प्रतिदिन देर रात (लगभग 10 बजे) उड़ान शुरू करने हेतु प्रधानमंत्री कार्यालय एवं नागरिक उड्डयन मंत्रालय को पत्र लिखकर मांग की है। अपने पत्र में काले ने कहा है कि रांची एक उभरता हुआ प्रशासनिक, व्यापारिक और शैक्षणिक केंद्र बन चुका है और यहां बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। इसके बावजूद, दिल्ली से रांची के लिए कोई भी लेट-नाइट फ्लाइट उपलब्ध नहीं है, जो यात्रियों, व्यावसायिक वर्ग, चिकित्सा या आपात स्थिति में यात्रा करने वालों के लिए असुविधाजनक है। उन्होंने कहा कि पटना, भोपाल, लखनऊ जैसे कई शहरों को दिल्ली से देर रात की उड़ान की सुविधा प्राप्त है, लेकिन रांची अभी भी इस दृष्टिकोण से वंचित है।

काले ने विशेष रूप से जोर दिया कि दिल्ली एयरपोर्ट पर शाम को आने वाली अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के यात्रियों के लिए भी रांची को जोड़ने वाली एक रात की फ्लाइट बेहद उपयोगी सिद्ध होगी। यह मांग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभी के साथ, सभी का विकास की सोच और उडान की भावना से मेल खाती है। काले ने आग्रह किया है कि इस उड़ान को शीघ्र स्वीकृति दी जाए।

## साहस और स्वाभिमान का प्रतीक है महाराणा प्रताप का जीवन : सुधांशु ओझा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर भाजपा जमशेदपुर महानगर के कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में मरीन ड्राइव गोलचक्कर स्थित महाराणा प्रताप चौक पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस दौरान कार्यकताओं ने 'महाराणा प्रताप अमर रहें' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाकर राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। वहीं, कार्यकताओं द्वारा महाराणा प्रताप के जीवन आदर्शों को स्मरण करते हुए राष्ट्र रक्षा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण का प्रतीक है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, राजीव सिंह, रेणु शर्मा, पप्पू सिंह, कृष्णा शर्मा काली, प्रेम झा, सागर राय, बजरंगी पांडेय, अमित सिंह, उज्ज्वल सिंह, अनूप सिंह, मनोज सिंह व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रवीन्द्र नाथ टैगोर मौलिक चेतना के साकार रूप थे : प्रो मित्रेश्वर

खबर मन्त्र ब्यूरो



जयंती समारोह में कुलाधिपति संग अतिथि व शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र।

**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय घाटशिला के सभागार में शुक्रवार को विश्वकवि गुरूदेव रविन्द्र नाथ टैगोर की 164वीं जयंती मनाई गई। रवीन्द्र नाथ का जीवन दर्शन, मनोभावना और साहित्यिक कृतियां विषय पर बांग्ला, इतिहास और राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि धाटशिला कॉलेज इतिहास विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो मित्रेश्वर ने कहा कि रवीन्द्र नाथ टैगोर मौलिक चेतना के साकार रूप थे। उन्होंने जन जन से जुड़ने के लिए मैथिली भाषा में भानुसिंधे पदावली की रचना की। रवीन्द्र नाथ बांग्ला संस्कृति की पहचान हैं। यदि बांग्ला संस्कृति से रवीन्द्र नाथ टैगोर की रचना को अलग कर दिया जाए तो बांग्ला संस्कृति में कुछ विशेष नहीं बचेगा। उन्होंने देश को रवीन्द्रनाथ की देन को याद करते हुए कहा कि वे ब्रह्मा के पर्यायवाची हैं जिन्होंने समस्याओं के केवल देखा ही नहीं बल्कि उसका समाधान भी किया। प्रो मित्रेश्वर ने कहा कि गुरूदेव की रचनाओं में आनन्द प्राप्ति का भाव है जो ज्ञान प्राप्ति से ही संभव है। उन्होंने कहा कि अर्थकारी शिक्षा अनर्थकारी होती है। प्रो मित्रेश्वर ने कहा कि रवीन्द्रनाथ के सपनों का हिंदुस्तान बनना चाहिए। आजादी के बाद देश ने रवीन्द्र नाथ टैगोर के शिक्षा संबंधी दर्शन को भुला दिया। सोना देवी विवि के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह ने इस मौके पर कहा कि हम भाग्यशाली हैं कि गुरूदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की जयंती के साथ ही हमें महान सेनानी महाराणा प्रताप की जयंती मनाने का अवसर प्राप्त हुआ है। महाराणा प्रताप की जयंती के अवसर पर आज का दिन शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता ह। महाराणा प्रताप ने अपना जीवन देश के लिए बलिदान कर दिया। सिंह ने भारत पाकिस्तान के बीच हो रहे संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि देश का नेतृत्व कुशल हाथों में है और हमें अपनी सुरक्षा के लिए हर स्तर पर सर्तक रहना है। हमे देश की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाने के लिए तैयार रहना है। सोना देवी विवि के कुलपति डॉ जे पी मिश्रा ने कहा कि विश्वकवि टैगोर ने वसुधैव कुटुंबकम की बात कही। वे प्रकृति प्रेमी थे और महात्मा गांधी से उनका गहरा संबंध था। सोना देवी विवि के कुलसचिव डॉ गुलाब सिंह आजाद ने रवीन्द्र नाथ टैगोर की रचनाअें के बारे में कहा कि उनके बताए मार्ग पर चलने की कोशिश करें।

### एक नजर में

## एमवी प्रसाद ने 105वीं बार और प्रभुनाथ सिंह ने 82वां रक्तदान किया



**जमशेदपुर।** विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर एमवी प्रसाद ने अपना 20वां एसडीपी (सिंगल डोनर प्लेटलेट) और 105बार नियमित रक्तदान कर कुल 125 बार दान की ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त की। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के एसडीपी प्रभारी प्रभु नाथ सिंह ने भी 46वीं बार एसडीपी दान कर अपना कुल 82वां रक्तदान पूरा किया, जिसमें 36 बार का नियमित रक्तदान शामिल है। इस अद्वितीय सेवा और समर्पण के लिए एम वी प्रसाद एवं प्रभुनाथ सिंह को संजय चौधरी (प्रशासक, जमशेदपुर ब्लड सेंटर) और विजय सिंह (सचिव, रेड क्रॉस सोसाइटी जमशेदपुर) की ओर से सम्मानित किया गया। दोनों ही व्यक्तियों का यह नि:स्वार्थ योगदान न केवल मानवता की सच्ची सेवा का प्रतीक है, बल्कि यह युवाओं के लिए भी प्रेरणास्रोत है कि वे आगे आकर रक्तदान और प्लेटलेट दान जैसे कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में योगदान दें।

## क्षत्रिय महासभा ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर किया माल्यापर्ण



**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री समरेश सिंह के नेतृत्व में शुक्रवार को साकची मरीन ड्राइव गोलचक्कर स्थित क्षत्रिय कुलभूषण, वीर शिरोमणि, मेवाड नरेश महाराणा प्रताप की जन्म जयंती पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर प्रदेश संरक्षक चन्द्रगुप्त सिंह एवं आजसू जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह भी उपस्थित थे। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए समरेश सिंह ने कहा कि महाराणा प्रताप का सारा जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है मुगलो के खिलाफ उनके लड़ाई में आर्थिक मदद करने के लिए दानवीर भामाशाह ने एक और जहां सब कुछ न्योछावर कर दिया वहीं कोल भील ने उनके सेनापति के रूप में अमिट छाप छोड़ी स्वयं महाराणा प्रताप ने भी सूखे घॉस की रोटी खाई पर अकबर के सामने कभी घुटने नहीं टेके। देश के आक्रनताओं के विरुद्ध हल्दी घाटी के मैदान में लड़ा गया उनका युद्ध इतिहास के पन्नो में हमेसा स्वर्णिम अक्षरों में लिखा रहेगा। इस मौके पर समरेश सिंह, चन्द्रगुप्त सिंह, कन्हैया सिंह, रवि प्रकाश सिंह, बलदेव सिंह, रौनक सिसोदिया, शुभम सिंह, विशाल सिंह, सुमंत सिंह, ललित सिंह, सुखदेव सिंह, इंद्रजीत सिंह, राजा सिंह, जय प्रकाश सिंह, रवि राजू, अंकित सिंह, श्रीकांत सिंह, संतोष सिंह, देवांशु शेखर, सदानंद सिंह, रवि शंकर सिंह आदि उपस्थित थे।

## झारखंड प्रदेश वीरांगना ने दी महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** भारतीय इतिहास के महानायक महाराणा प्रताप के जन्मदिवस पर अंतर्राष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन महासभा की झारखंड प्रदेश इकाई ने जमशेदपुर में मैरीन ड्राइव स्थित महाराणा प्रताप की अमर प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर प्रदेश वीरांगना की पदाधिकारी सरोज सिंह, पूर्वी सिंहभूम की जिलाध्यक्ष सुनंदा सिंह, सरायकेला की जिलाध्यक्ष शशिप्रभा सिंह, जमशेदपुर की जिला संगठन सचिव पूर्णिमा सिंह और उपाध्यक्ष प्रतिभा सिंह आदि उपस्थित थी।

## करणी सेना ने शौर्य दिवस के रूप में मनाई महाराणा प्रताप की जयंती



**जमशेदपुर।** मातृभूमि की स्वाधीनता के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित करने वाले वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जयंती पर क्षत्रिय करणी सेना परिवार ने शौर्य दिवस के रूप में मनाई महाराणा प्रताप की जयंती। करणी सेना के पदाधिकारियों और सदस्यों ने साकची गोलचक्कर से महाराणा प्रताप चौक तक शौर्य यात्रा निकाल जय महाराणा और जय भारतीय सेना की जयकार लगाते हुए पहुंची माल्यार्पण करने। सभी ने महाराणा प्रताप की वीरता को याद करते हुए और उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लेते हुए पुष्प अर्पित किया और माल्यार्पण कर नमन किया,साथ ही करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष स्व विनय सिंह को याद कर उन्हे श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर मौजूद करणी सेना के जिलाध्यक्ष ने कहा कि जिस तरह महाराणा प्रताप ने दुश्मनों के आगे कभी गूठने नही टेके उसी प्रकार आज हमारी भारतीय सेना भी अपने दुश्मनों से लोहा लेते हुए कड़ा जवाब दे रही है। कार्यक्रम में मौजूद संजय सिंह, हरि सिंह राजपूत, रंजन सिंह, मोहित सिंह, मनोज सिंह, रोहित सिंह, कृष सिंह, अंकित सिंह, अभिषेक सिंह, पंकज सिंह, कमल सिंह, करण, राकेश, शुभम, हैप्पी, गगन, शशी व अन्य लोग मौजूद थे।




# बीसीसीआइ ने आइपीएल को एक सप्ताह के लिए किया स्थगित

➲ हालात की समीक्षा के बाद होगा अगला ऐलान

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** बीसीसीआइ ने मौजूदा टाटा आइपीएल 2025 को तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला किया है। इस निर्णय के पीछे हालिया हालात और खिलाड़ियों, प्रसारकों, प्रायोजकों सहित सभी संबंधित पक्षों की चिंताओं को ध्यान में रखा गया है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि स्थिति की व्यापक समीक्षा के बाद ही नए शेड्यूल और स्थानों की घोषणा की जाएगी।

### खिलाड़ियों और फ्रेंचाइजियों की चिंता को मिला सम्मान

आइपीएल गवर्निंग काउंसिल ने यह फैसला सभी प्रमुख हितधारकों से सलाह-मशविरा करने के बाद लिया है। अधिकतर फ्रेंचाइजियों ने अपने खिलाड़ियों की भावनाओं और सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को बीसीसीआइ तक पहुंचाया था। साथ ही, ब्रॉडकास्टर, स्पॉन्सर्स और प्रशंसकों की भावनाओं को भी महत्व दिया गया। आइपीएल 2025 में अभी धर्मशाला में रद्द हुए मैच के साथ 58 मैच खेले जा चुके हैं। ग्रुप स्टेज पर अभी 12 मैच बचे हैं, जिनमें लखनऊ (2), हैदराबाद, अहमदाबाद (3), दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु (2), मुंबई, जयपुर (1) शामिल हैं, तथा इसके बाद हैदराबाद और कोलकाता में प्लेऑफ मैच खेले जाने हैं।

## देश के साथ खड़ा है बीसीसीआई



बीसीसीआइ ने इस मौके पर देश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई है और कहा कि वह भारत सरकार, सशस्त्र बलों और देशवासियों के साथ मजबूती से खड़ा है। बोर्ड ने ऑपरेशन सिंदूर में जुटे भारतीय सेना के जवानों की वीरता, साहस और सेवा भावना को सलाम किया है। हालिया आतंकी हमले और पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई के जवाब में सेना के प्रयासों को प्रेरणादायक बताया गया है। बीसीसीआइ ने कहा कि भले ही क्रिकेट देश का जुनून है, लेकिन राष्ट्र की संप्रभुता, एकता और सुरक्षा से बढ़कर कुछ नहीं। बोर्ड ने भरोसा दिलाया है कि भारत की सुरक्षा से जुड़े किसी भी फैसले में वह हमेशा सरकार और देश के साथ रहेगा। बीसीसीआइ ने लीग के आधिकारिक ब्रॉडकास्टर जियो स्टार, टाइटल स्पॉन्सर टाटा और अन्य सभी सहयोगी भागीदारों का आभार जताया है, जिन्होंने इस कठिन समय में पूरी समझदारी और समर्थन के साथ राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है।

## दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में बम की खबर अफवाह निकली

दिल्ली एवं जिल क्रिकेट संघ (डीडीसीए) को अरुण जेटली स्टेडियम में बम की धमकी मिली जिसके बाद बम निरोधी दस्ता, डॉग स्क्वाड के साथ दिल्ली पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्टेडियम की जांच की। हालांकि अधिकारियों ने बताया कि स्टेडियम में बम की खबर अफवाह निकली। डीडीसीए के सचिव अशोक शर्मा ने कहा, 'डीडीसीए के ई-मेल पर हमें बम की धमकी मिली। हमने तुरंत ही इसे दिल्ली पुलिस को भेजा। दिल्ली पुलिस की बम निरोधी दस्ता की टीम स्टेडियम में आई और उन्होंने पूरे वेन्यू की जांच की, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने बताया कि सूचना मिलने के बाद कई टीमें स्टेडियम पहुंची और उन्होंने स्टेडियम की अच्छी तरह जांच की। सूत्रों ने बताया, कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला, लेकिन फिर भी हमने स्टेडियम और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है।वहीं, चेन्नई में बम की धमकी दी गई और कहा गया कि अगर यहां क्रिकेट मुकाबले हुए तो बम फट जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं।

## सिराज का भावुक पोस्ट वायरल



**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ने सेना को सलाम किया है। सिराज ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर भारतीय सेना के लिए एक भावुक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट के साथ सिराज ने फाइटर जेट के साथ तिरंगे की तस्वीर शेयर की है। बीते 8 मई को पाकिस्तान के द्वारा भारत के सीमावर्ती क्षेत्र में जो नापाक हमले किए गए उससे मोहम्मद सिराज समेत टीम इंडिया के क्रिकेटरों में रोष फूट पड़ा है। मोहम्मद सिराज ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, 'शुक्रिया इंडियन आर्म्ड फोर्स,पिछली रात हमारे 15 शहरों को सुरक्षित करने के लिए। आपकी वजह से पूरा देश चैन की नींद सोता है। आप एक सबसे बड़े कारण हैं जिनकी बदौलत हम लोग खुली हवा सांस ले पाते हैं। धन्यवाद जय हिंद।'

## रोहित शर्मा, बुमराह और सूर्यकुमार ने भारतीय सेना को किया सलाम



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच भारतीय क्रिकेटर्स रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह ओर सूर्यकुमार यादव ने भारतीय सेना की बहादुरी और समर्पण को सलाम किया है। तीनों खिलाड़ियों ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जवानों के साहस और देश की रक्षा में उनकी भूमिका की सराहना की। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट पर लिखा, हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी और साहस के लिए आभार। हम उन्हें सलाम करते हैं और हमेशा उनके ऋणी रहेंगे, जो हमें सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। वहीं, स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने लिखा, हमारी सेनाओं पर बेहद गर्व है और उनके साहस व संयम को सलाम। आप ही हैं जिनकी वजह से हम अपने घरों में सुरक्षित हैं। सीमाओं पर आपकी शक्ति और समर्पण को नमन। जय हिंद! इस बाबत भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना को सलाम करते हुए भावुक पोस्ट किया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किए जाने के बाद रोहित ने सुरक्षा बलों की वीरता की सराहना की। रोहित ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा , हर एक क्षण के साथ, हर एक निर्णय के साथ, मुझे हमारी भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना पर अत्यधिक गर्व महसूस होता है। हमारे वीर योद्धा देश की शान के लिए मजबूती से खड़े हैं। हर भारतीय की जिम्मेदारी है कि वह किसी भी फेक न्यूज को फैलाने या उस पर विश्वास करने से बचें। सभी सुरक्षित रहें !जय हिन्द।

रोहित के इस संदेश ने देशवासियों को सुरक्षाबलों पर गर्व करने के साथ-साथ सोशल मीडिया पर सतर्कता बरतने का भी संदेश दिया है। वे उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्होंने इस संकट के समय में राष्ट्रीय एकता और जागरूकता का आह्वान किया है।

## पंजाब और दिल्ली के खिलाड़ियों को कड़ी सुरक्षा के बीच जालंधर से ट्रेन से किया रवाना



एजेंसी

**धर्मशाला।** 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बने युद्ध के हालातों के चलते धर्मशाला में गुरुवार बीती रात पंजाब और दिल्ली के बीच आइपीएल मैच को एकाएक बीच में रोक कर रद्द करने के बाद शुक्रवार सुबह दोनों टीमों सहित अन्य स्टाफ सदस्यों को जालंधर से ट्रेन के माध्यम से दिल्ली के लिए रवाना किया। सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा कर्मियों के कड़े पहरे में गाड़ियों के माध्यम से दोनों टीम के खिलाड़ियों को कांगड़ा पुलिस ने पंजाब की सीमा होशियारपुर तक छोड़ा। उसके बाद पंजाब पुलिस ने सुरक्षा का जिम्मा उठाते हुए इन्हें जालंधर रेलवे स्टेशन तक पंहुचाया। गौर हो कि युद्ध के हालात के चलते कांगड़ा का गगल एयरपोर्ट भी बंद कर सेना के हवाले कर दिया गया है। एएसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि शुक्रवार सुबह सभी टीम के खिलाड़ियों सहित अन्य स्टाफ और ब्रॉडकास्ट सदस्यों को धर्मशाला से करीब 40 से 50 छोटे वाहनों के जरिये पंजाब की सीमा होशियारपुर तक कड़ी सुरक्षा के बीच छोड़ा गया। वहां से आगे पंजाब पुलिस ने उन्हें जालन्धर रेलवे स्टेशन पंहुचाया। जालंधर से विशेष ट्रेन के माध्यम से उन्हें दिल्ली के लिए रवाना किया गया। गौरतलब है कि भारत पाकिस्तान के बीच बीती रात हुए दरों व मिसाइल हमलों के चलते धर्मशाला में पंजाब और दिल्ली के बीच खेले गए मैच को बीच मे ही रोकना पड़ी था। अचानक मैच रुकने के बाद पुलिस कर्मियों ने महज 20 मिनट में ही स्टेडियम को खाली करवा दिया और सभी दर्शकों को जल्द स्टेडियम से बाहर जाने को कहा। वहीं इससे पूर्व धर्मशाला में रात नौ बजकर 28 मिनट पर पंजाब किंग्स-दिल्ली कैपिटल्स के बीच चल रहे मैच के दौरान ब्लैकआऊट कर दिया गया और मैदान में लगी फ्लड लाइट्स को एक के बाद एक को बंद करवा दिया गया। मैदान से सबसे पहले पंजाब व दिल्ली के खिलाड़ियों को शांतिपूर्वक बाहर निकालकर होटलों में सुरक्षित भेजने के लिए रवाना किया गया था।

# जायसवाल का यू-टर्न, पत्र लिखकर फिर से मुंबई के लिए खेलने की अनुमति मांगी



एजेंसी

**मुंबई।** भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन से अनुरोध किया है कि उन्हें घरेलू दिग्गजों के साथ बने रहने की अनुमति दी जाए। उनका यह फैसला गोवा में जाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र मांगने के एक महीने बाद आया है। अप्रैल में जायसवाल ने गोवा में जाने के लिए एमसीए को पत्र लिखकर सभी को चौंका दिया था। अपनी ओर से टउअ ने भी जायसवाल के अनुरोध को तुरंत मंजूरी दे दी थी। जायसवाल द्वारा MCA को लिखा गया ईमेल है जिसमें उन्होंने कहा है कि वह अगले घरेलू सत्र में मुंबई का प्रतिनिधित्व करने के लिए उपलब्ध हैं। जायसवाल ने लिखा, मैं आपसे अनुरोध करता हूं कि मुझे दिए गए NOC को वापस लेने के मेरे अनुरोध पर विचार करें क्योंकि गोवा में जाने की मेरी कुछ पारिवारिक योजनाएं थीं, जिन्हें फिलहाल रोक दिया गया है। उन्होंने कहा, इसलिए मैं ईमानदारी से MCA से अनुरोध करता हूं कि मुझे इस सत्र में मुंबई के लिए खेलने की अनुमति दी जाए! मैंने बीसीसीआइ या गोवा क्रिकेट एसोसिएशन को NOC नहीं सौंपी है! जायसवाल उत्तर प्रदेश के भदोही से मुंबई चले गए और पिछले कुछ वर्षों में भारत के लिए सभी प्रारूपों में पदार्पण करने के लिए रैंक के माध्यम से आगे बढ़े, ऐसा भी माना जाता था कि कप्तान बनने की संभावना के कारण वे मुंबई से गोवा चले गए थे। व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर ने शायद 23 वर्षीय जायसवाल को गोवा के साथ बिताने के लिए बहुत समय नहीं दिया होगा, लेकिन उनका कप्तान बनने से उन्हें प्रमुख नेतृत्व भूमिकाओं में कुछ अनुभव प्राप्त होगा। गोवा क्रिकेट संघ के सचिव शंबा देसाई ने पहले पुष्टि की थी कि जायसवाल उनके कप्तान होंगे और गोवा टीम को 2025-26 सीजन से पहले प्लेट डिवीजन से एलीट में अपग्रेड किया जाएगा।

## पीसीबी की योजना पर फिर सकता है पानी, अनुरोध खारिज कर सकता है यूएइ



एजेंसी

**दुबई।** पाकिस्तान सुपर लीग के बाकी मैच संयुक्त अरब अमीरात में कराने की पीसीबी की योजना धरी रह सकती है क्योंकि भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर तनाव को देखते हुए अमीरात क्रिकेट बोर्ड द्वारा इसे मंजूर करने की संभावना कम ही है। अमीरात क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों ने संकेत दिया है कि बोर्ड पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के ऐसे किसी भी अनुरोध को खारिज कर सकता है। पीसीबी पहले ही ऐलान कर चुका है कि PSK UAE में होगा। सूत्र ने इसके लिए सुरक्षा कारणों का हवाला दिया है। समझा जाता है कि हालिया घटनाक्रम के मद्देनजर अमीरात क्रिकेट बोर्ड यह संकेत नहीं देना चाहता कि वह पीसीबी का मददगार है और पीएसएल की मेजबानी से ऐसा ही संकेत जाएगा। सूत्र ने कहा, अमीरात क्रिकेट बोर्ड के हाल ही के कुछ वर्षों में बीसीसीआइ से मजबूत रिश्ते रहे हैं। इसने टी20 विश्व कप 2021 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के दौरान भारत के मैचों के अलावा आइपीएल की भी मेजबानी की है। दुबई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का मुख्यालय भी है जिसके अध्यक्ष बीसीसीआइ के पूर्व सचिव जय शाह हैं। सूत्र ने कहा, यूएइ में काफी तादाद में दक्षिण एशियाई हैं जिन्हें क्रिकेट काफी पसंद है।

## दक्षिण अफ्रीका ने श्रीलंका को 76 रनों से हराया



एजेंसी

**कोलंबो।** क्लोई ट्राइऑन (74 रन और पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और एनेरी डर्कसेन (104) की शतकीय पारी के दम दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने शुक्रवार को त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के छठे मुकाबले में श्रीलंका को 76 रनों से हराया। 316 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए हसिनी परेरा और विष्मी गुणारत्ने की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 52 रन जोड़े। 10वें ओवर में क्लोई ट्राइऑन ने हसिनी परेरा (30) को आउटकर दक्षिण अफ्रीका को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद ट्राइऑन ने 14वें ओवर में विष्मी गुणारत्ने (24) को भी अपना शिकार बना लिया। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंकाई बल्लेबाजी टिक नहीं खेल सके। हर्षिता समाराविक्रमा (33) को एस नायडू ने आउट किया। नीलाक्षी डिसिल्वा (14) और मानुदी ननायक्करा (13) रन बनाकर आउट हुई। श्रीलंका की कप्तान चामरी अटापट्टू ने सर्वाधिक (52)रनों की पारी खेली। आखिरी तीन बल्लेबाजों और देवमी विहंगा (16), सुगंधिका कुमारी (शून्य) और मल्की मदारा (शून्य) पर आउट हुई। इन तीनों बल्लेबाजों को क्लोई ट्राइऑन ने आउट किया। श्रीलंका का आखिरी विकेट इनोशी प्रियदर्शिनी (शून्य) रनआउट के रूप गिरा। अनुष्का संजीवनी 32 गेंदों में 43 रन बनाकर नाबाद रही। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने श्रीलंका की पूरी टीम को 42.5 ओवर में 239 के स्कोर पर समेटकर मुकाबला 76 रनों से जीत लिया। इस जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका की त्रिकोणीय श्रृंखला से सम्मानजक विदाई हुई।

## शुकरी कॉनराड दक्षिण अफ्रीका पुरुष क्रिकेट टीम का ऑल-फॉर्मेट कोच नियुक्त



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीकी पुरुष क्रिकेट टीम के कोच शुकरी कॉनराड को अब क्रिकेट के तीनों प्रारूप के लिए टीम का कोच नियुक्त कर दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, केट दक्षिण अफ्रीका को प्रोटियाज पुरुष टीम के सभी प्रारूपों के मुख्य कोच के रूप में शुकरी कॉनराड की नियुक्ति की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। बोर्ड ने आगे कहा कि जनवरी 2023 से टेस्ट टीम की अगुआई कर रहे कॉनराड अब जुलाई में जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला से शुरू होने वाले सफेद गेंद के प्रारूपों की कमान संभालेंगे। 58 वर्षीय कॉनराड आइसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2027 तक सभी प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम की देखरेख करेंगे।

## मैं जब बीसीसीआइ अध्यक्ष था तो रोहित शर्मा महान कप्तान थे : गांगुली



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान और विश्व क्रिकेट के दिग्गज बल्लेबाज रोहित शर्मा ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की, जिसने क्रिकेट जगत में एक युग के अंत की शुरूआत की। रोहित ने 7 मई 2025 को अपने टेस्ट करियर को अलविदा कहा, और उनका आखिरी टेस्ट मैच 26 दिसंबर 2024 को आस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में खेला गया था। बीसीसीआइ ने इस अवसर पर रोहित को हिटमैन के रूप में सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की और पुष्टि की कि वह वनडे क्रिकेट में भारत का नेतृत्व करना जारी रखेंगे। इसी बीच पूर्व भारतीय कप्तान और बीसीसीआइ के पूर्व अध्यक्ष सौरव गांगुली ने रोहित शर्मा के टेस्ट संन्यास पर अपनी प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने रोहित की उपलब्धियों की प्रशंसा की और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। गांगुली ने कहा कि वह (रोहित) भारत के लिए एक बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं। उन्हें मेरी शुभकामनाएं। उनका करियर शानदार रहा है, और वह भारत के लिए वनडे और आइपीएल में खेलना जारी रखेंगे। गांगुली ने यह भी उल्लेख किया कि रोहित ने कप्तान के रूप में भारत को कई यादगार जीत दिलाईं, और बीसीसीआइ का काम खिलाड़ियों का समर्थन करना है। गांगुली ने रोहित की कप्तानी की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब वह बीसीसीआई अध्यक्ष थे, तब उन्होंने 2021 में रोहित को भारतीय टीम का कप्तान बनाया था। उस समय इस फैसले की काफी आलोचना हुई थी, खासकर जब विराट कोहली ने टी20 कप्तानी छोड़ी थी। गांगुली ने एक साक्षात्कार में कहा कि जब मैंने रोहित को कप्तान बनाया था, तब मुझे बहुत गालियां मिली थीं। लेकिन अब, जब उन्होंने 2024 टी20 विश्व कप जीता, तो लोगों ने मुझे गाली देना बंद कर दिया। गांगुली का मानना था कि रोहित में नेतृत्व की अद्भुत क्षमता थी, जो उन्होंने मुंबई इंडियंस को पांच आइपीएल खिताब जिताकर पहले ही साबित कर दी थी। हालांकि, गांगुली ने रोहित के टेस्ट फॉर्म पर भी चिंता जताई थी। मार्च 2025 में, उन्होंने कहा कि रोहित का पिछले 4-5 वर्षों में टेस्ट क्रिकेट में प्रदर्शन उनकी क्षमता के अनुरूप नहीं रहा।

उन्होंने कहा कि उनके कद और क्षमता वाला खिलाड़ी इससे कहीं बेहतर कर सकता था। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ आगामी पांच टेस्ट मैचों के लिए अपनी सोच पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि यह एक कठिन सीरीज होगी।

## एलए ओलंपिक 2028: दो ऐतिहासिक स्टेडियमों में होंगे आयोजित

**लॉस एंजेलिस।** लॉस एंजेलिस मेमोरियल कोलिजियम और इंग्लवुड स्थित सोफी स्टेडियम 2028 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के उद्घाटन और समापन समारोहों की मेजबानी करेंगे। एलए28 आयोजकों ने गुरुवार को उक्त घोषणा की।

14 जुलाई 2028 को होने वाला ओलंपिक उद्घाटन समारोह पहली बार दो स्थानों ऐतिहासिक कोलिजियम और आधुनिक सोफी स्टेडियम में साझा रूप से आयोजित होगा।

## ओडिशा खो-खो में महाराष्ट्र को हराकर जीता स्वर्ण

**गया।** बिहार में चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में ओडिशा की लड़कियों ने एक जबरदस्त उलटफेर करते हुए खो-खो के अंडर-18 वर्ग में पावरहाउस महाराष्ट्र को रोमांचक मुकाबले में 34-31 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया वहीं ओडिशा के लड़कों को इसी वर्ग में महाराष्ट्र से 25-34 से हारकर रजत पदक से संतोष करना पड़ा। बिपार्ड परिसर, गया में खेले गए फाइनल मुकाबले में समरनिका साहू (12 अंक) की कप्तानी में ओडिशा की टीम ने पिछड़ने के बावजूद जबरदस्त वापसी करते हुए मैच का पासा पलटा और इतिहास रच दिया। वर्ष 2024 के खेलो इंडिया यूथ गेम्स में रजत जीतने वाली यह टीम इस बार अपने पदक का रंग सोने में बदलने में कामयाब रही।

## हार्दिक, मनप्रीत और हरमनप्रीत ने मेरी काफी मदद की : राजिंदर



एजेंसी

**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के युवा मिडफील्डर राजिंदर सिंह ने अक्टूबर 2024 में जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की सीरीज से सीनियर टीम में कदम रखा था। अब आठ महीने बाद, वह टीम के मुख्य खिलाड़ियों में से एक बन चुके हैं। वर्तमान में वह बेंगलुरु स्थित साईं केंद्र में चल रहे सीनियर नेशनल कैंप में आगामी एफआइएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 के यूरोप चरण की तैयारियों में जुटे हुए हैं। कैंप की तैयारी पर बात करते हुए राजिंदर ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, तैयारियां काफी अच्छी चल रही हैं। कुछ खिलाड़ी फिटनेस पर ज्यादा काम कर रहे हैं, तो कुछ स्टिक और बॉल स्किल्स पर। इस बार दोनों पर समान फोकस है। इससे पहले जो कैंप हुआ था, उसमें पूरी तरह फिटनेस पर ध्यान दिया गया था। भारत ने एफआइएच प्रो लीग 2024/25 के घरेलू चरण में भुवनेश्वर में आठ मुकाबलों में से पांच जीते और 15 अंक अर्जित किए। टीम फिलहाल अंकतालिका में तीसरे स्थान पर है। स्पेन, जर्मनी और इंग्लैंड से हार झेलने के बाद भारतीय टीम ने इन सभी टीमों को रिवर्स फिक्स्चर में हराया। राजिंदर ने प्रदर्शन पर बात करते हुए कहा, भुवनेश्वर में हमारे कुछ मैचों में उतार-चढ़ाव जरूर रहे, लेकिन उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। हम अभी भी उन मैचों के वीडियो सेशन कर रहे हैं ताकि यूरोप लेग की तैयारियों में कोई कमी न रह जाए। उन्होंने आगे कहा, उस चरण में हमने देखा कि हम सर्कल में एंट्री तो कर रहे थे, लेकिन गोल नहीं कर पा रहे थे। इस समय हम सर्कल के अंदर के खेल पर खासा ध्यान दे रहे हैं ताकि फील्ड गोल को ज्यादा से ज्यादा बदला जा सके और पेनल्टी कॉर्नर पर निर्भरता कम हो। 22 वर्षीय राजिंदर हरियाणा से हैं और जूनियर टीम के लिए सुल्तान जोहोर कप 2022 और जूनियर एशिया कप 2023 जैसे टूर्नामेंट जीत चुके हैं। सीनियर खिलाड़ियों के साथ खेलने के अनुभव पर उन्होंने कहा, सीनियर खिलाड़ियों से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला है। वे जब भी हमसे कोई गलती होती है, तो हमें समझाते हैं कि कैसे संयम में रहकर खेलना है। राजिंदर ने खासतौर पर हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह और कप्तान हरमनप्रीत सिंह का आभार जताते हुए कहा, हार्दिक पाजी और मनप्रीत पाजी मिडफील्ड में मेरे साथ खेलते हैं, तो मुझे बहुत गाइड करते हैं। हरमन पाजी पीछे से आवाज लगाकर मेरी पोजिशनिंग सुधारते हैं। हीरो हॉकी इंडिया लीग 2024/25 में राजिंदर ने हैदराबाद तूफान्स की ओर से खेलते हुए टीम को उपविजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने प्रो लीग के पहले चरण में भारत के आठ में से सात मैचों में हिस्सा लिया। अब जून में होने वाले यूरोपीय चरण में भारत को नीदरलैंड्स, अर्जेंटीना, आस्ट्रेलिया और बेल्जियम जैसी मजबूत टीमों का सामना करना है। राजिंदर ने कहा, जिन टीमों से हम खेलने जा रहे हैं, वे बेहद आक्रामक और शारीरिक खेल खेलने वाली हैं। मेरा व्यक्तिगत लक्ष्य है कि मैं अपने डिफेंस पर ध्यान दूं और कोई खिलाड़ी मुझसे डॉज न कर सके या मेरी लाइन को न तोड़ सके।

## निशानेबाजी: महाराष्ट्र ने जीता स्वर्ण, बिहार को मिला कांस्य




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में महाराष्ट्र ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी में कर्नाटक को 16-12 से हराकर स्वर्ण पदक तथा बिहार की दिव्या-रुद्र की जोड़ी ने कांटे की टक्कर वाले मुकाबले में यूपी की टीम को 16-14 अंक से हराकर कांस्य पदक अपने नाम किया। शुक्रवार डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज पर चल रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में महाराष्ट्र ने 10 मी. एयर राइफल मिक्सड टीम यूथ कैटेगरी में कर्नाटक को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। महाराष्ट्र की शंभवी श्रवण क्षीरसागर और पार्थ राकेश माने की जोड़ी ने कर्नाटक की ह्रदया श्री कोंडूर और नारायण प्रणव वनीथा सुरेश की टीम को 16-12 के अंतर से हराकर स्वर्ण पदक जीता। दोनों टीमों के बीच मुकाबला रोमांचक रहा लेकिन महाराष्ट्र की जोड़ी ने बेहतर संयम और सटीकता का परिचय देते हुए मुकाबला जीता। कर्नाटक को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

स्पीड न्यूज

## बीएसएल के निदेशक प्रभारी ने अधिकारियों को दिलाई सुरक्षा शपथ

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में रू-ब-रू नामक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बीएसएल के अनाधिशासी कार्मिक शामिल हुए। संवाद कार्यक्रम के आरम्भ में निदेशक प्रभारी के नेतृत्व में सभी ने सुरक्षा शपथ ली। सहायक महाप्रबंधक अमित आनंद ने एक प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बीएसएल द्वारा ज्ञानार्जन एवं विकास की दिशा में किए गए पहल- लिंक्डइन व फ्यूचर प्राइम इत्यादि प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ एमओयू एवं ई-पाठशाला और अन्य ऐसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से बीएसएल द्वारा अपने कर्मियों को ज्ञानार्जन हेतु उपलब्ध कराये जा रहे नए अवसरों पर प्रकाश डाला। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने अपने संबोधन में ज्ञानार्जन एवं विकास की अहमियत को रेखांकित करते हुए सभी को सीखने के इन अवसरों का भरपूर लाभ उठाने ज्ञानार्जन द्वारा सेल्फ डेवलपमेंट बेस्ट प्रैक्टिसेज को अपनाने तथा डिजिटलाइजेशन एवं ए आई के क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास से अवगत होने पर बल दिया। परिचर्चा में प्रतिभागियों ने भी ज्ञानार्जन एवं विकास से सम्बंधित अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के उप महाप्रबंधक राजेश कुमार ने किया।

## बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस 02 में स्थापित चौथे स्टोव का सफल संचालन

**बोकारो।** बीएसएल के ब्लास्ट फर्नेस 02 में स्थापित चौथे स्टोव का सफल संचालन निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर ईडी- संकार्य सीआर महापात्रा सीजीएम-आरएमएचपी धनंजय कुमार सीजीएम -यातायात एमके ह्यांकी सीजीएम -परियोजनाएं एनके बेहरा सीजीएम- ब्लास्ट फर्नेस शौविक रॉय के साथ ब्लास्ट फर्नेस विभाग के जीएम मानस सरकार श्याम सुन्दर कंचन कुमार महेंद्र प्रसाद डीजीएम एसके शुक्ला जहीर कुरैशी तथा वरीय अधिशासी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। ब्लास्ट फर्नेस 02 में स्थापित चौथे स्टोव की मदद से हॉट ब्लास्ट टेम्परेचर को 950 डिग्री सेंटीग्रेड तक बढ़ाया जा सकेगा जिसके फलस्वरूप ब्लास्ट फर्नेस 02 के परिचालन में न केवल तापीय स्थिरता आएगी बल्कि कोक की खपत और उत्पादन लागत में भी कमी आएगी। हॉट ब्लास्ट टेम्परेचर को 950 डिग्री सेंटीग्रेड तक बनाए रखने से ब्लास्ट फर्नेस 02 की उत्पादन क्षमता ऊर्जा दक्षता एवं कार्यक्षमता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। इस परियोजना को सेल की रांची स्थित इकाई सेंटर फॉर इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के परामर्श से औद्योगिक तकनीकी समाधान प्रदान करने वाली संस्था एसएमएस-इंडिया के द्वारा सम्पूरित किया गया। निदेशक प्रभारी श्री तिवारी ने इस परियोजना से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी और कहा कि यह सफलता संगठन की सतत तकनीकी उत्कृष्टता और समर्पित टीम भावना का परिणाम है तथा हमें भविष्य में भी इस प्रकार की उन्नत तकनीक के प्रयोग से उत्पादन क्षमता को और अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है।

## लगन, मेहनत और समर्पण से आगे भी बने रहें अव्वलः डीएसपी

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में हर मौसम में बिना रुके बिना थके प्रतिदिन विद्यालय आने वाले 215 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पढ़ाई के प्रति लगनशील और समर्पित इन छात्र-छात्राओं को बतौर मुख्य अतिथि बोकारो के सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने शत-प्रतिशत उपस्थिति पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। उनकी हौसला अफजाई करते हुए डीएसपी श्री आलोक ने उन्हें यह लगन और निरंतरता आगे भी बनाए रखने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा - विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि डीपीएस बोकारो हमेशा ही अव्वल रहा है।

# छात्रों को दी साइबर क्राइम व ट्रैफिक रूल की जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो/कसमार।** कसमार प्रखंड के खैराचातर स्थित रणविजय मेमोरियल संस्कार पब्लिक स्कूल में ट्राफिक रूल व साइबर क्राइम पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने संबंधित विषयों पर विस्तार से बताया। उन्होने कहा कि कहा कि जागरूकता से ही साइबर क्राइम से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि साइबर क्रिमिनल मोबाइल उपभोक्ताओं को तरह-तरह से ठगी का शिकार बना रहे हैं।

इसलिए मोबाइल चलाते वक्त हमेशा सजग व सतर्क रहने की जरूरत है। कभी भी किसी अंजान लिंक को क्लिक न करें और न किसी अनजान व्यक्ति से चैटिंग करें। श्री महतो ने ट्रैफिक रूल पर भी विस्तार से बताया और कहा कि नाबालिक लड़का अथवा लड़की का गाड़ी चलाना कानूनन अपराध है। इसमें चालक के साथ-साथ उसके अभिभावक को भी सजा मिल सकती है। कहा कि 18 वर्ष पूर्ण होने और ड्राइविंग लाइसेंस बनने के बाद ही गाड़ी चलाएं तथा हेलमेट व सीट बैल्ट समेत सभी नियमों का अनुपालन अवश्य करें। इस दौरान थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने भारत व पाकिस्तान के बीच शुरू हुए युद्ध और देश भर में कराये जा रहे मॉक ड्रील के बारे में भी बच्चों को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच युद्ध की स्थिति है। उन्होंने बताया कि उसी को ध्यान में रखते हुए देशभर में मॉक ड्रिल हो रहा है। कहा कि मॉक ड्रिल किसी भी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने व सजग रहने का पूर्वाभ्यास है। थाना प्रभारी ने बच्चों को शिक्षा का महत्व भी बताया और कहा कि परिश्रम से ही सफलता मिल सकती है। मौके पर नीरज भट्टाचार्य शिक्षक निशाकर दे अब्दुल शाहिद राजीव कुमार सोनाय प्रामाणिक सरिता कुमारी छोटेलाल ठाकुर अब्दुल कादिर जिलानी रिया जायसवाल गुलनाज प्रवीण धनेश्वर महतो रूमी कुमारी नेहा कुमारी समेत अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं व स्कूली बच्चे मौजूद थे।

# दिसोम मांझी थान की तैयारी पूरी

### धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आउटडोर स्टेडियम में आयोजित होगी 12 मई को



प्रेसवार्ता कर जानकारी देते दिसोम मांझी सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका निज संवाददाता।** दिसोम मांझी थान आर जाहेर थान समिति संताल परगना प्रमंडल की ओर से आगामी धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम को शुक्रवार प्रेसवार्ता आयोजित हुई। जिसका नेतृत्व दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू ने की।

प्रेसवार्ता कर दिसोम मांझी थान सदस्यों ने कहा कि आगामी 12 मई, को बिरसा मुंडा आउटडोर स्टेडियम में होने वाले धर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम के विषय पर रखा गया था। दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू ने कहा कि उक्त कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां अंतिम चरण पर है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिसोम मांझी थान के नेतृत्व में गांव के धार्मिक कार्यकताओं के द्वारा गांव स्तर पर मांझी बाबा, मोड़े होड़, आतो होड़ समेत सभी से सम्मिलित होने का आग्रह किया हैं। आगे मीडिया प्रभारी प्रेम हांसदा ने कहा कि उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आम जानो के साथ-साथ कई बड़े पदों पर बैठे पदाधिकारियों को भी विशेष आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम से संबंधित सारी तैयारियां अपने अंतिम चरण पर है। उम्मीद है कि इस कार्यक्रम में लगभग 25-30 हजार की संख्या में मरांग बुरू अनुयायी शामिल होंगे। उनके खाने-पीने संबंधित सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। आगे मुकेश आरडीएक्स टुडु ने कहा कि इस धार्मिक कार्यक्रम के माध्यम से मरांग बुरू अनुयायियों को एकजुट करना है। भागदौड़ भरी जिंदगी के बीच विलुप्त होते धार्मिक आस्था व परंपराओं को पूर्नजागरण करने का प्रयास है। आपको बता दें दिसोम मांझी थान और जाहेर थान समिति संताल परगना प्रमंडल, दुमका की ओर से एक दिवसीय ॠधर्म सम्मेलन सह सांस्कृतिक कार्यक्रम आउटडोर स्टेडियम में आयोजित होगी।

ये कार्यक्रम 12 मई को सुबह 10 बजे दिसोम मांझी थान और जाहेर थान में बोंगा बुरु से प्रारंभ होगी। धर्म गुरु द्वारा कथा और सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 3 से सुबह 6 बजे तक होगी। जिसमें विश्व प्रसिद्ध धर्म गुरु, लेखक सोमाय किस्कू द्वारा संतालों के उद्भव और विकास, धर्म और संस्कृति के बारे में विस्तार से बताएंगे। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए संताली सिंगर सिंगराय सोरेन, कल्पना हांसदा, डिगिर सोरेन, बनाम राजा नारायण टुडू, कुनामी चांदों म्यूजिकल ग्रुप समेत अन्य कलाकार शामिल होंगे।

# बस ने दंपति को रोंद्या, घटनास्थल पर ही पति का मौत



घटना स्थल पर पहुंची पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**शिकारीपाड़ा।** जिला के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के दुमका-रामपुरहाट मुख्य पथ पर सिमनीजोड़ मोड़ के समीप यात्री आशीर्वाद बस ने बाईक सवार दंपति को ठोकर मार दिया। जिसे पति की मौत घटनास्थल पर हीं हो गई। जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। दंपति शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के नवपहाड़ गांव के रहने वाला है। मृतक का नाम पांचू मियां (68) और पत्नी फातिमा बीबी (63) है। जानकारी के अनुसार दंपत्ति अपने बाइक से चिरुड़ी सीएसपी बैंक गया था और पैसा निकासी कर वापस अपना घर लौट रहा था। इसी क्रम में दुमका से रामपुरहाट जा रही आशीर्वाद बस में ठोकर मार दिया। जिसे पति का मौत घटनास्थल पर हो गया और पत्नी घायल हो गई। सूचना पर शिकारीपाड़ा पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। हादसे के बाद बस मौके से फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने बस को बंगाल सीमा लौड़ीपहाड़ी के पास जप्त कर शिकारीपाड़ा थाना ले आया। पूलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अमित लकड़ा ने बताया कि बस चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# शिक्षा की गुणवत्ता का स्तर और बेहतर बनाने को लेकर बीईईओ ने दिया दिशा- निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** ठाकुरगंगटी प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय सभागार में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रफीक आलम ने शिक्षा स्तर में और बेहतर करने को लेकर शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि समय पर ई विद्या वाहिनी पर छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति दर्ज करें। साथ ही साथ निर्धारित समय पर ही मध्यान भोजन का भी एस एम एस करें। सत्र 2025-26 के लिए पोशाक और साइकिल की सूची हार्ड और सॉफ्ट कॉपी में जमा करने को कहा। कक्षा आठ के छात्रों की साइकिल की सूची एक सप्ताह के अंदर जमा करने का निर्देश दिया। कहा की सभी शिक्षक समय पर विद्यालय आवें अपने और सहयोगी शिक्षकों के साथ-साथ सभी कक्षाओं के छात्रों की उपस्थिति भी समय पर दर्ज करावें। मीनू के आधार पर मध्यान भोजन जारी रखने की मॉनिटरिंग करते रहें। प्रखंड संसाधन केंद्र द्वारा जो भी दिशा,निर्देश दिया जाता है उसका पालन करते हुए निर्धारित समय पर सभी कार्यों का निष्पादन करें। ताकि ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा गुणवत्ता का स्तर और अधिक बढ़ सके। मौके पर बीपीओ कुणाल कुमार, बीआर पी अनीता झा, राजशेखर सिंह, सीआर पी राजेश रमन ठाकुर, कलानंद झा, श्रीरमन झा, दिनेश कापरी, शिक्षक संघ के अंचल सचिव सह आदर्श मध्य विद्यालय खरखोदिया के प्रधानाध्यापक कौशल किशोर ठाकुर, अध्यक्ष सह प्राथमिक विद्यालय नावाडीह के प्रधानाध्यापक मानुएल सोरेन, शिक्षक नेता सह प्राथमिक विद्यालय चांदपुर के प्रधानाध्यापक लोबिन रवानी, सुभाष ठाकुर, पंकज सुमन, मो सिराज, धनेश्वर प्रसाद साह, ललित कुमार, राजाराम कापरी, अरुण कुमार, निशा सिन्हा, शिखा सिन्हा, प्रमोद महतो, दिलीप कुमार, आसवन मुर्मू, उमेश कुमार, मरांगमय मरांडी, पुष्पा टुडू सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, सहायक शिक्षक, सहायक अध्यापक आदि मौजूद थे।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने बांधा समां





खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** एसएनए छऊ केंद्र चंदनकियारी में ध्रुपद गायक सह अध्यक्ष एडवाइजरी कमेटी उमाकांत गुंडेचा जी एवं सचिव संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली राजू दास एवं एडवाइजरी कमेटी के सभी सदस्यगण बांसुरी वादक पं चेतन जोशी छऊ केंद्र के संयोजक सह एडवाइजरी कमेटी के सदस्य डॉ संजय कुमार चौधरी पागुलु जेना हराधन महतो तपन पटनायक नंदलाल नायक की उपस्थिति में तीन महत्वपूर्ण चरणों में कार्यक्रम कलादर्शन संपन्न हुआ। पहले चरण में सरायकेला से तीन दलों एवं पश्चिम बंगाल पुरुलिया से दो दलों एवं चंदनकियारी से एक दल उपस्थित हुए।

दूसरे चरण में एडवाइजरी कमेटी की बैठक संपन्न हुई जिसमें कमेटी के सभी माननीय सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में पिछले वर्ष की योजना एवं आने वाले वर्ष की वार्षिक योजनाएं क्या-क्या हुआ एवं क्या-क्या होना चाहिए इस विषय पर गहन चर्चा की गयी। तृतीय चरण में संध्या काल कला दर्शन कार्यक्रम जो संगीत के परम गुरु रविंद्र नाथ टैगोर जी के जयंती के उपलक्ष्य में रविंद्र संगीत का कार्यक्रम संजीव मजूमदार एवं कलाकारों तथा पश्चिम बंगाल के कलाकारों ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन अध्यक्ष एडवाइजरी कमेटी सह ध्रुपद गायक उमाकांत गुंडेचा जी एवं सचिव संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली राजू दास जी ने किया। कार्यक्रम केंद्र के संयोजक डॉ संजय कुमार चौधरी जी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रवीण कुमार दुरेजा जी दिलीप जेना विजय कुमार आशुतोष कुमार सहित अन्य का विशेष योगदान रहा।

## बोकारो स्टील प्लांट में रोको - टोको कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ब्लास्ट फर्नेस क्षेत्र में जीरो टॉलरेंस सुरक्षा नियमों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए सीजीएम ब्लास्ट फर्नेस शौविक रॉय विभागीय सुरक्षा अधिकारी जीएम ब्लास्ट फर्नेस धनंजय कुमार और सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक रोको-टोको कार्यक्रम आयोजित किया गया। रोको-टोको कार्यक्रम में ब्लास्ट फर्नेस विभाग के महेंद्र प्रसाद जीएम-बीएफ/विद्युत मानस सरकार पीके सिंह व अल्फेड टोप्पो जीएम-बीएफ/यांत्रिकी श्याम सुंदर व पी सौरभ जीएम-बीएफ/ऑपरेशन जयंत जोद्दार अनुपम रे व विनय कुमार क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी-एसईडी डी कुमार तथा उप प्रबंधक-सुरक्षा शामिल थे।

# परिवार के किसी सदस्य को प्रताड़ित करना ही घरेलु हिंसा : डालसा

### पथरगामा सहित विभिन्न प्रखंडों में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार व सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर जिले के विभिन्न प्रखंडों व ग्रामीण क्षेत्रों में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसी कड़ी में पथरगामा प्रखंड के विभिन्न गांवों में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकार की टीम ने गुरुवार को टेंगर, मांछीटांड़, तेलनी एवं चिलकारा गोविंद गांव में अभियान चलाया । इस दौरान अधिकार मित्र मीनू बेसरा व दिलीप यादव ने ग्रामीणों को कानूनी अधिकार एवं घरेलू हिंसा से संबंधी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घरेलु हिंसा अधिनियम महिलाओं के संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों का संरक्षण करने, महिलाओं को घरेलू हिंसा से बचाने एवं उनके अधिकारों की रक्षा करती है। इस अधिनियम में केवल पत्नी नहीं बल्कि मां, बहन, विधवा, अथवा परिवार के किसी भी सदस्य को प्रताड़ित करना घरेलू हिंसा अपराध माना गया है। शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न करना, मारपीट करना , शरीर के अंग को चोट पहुंचाना ,गाली गलौज करना मान सम्मान अपमानित करना, लड़का न पैदा होने पर ताने मारना, दहेज संबंधी मांग करना, परिजनों को धमकाना, बीमार होने पर इलाज न करना, उनके अधिकारों से वंचित रखना घरेलू हिंसा अपराध माना गया है। हमारे समाज में आए दिन घरेलू हिंसा अपराध की घटनाएं एवं समस्या बनी हुई है। इससे परिवार में तनाव, परिवार टूटने व बिखरने का डर लगा रहता है । समाज में हो रहे अपराध को रोकने हेतु सभी वर्गों को आगे आने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर दर्जनों महिलाएं उपस्थित थीं। इसके अलावा टीम ने लोक अदालत के माध्यम से होने वाले मामले से संबंधित जानकारी दी। कहा कि 10 मई को न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत होगा। इसमें बिजली, पानी, बैंक ऋण, पुराने मामले, घरेलु विवाद सहित विभिन्न मामले का त्वरित निष्पादन होता है। अधिक से अधिक मामले का निष्पादन लोक अदालत के माध्यम से कराने में ही बुद्धिमानी है। इसके अलावा महागामा, गोड्डा, सुंदरपहाड़ी, पोड़ैयाहाट, बसंतराय, बोआरीजोर, ठाकुरगंगटी, मेहरमा प्रखंड के गांवों में न्याय आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित कर जानकारी दी गई।

एक नजर में

## बेरमो के नव अध्यक्ष छीत्तरमल अग्रवाल का किया गया अभिनन्दन

**बेरमो /फुसरो।** मारवाड़ी सम्मेलन बेरमो के नव निर्वाचित अध्यक्ष छीत्तरमल अग्रवाल का अभिनंदन मारवाड़ी पंचायत चास के द्वारा किया गया। इस अवसर पर मारवाड़ी पंचायत के अध्यक्ष अशोक जगनानी तथा सचिव विकाश अग्रवाल ने संयुक्त रूप से अंग वस्त्र और श्याम बाबा का प्रतीक चिन्ह देकर श्री अग्रवाल को सम्मानित किया। सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए छित्तरमल अग्रवाल ने सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेवारी मुझे दी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। समाज के सभी व्यक्तियों से सहयोग लेकर सम्मेलन को सक्रिय कर समाज हित में कार्य करूंगा। अपने चुनावी घोषणा पत्र पर किए वादों को पूरा करूंगा। अशोक जगनानी ने कहा कि समाज ने जो जिम्मेवारी दी है, उसे पूरी सक्रियता के साथ निभाकर समाजहित में कार्य करे। वही पंचायत के सचिव विकाश अग्रवाल ने कहा कि मारवाड़ी समाज के जितने भी संगठन है सभी को साथ लेकर चलना है। इस अवसर वरिष्ठ समाजसेवी ओम प्रकाश राजोरिया, मुकेश भगोरिया, पंकज बंशल, कृष्ण कुमार चांडक उपस्थित थे।

## नारायणपुर लिंचिंग मामले पर न्याय की मांग

**बेरमो।** यूनाइटेड मिल्ली फोरम के संरक्षक डॉ. हसन रजा, फोरम के प्रदेश महासचिव अफजल अनीस, अवकाश प्राप्त प्रोफेसर खालिद सज्जाद, जियाउल इस्लाम ने अल्पसंख्यक आयोग, झारखंड के उपाध्यक्ष शमशेर आलम से उनके आवास पर मुलाकात कर बोकारो जिला के पैक नारायणपुर थाना अंतर्गत मॉब लिंचिंग में मारे गए मोहम्मद अब्दुल कलाम के पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। अनीस ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा तहसीन पूनावाला के पीआईएल पर दिए गए दिशा-निर्देशों का हवाला देते हुए राज्य सरकार से पीड़ित परिवार को अंतरिम राहत (मुआवजा) देने, दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी, केस को फास्ट ट्रैक कोर्ट में भेजने, और विधान सभा से पारित ₹भीड़ हिंसा निवारण कानून₹ को राज्यपाल के पास फिर से भेजे जाने की सिफारिश करने की माँग की। साथ ही परिवार को मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की बात रखी। आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने आश्वासन दिया कि वे इस मामले में पहल करेंगे और दो दिनों में स्वयं पीड़ित परिवार से मिलने जाएंगे व घटना की गहराई से जाँच कराएँगे।

## वाहन चेकिंग के दौरान धरा गया बाइक चोर, भेजा गया जेल

**बेरमो।** बेरमो थाना कांड संख्या 57/25 दिनांक 09/05/2025 धारा 303(2)/317(2) बी एन एस में प्राथमिकी अभियुक्त कौलेश्वर कामार पिता स्वर्ग सोमर कामार सकिन बासीबेडा थाना नावाडीह जिला बोकारो को मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक में फिंगरप्रिंट संरक्षित कराते हुए जेल भेजा गया । मोटरसाइकिल चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल चोर पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिस पर पुलिस बल द्वारा पकड़ लिया गया ।मोटरसाइकिल चोर गाड़ी के कागजात प्रस्तुत नहीं किया साथ ही बताया कि कुछ दिन पहले लेपो से मोटरसाइकिल चोरी किए हैं।

## 10 मई को आयोजित होगा राष्ट्रीय लोक अदालत

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय, झारखंड उच्च न्यायालय एवं प्रधान जिला जज सह सत्र न्यायाधीश बोकारो के निर्देशानुसार 10 मई को व्यवहार न्यायालय तेनुघाट में राष्ट्रीय लोक अदालत लगाया जाएगा। आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल निष्पादन के लिए 3 बेंच का गठन किया गया है। इसकी पहले बेंच पर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी एवं अधिवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा, दूसरे बेंच पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी दिग्विजय नाथ शुक्ला और अधिवक्ता सुजीत कुमार जायसवाल तथा तीसरे बेंच पर एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल एवं अधिवक्ता राकेश कुमार मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी बेरमो अनुमंडल विधिक सेवा प्राधिकार समिति के सचिव सह तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने दी। एसडीजेएम अग्रवाल ने बताया कि यहां आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अब तक कई मामलों का निष्पादन किया गया है। आगे श्रीमती अग्रवाल ने बताया कि जिस भी मुवक्किल को अपने मामलों का समझौता के आधार पर मामले का निष्पादन कराना हो वे खुद या अपने अधिवक्ता के माध्यम से 10 मई को व्यवहार न्यायालय तेनुघाट में उपस्थित होकर मामले का निष्पादन करवा सकते हैं। कहा कि पूर्व में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में यहां सैकड़ों मामलों का निष्पादन किया जा चुका है।

## आजसू पार्टी युवा नेता पंकज कुमार चौधरी ने किया नये थाना प्रभारी मेहरा का स्वागत

**बेरमो/ललपनिया।** बेरमो अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत जागेश्वर थाना के नये थाना प्रभारी परमानंद मेहरा का गोमिया विधानसभा के प्रभारी सह युवा नेता आजसू पार्टी के पंकज कुमार चौधरी एवं वार्ड सदस्य दशरथ हेम्ब्रम ने अंगवस्त्र देकर स्वागत किया और उन्होंने थाना प्रभारी को नये जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं भी दी। स्वागत के क्रम में उन्होंने नये थाना प्रभारी श्री मेहरा के समक्ष अपने क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं को भी रखे।जहां थाना प्रभारी श्री मेहरा ने आजसू पार्टी युवा नेता से परिचय प्राप्त कर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा आपलोग क्षेत्र में अमन व शांति स्थापित करने को लेकर पुलिस प्रशासनकी मदद करें,वही उन्हें आश्वस्त किया कि अपराध पर अंकुश लगाना ही उनकी पहली प्राथमिकता होगी। क्षेत्र में कानून व्यवस्था का संचालन बेहतर ढंग से करने का भी उन्होंने आश्वासन दिया। साथ ही शहर के गणमान्य लोगों से मिलकर हर समस्याओं को जानने की बात भी कही।उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति थाने में आकर अपनी समस्या रख सकता है। जिसका समाधान न्यायिक प्रक्रिया के अनुरूप किया जाएगा।

## महाराणा प्रताप सेवा संस्थान बेरमो ने मनाया महाराणा प्रताप की जयंती समारोह

**फुसरो।** फुसरो नप क्षेत्र के डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह स्मृति भवन में महाराणा प्रताप सेवा संस्थान बेरमो के बैनर तले शुक्रवार महाराणा प्रताप का जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदन प्रसाद गुप्ता व संचालन भाई प्रमोद सिंह ने किया। यहां उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित नमन किया। यहां भाजपा के टुंडी विस प्रभारी नेता विक्रम पांडेय ने कहा कि महाराणा प्रताप की वीर गाथा अमर है। इनकी वीर गाथा आज भी किस्से कहानियों में सुनाई जाती है महाराणा प्रताप एक ऐसे योद्धा थे, जिन्हें दुश्मन भी सलाम करते थे। उनकी वीरता से भारत भूमि गौरवान्वित हुई है। कहा कि युवा पीढ़ी को महाराणा प्रताप की जीवनी से सीख लेने की जरूरत है। विनय कुमार सिंह व भाई प्रमोद सिंह ने कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए महाराणा प्रताप ने मुगलों की दासता स्वीकार करने की बजाये लड़ना जरूरी समझा। वे वतन की रक्षा के लिए जीवन के अंतिम सांस तक संघर्ष करते रहे। मदन प्रसाद गुप्ता व भरत वर्मा ने कहा कि महाराणा प्रताप के जीवन से युवा पीढ़ी को देश प्रेम, साहस, और दृढ़ संकल्प की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने अपने राज्य की स्वतंत्रता के लिए मुगलों से संघर्ष किया और कभी हार नहीं मानी। उनकी वीरता और दृढ़ता युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। साथ ही पहलगाम में हुए नृशंस घटना को अंजाम देने वाले पाकिस्तानी आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देकर ऑपरेशन सिंदूर को सफल अंजाम तक पहुंचाने वाले जांबाज सैनिकों को भारत का गर्व बताते हुए लोगो ने उन्हें बधाई दी है। कहा है कि पाकिस्तान में आतंकवादी संगठन जैश, लश्कर, हिजबुल जैसे संगठनों को भारतीय सेना ने तबाह और बर्बाद कर उनकी कमर तोड़ दी है।

# बीएलए ने किया आजादी का ऐलान

## ऑपरेशन सिंदूर इफेक्ट : बलूचिस्तान के कई इलाकों में विद्रोही गुटों ने पाकिस्तानी झंडा उतारा

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** एक तरफ पाकिस्तान की सेना भारत की ओर से आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई से बौखलाई हुई है तो दूसरी ओर बलूचिस्तान में उसके लिए नया फ्रंट खुल गया है। बलूच विद्रोहियों ने भारत के साथ तनाव को एक मौके की तरह लपकते हुए पाकिस्तानी सुरक्षाबलों पर हमले तेज कर दिए हैं। कई इलाकों में तो विद्रोही गुटों ने आजादी के नारे लगाते हुए झंडे फहरा दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, बीते कुछ दिनों में बलूच लड़ाकों के कम से कम तीन समूहों ने बलूचिस्तान प्रांत के कई हिस्सों पर कब्जा जमा लिया है। सोशल मीडिया पर ऐसी तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं, जिनमें बलूच विद्रोही इमारतों से पाकिस्तान के राष्ट्रीय झंडे को उतारकर बलूचिस्तान की आजादी का ऐलान करते हुए अपने झंडा फहरा रहे हैं। पूर्व पाक पीएम शाहिद खाकान अब्बासी ने भी स्वीकारा है कि सरकार और सेना बलूचिस्तान पर नियंत्रण खो रही है। बलोच की लेखक मीर यार बलोच ने यह एलान किया है और उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक लंबा पोस्ट कर बलूचिस्तान की आजादी का एलान किया है। मीर यार बलोच ने आजादी का एलान करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ से अपना शांति मिशन भेजने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने भारत से दिल्ली में बलूचिस्तान के लिए एम्बेसी की भी मांग की है। मीर यार बलोच ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि आतंकवादी पाकिस्तान के पतन के निकट होने के कारण जल्द ही संभावित घोषणा की जानी चाहिए। हमने अपनी आजादी का दावा किया है और हम भारत से अनुरोध करते हैं कि वह बलूचिस्तान के आधिकारिक कार्यालय और दिल्ली दूतावास की अनुमति दे।

- बलूचिस्तान पर नियंत्रण खो रही है पाक सरकार और सेना : अब्बासी
- मीर यार बलोच ने संयुक्त राष्ट्र संघ से अपना शांति मिशन भेजने की मांग
- भारत से दिल्ली में एंबेसी खोलने की भी की मांग



मीर यार बलोच ने संयुक्त राष्ट्र से अनुरोध करते हुए लिखा है कि वह बलूचिस्तान के लोकतांत्रिक गणराज्य की स्वतंत्रता को मान्यता दे और मान्यता के लिए अपना समर्थन देने के लिए संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्यों की बैठक बुलाए। उन्होंने यह भी मांग की कि मुद्रा और पासपोर्ट मुद्रण के लिए अरबों डॉलर की धनराशि जारी की जानी चाहिए। मीर यार बलोच ने आगे लिखा कि हम संयुक्त राष्ट्र के आग्रह करते हैं की वह बलूचिस्तान में अपना शांति मिशन भेजे और पाकिस्तान की कब्जे वाली सेना से बलूचिस्तान के क्षेत्रों, वायु क्षेत्रों और समुद्र को खाली करने और सभी हथियार और संपत्ति बलूचिस्तान में छोड़ने के लिए कहे।

दुनिया से मान्यता की अपील : बलूचिस्तान की आजादी के समर्थक गुटों समूहों ने इस हफ्ते पाकिस्तानी सुरक्षाबलों पर कई हमले किए हैं। पाकिस्तानी सुरक्षाबलों को सिर्फ क्वेटा शहर में ही कम से कम चार बड़े हमलों का सामना करना पड़ा है। बलूचिस्तान के लेखक मीर यार बलूच ने सोशल मीडिया पर लिखा कि बलूचों ने अपने झंडे फहराने शुरू कर दिए हैं और पाकिस्तानी झंडे उतार रहे हैं। उन्होंने दुनिया से पाकिस्तान से अपने दूतावासों को हटाकर बलूचिस्तान स्थानांतरित करने की अपील की है। मीर ने कहा कि जल्द ही पाकिस्तान के टूटने की घोषणा हो सकती है क्योंकि हमने अपनी आजादी का दावा कर दिया है।

### बलूच लिबरेशन आर्मी ने क्वेटा में कई पाकिस्तानी सेना पोस्ट पर किया कब्जा

बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने बलूचिस्तान की राजधानी क्वेटा में पाकिस्तान सेना की कई पोस्ट पर कब्जा कर लिया है। बीएलए ने दावा किया है कि उसने पाकिस्तान सेना को पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ा है। शहर के कई हिस्सों पर पाकिस्तान सेना ने नियंत्रण खो दिया है। बीएलए ने गैस पाइपलाइन को उड़ाने का दावा किया है। फ्रंटियर कॉर्प्स के मुख्यालय समेत प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों के पास विस्फोट और गोलीबारी की खबरें आई हैं। बीएलए के हमले ने पाकिस्तान के लिए कई मोर्चों पर चुनौती को बढ़ा दिया है। खैबर-पख्तूनख्वा में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने पाकिस्तानी सेना के खिलाफ लगातार हमला जारी रखा है। पिछले कुछ दिनों में टीटीपी के हमलों में कई पाकिस्तानी जवान मारे गए हैं। इसके साथ ही भारतीय बलों ने भी पाकिस्तान के आतंकी अड्डों पर हमला किया था।

# पाकिस्तान से सटे क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ायें : शाह

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने पाकिस्तान से सटे इलाकों, हवाई अड्डों और अहम प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में सतर्कता बढ़ाने के निर्देश दिए। सीआईएसएफ, बीएसएफ और ब्यूरो ऑफ सिविल एविएशन सिक्युरिटी (बीसीएएस) के महानिदेशकों के साथ बैठक कर सुरक्षा की स्थिति की समीक्षा की और इसे और मजबूत करने के लिए कई सुझाव दिये। इसके साथ ही राज्यों को बड़े बांधों और सामरिक व नागरिक यातायात के लिए अहम पुलों की सुरक्षा बढ़ाने को कहा गया है। इसके पहले अमित शाह पाकिस्तान और नेपाल सीमा पर सुरक्षा की समीक्षा कर चुके हैं। गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान की ओर से हवाई हमलों और इसमें हवाई अड्डों व अन्य अहम प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की आशंका को देखते हुए यह बैठक बुलाई गई थी। पाकिस्तान से सटी सीमा पर सुरक्षा की जिम्मेदारी बीएसएफ की है।

- गृह मंत्री ने बड़े बांधों और सामरिक व नागरिक यातायात से जुड़े अहम पुलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाने का निर्देश : अमित शाह ने बीएसएफ को सीमा पार से गोलीबारी की आशंका वाले स्थानों पर ग्रामीणों के समय से पहले सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाने का निर्देश दिया। ध्यान देने की बात है कि पुंछ में पाकिस्तान की ओर से भारी गोलाबारी में एक दर्जन से अधिक लोग मारे जा चुके हैं, जिनमें महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं।

वहीं, हवाई अड्डों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सीआईएसएफ और बीसीएएस के पास है। सीआईएसएफ यात्रियों की सुरक्षा



जांच के लिए जवाबदेह है, वहीं बीसीएएस हवाई अड्डे की पूरी सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालती है।

अमित शाह ने दोनों सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों को सुरक्षा के दौरान और ज्यादा चौकसी बरतने और संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तत्काल समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा सीआईएसएफ मेट्रो, सरकारी दफ्तरों, न्यूक्लीयर पावर प्लांट समेत अहम प्रतिष्ठानों की सुरक्षा संभालती है।

### अब सेना के निशाने पर मसूद अजहर और हाफिज सईद

**नयी दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद आतंकियों और उनके आकाओं के खिलाफ भारत के सख्त रूख को देखते हुए पाकिस्तान को अब जैश ए मोहम्मद के प्रमुख मसूद अजहर और लश्कर तैयबा प्रमुख हाफिज सईद की सुरक्षा की चिंता सताने लगी है। डर का आलम यह है कि आइएसआइ ने मसूद अजहर को अपने भाई रउफ असगर और अन्य परिवार के सदस्यों के जनाजे में भी नहीं जाने दिया। पुराने सर्जिकल और एयर स्ट्राइक को देखते हुए आइएसआइ ने पहलगाम हमले के बाद पीओके स्थित लॉन्च पैड सहित सीमा से सटे कैंपों से आतंकियों को हटा लिया था। सईद और मसूद को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचा दिया गया था।

### सिंधु जल संधि पर हस्तक्षेप कोई नहीं करेगा वर्ल्ड बैंक

**नयी दिल्ली।** वर्ल्ड बैंक के चीफ अजय बंगा ने पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। सिंधु जल संधि पर बंगा ने साफ किया कि वर्ल्ड बैंक इस मामले में मध्यस्थ नहीं है। वर्ल्ड बैंक भारत और पाकिस्तान के बीच इस संधि को लेकर कोई भी हस्तक्षेप नहीं करेगा। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़ा कदम उठाया था। भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया है। अजय बंगा ने कहा कि संधि को निलंबित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने इसे अभी के लिए रोक जैसा कहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि सिंधु जल संधि में इसे निलंबित करने का कोई नियम नहीं है। उनके अनुसार, इस संधि को या तो खत्म करना होगा या इसकी जगह कोई नई संधि बनानी होगी। ऐसा तभी हो सकता है जब दोनों देश इसके लिए राजी हों। अजय बंगा ने वर्ल्ड बैंक की भूमिका को स्पष्ट करते हुए कहा कि अगर दोनों देशों में कोई मतभेद होता है तो वर्ल्ड बैंक सिर्फ एक सहायक की तरह काम करेगा। वह एक ऐसे व्यक्ति या संस्था को खोजने में मदद करेगा जो इस मामले को निष्पक्ष तरीके से सुलझा सके।

# बिहार में सिविल डिफेंस वालंटियरों की होगी भर्ती

खबर मन्त्र संवाददाता

ऑपरेशन सिंदूर

- 18 वर्ष से अधिक के युवा जिले के डीएम कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं, मानदेय 400 से बढ़कर 700 रुपये

**पटना।** युद्ध की पृष्ठभूमि को केंद्र में सरकार ने सिविल डिफेंस वालंटियर्स की संख्या को बढ़ाने का फैसला लिया है। पूरे बिहार में वर्तमान में इनकी संख्या दो हजार है। आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने शुक्रवार को इस सिलसिले में सभी जिलाधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए। एनसीसी, नेहरू युवा केंद्र, एनएसएस व स्काउट एंड गाइड्स के अधिकारियों के साथ उनके वालंटियर्स के बारे में बैठक हुई। आपदा प्रबंधन विभाग के पास 9000 आपदा मित्र भी हैं। इन सभी को जागरूकता अभियान में लगाया जाएगा। प्रत्यय अमृत ने यह जानकारी दी कि सिविल डिफेंस के वालंटियर्स को एक दिन के काम के एवज में जो मानदेय मिलता है, उसे बढ़ाया जाएगा। मालूम हो कि अभी यह राशि चार सौ रुपए है जिसे बढ़ाकर 700 रुपए किया जा रहा। इसके अतिरिक्त, इन वालंटियर्स को अलग से पोशाक भी मिलेगी। 18 वर्ष से अधिक के युवा खुद को सिविल डिफेंस वालंटियर के रूप में निबंधित करने के लिए अपने जिले के डीएम कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। सिविल डिफेंस वालंटियर का काम जिला प्रशासन को सहयोग करना है। मॉक ड्रील के मौके पर इनका सहयोग लिया जाएगा। आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव ने बताया कि युद्ध की पृष्ठभूमि से सभी पुलिस नियंत्रण कक्ष में कंट्रोल रूम संचालित किए जाने का फैसला लिया गया है। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने यह जानकारी दी कि केंद्र सरकार के दिशा-निर्देश पर स्वास्थ्य सेक्टर में भी इमरजेंसी को केंद्र में रख तैयारी की गयी है। शुक्रवार को इस संबंध में सभी मेडिकल कालेज, एम्स, आईजीआईएमएस के निदेशकों के साथ बैठक हुई। सभी जिलों के सिविल सर्जन को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से निर्देश दिए गए हैं।

## जैसलमेर-बाड़मेर समेत पांच जिलों में हाई अलर्ट

एजेंसी

जयपुर। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के चलते राजस्थान के जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर, बीकानेर और फलोदी जिलों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सुरक्षा कारणों से इन क्षेत्रों में रात के समय ब्लैकआउट लागू कर दिया गया है और कई अहम पाबंदियां भी लगाई गई हैं। जैसलमेर और बाड़मेर में शाम पांच बजे बाजार बंद कर दिए गए। इसके बाद शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक पूरी तरह ब्लैकआउट रहेगा। सभी घरों और दुकानों की बाहरी लाइटें बंद रखने और बिजली मीटर की लाइट को भी ढंकने के निर्देश हैं। पोकरण और रामदेवरा में भी दुकानों को समय से पहले बंद कर दिया गया है। बाबा रामदेव मंदिर अब शाम छह बजे से सुबह छह बजे तक बंद रहेगा। श्रीगंगानगर, बीकानेर और फलोदी में शाम सात बजे से सुबह छह बजे तक ब्लैकआउट रहेगा। श्रीगंगानगर में डीजे, तेज साउंड सिस्टम और लाइटिंग पर रोक लगा दी गई है, जो दो महीनों तक प्रभावी रहेगी। धार्मिक और वैवाहिक आयोजनों में भी लाइट और डीजे के इस्तेमाल पर प्रतिबंध रहेगा। बीकानेर में बच्चों के हॉस्टल खाली करवाए गए हैं और प्रशासन ने लोगों से रात में घरों में रहने की अपील की है।

- रात में ब्लैकआउट, धार्मिक और वैवाहिक कार्यक्रम में लाइट और डीजे पर प्रतिबंध
- जोगियों की बस्ती में एक जिंदा बम बरामद

जैसलमेर के किशनघाट इलाके की जोगियों की बस्ती में शुक्रवार को एक जिंदा बम मिला। इसके बाद सेना और पुलिस ने इलाके को खाली कराकर बम को सुरक्षित स्थान पर ले जाकर निष्क्रिय किया। कई जिलों के कलेक्टरों ने ड्रोन उड़ाने, आतिशबाजी और पटाखों पर रोक लगा दी है। जिनके पास ड्रोन हैं, उन्हें तुरंत थाने में जमा कराने के आदेश दिए गए हैं।

### संघ ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए सेना, केंद्र का किया अभिनंदन

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों और उनके ढांचे को नेस्तनाबूद करने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारतीय सेनाओं और केन्द्र सरकार का अभिनंदन किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर संघचालक डॉ मोहन भागवत और सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने शुक्रवार को पहलगाम की कायरतापूर्ण आतंकवादी घटना के पश्चात पाक प्रायोजित आतंकवादियों एवं उनके समर्थक पारितंत्र पर की जा रही निर्णायक कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारत सरकार के नेतृत्व और सैन्यबलों का हार्दिक अभिनंदन।'



# 24 एयरपोर्ट 15 तक बंद

एजेंसी

### यात्रियों को मिलेगा पूरा रिफंड

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान की नापाक हरकतों और सुरक्षा के मद्देनजर देश के 24 एयरपोर्ट को 15 मई तक बंद करने का फैसला किया गया है। इसमें श्रीनगर और चंडीगढ़ एयरपोर्ट भी शामिल हैं। देश के उत्तरी और पश्चिमी हिस्सों में स्थित इन एयरपोर्ट से नागरिक उड़ानें नहीं होंगी। इसके पहले इन एयरपोर्ट को 10 मई तक बंद रखने का फैसला किया गया था। एयरलाइंस ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए कहा कि 15 मई तक एयरपोर्ट के अस्थायी क्लोजर के कारण उड़ानें रद रहेंगी। सूत्रों के मुताबिक, 15 मई की सुबह 5:29 बजे तक 24 एयरपोर्ट पर विमानों का संचालन बंद रखा जाएगा। इन 24 एयरपोर्ट में चंडीगढ़, श्रीनगर, अमृतसर, लुधियाना, भुंतर, किशनगढ़, पटियाला, शिमला, धर्मशाला, भटिंडा, जैसलमेर, जोधपुर, लेह, बीकानेर, पठानकोट, जम्मू, जामनगर और भुज शामिल हैं। एयर इंडिया ने कहा कि भारत में कई हवाई अड्डों के बंद रहने के बारे में विमानन अधिकारियों की अधिसूचना के बाद जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, चंडीगढ़, भुज, जामनगर और राजकोट जैसे एयरपोर्ट से आने-जाने वाली एयर इंडिया की उड़ानें 15 मई को भारतीय समयानुसार 0529 बजे तक रद की जा रही हैं। इस अवधि के दौरान यात्रा के लिए वैध टिकट रखने वाले ग्राहकों को रिशेड्यूलिंग चार्ज पर एक बार की छूट या कैंसिललेशन के लिए फुल रिफंड की पेशकश की जाएगी।


# भारत-पाक के बीच तनाव से सहमा शेयर बाजार

एजेंसी

## सेंसेक्स 880 और निफ्टी 266 अंक लुढ़का

**मुंबई।** भारत और पाकिस्तान के बीच लगातार बढ़ रहे तनाव से डरे निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से शुक्रवार को शेयर बाजार में कोहराम मच गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 880.34 अंक अर्थात 1.10 प्रतिशत का का गोता लगाकर आठ कारोबारी सत्र के बाद 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 79,454.47 अंक पर आ गया। इससे पहले यह 25 मई को 79,212.53 अंक पर रहा था। निफ्टी 265.80 अंक यानी 1.10 प्रतिशत टूटकर 24008.00 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.10 प्रतिशत फिसलकर 42,111.50 अंक और स्मॉलकैप



0.30 प्रतिशत उतरकर 46,741.95 अंक पर आ गया। बीएसई में कुल 4010 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2522 में गिरावट जबकि 1343 में तेजी रही वहीं 145 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई की 2887 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ। इनमें से 1738 में बिकवाली जबकि 1065 में लिवाली हुई वहीं 84 के भाव स्थिर रहे। बीएसई के 17 समूहों में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.10, सीडी 0.29, ऊर्जा 0.74, एफएमसीजी 0.65, वित्तीय सेवाएं 1.40, हेल्थकेयर 0.16, आईटी 0.32, दूरसंचार 0.46, यूटिलिटीज 1.50, ऑटो 0.19, बैंकिंग 1.04, तेल एवं गैस 0.46, पावर 1.11, रियल्टी 2.08, टेक 0.46, सर्विसेज 0.63 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.24 प्रतिशत टूट गए। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 1366 अंक की भारी गिरावट लेकर 78,968.34 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद 80,032.93 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह दोपहर बाद 78,968.34 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 80,334.81 अंक के मुकाबले 1.10 प्रतिशत का गोता लगाकर 79,454.47 अंक रह गया। इसी तरह निफ्टी भी 338 अंक की गिरावट लेकर 23,935.75 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,164.25 अंक के उच्चतम जबकि 23,935.75 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,273.80 अंक की तुलना में 1.10 प्रतिशत टूटकर 24,008.00 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में आईसीआईसीआई बैंक 3.16, पावरग्रिड 2.70, अल्ट्रासिम्को 2.15, बजाज फाइनेंस 2.02, रिलायंस 1.93, एचडीएफसी बैंक 1.93, बजाज फिनसर्व 1.77, अडानी पोर्ट्स 1.73, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.59, एनओपीसी 1.52, आईटीसी 1.50, एक्सिस बैंक 1.44, सन फार्मा 1.23, भारती एयरटेल 1.21, इटरनल 1.09, मारुति 1.00, इंडसइंड बैंक 0.95, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.90, नेस्ले इंडिया 0.74, टेक महिंद्रा 0.64, टाटा स्टील 0.63, एचसीएल टेक 0.63, इंफोसिस 0.25, टीसीएस 0.15 और कोटक बैंक 0.11 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में टाइटन 4.38, टाटा मोटर्स 3.90, एलटी 3.77, एसबीआई 1.39 और एशियन पेंट 0.02 प्रतिशत है।




## स्पीड न्यूज

### छत्तीसगढ़ में 16 लाख के इनामी नक्सली दंपति ने किया सरेंडर

**कोंडागांव।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव में शुक्रवार को कई जिलों में सक्रिय 16 लाख के इनामी नक्सली दंपति ने एसपी के समक्ष आत्मसमर्पण किया। नक्सली दंपति संगठन के कंपनी नंबर 5 पीपीसी कैडर के नक्सली 8 लाख के इनामी रैंकिंग कुमेटी उर्फ रतनसिंग कुमेटी (35 वर्ष) और 8 लाख की इनामी पुनाय आवला उर्फ हिरोया (34 वर्ष) निवासी ग्राम आलपरस, थाना कोयलीबेडा, जिला कांकेर हैं। इस इनामी नक्सली दंपति को प्रोत्साहन राशि 50-50 हजार रुपए प्रदान किया गया।

### देश में खाद्यान्न की कोई कमी नहीं: केंद्र

नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि, किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनजर शुक्रवार को मंत्रालय तथा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और ग्रामीण विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। शिवराज ने कहा कि देश में गेहूं, चावल व अन्य अनाज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। बंपर उत्पादन हुआ है। किसानों से खरीद भी जारी है।

### नक्सलियों ने छह महीने तक युद्धविराम की घोषणा

जगदलपुर। छत्तीसगढ़-तेलंगाना में नक्सल संगठन के तेलंगाना कैडर के प्रवक्ता ने पर्चा जारी कर छह महीने तक युद्धविराम की घोषणा की है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री ने भी नक्सलियों से वार्ता को शांति समिति का गठन करने की बात कही है। नक्सली प्रवक्ता जगन ने पर्चा जारी कर छह महीने तक युद्धविराम की घोषणा कर दी है। नक्सलियों द्वारा तेलुगु भाषा में जारी पर्चे में लिखा है कि तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी, पूर्व सीएम चंद्रशेखर राव और कविता ने भी शांति वार्ता के लिए पहल करने और इसके लिए समिति का गठन करने के लिए नक्सलियों ने इसे गर्व की बात कहा है।

### पीएम सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन में बिहार अव्वल

पटना। बिहार ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना में पहला स्थान हासिल किया है। योजना बिहार के लोगों को खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में लाभ पहुंचाने में उल्लेखनीय भूमिका निभा रहा है। इस योजना को अमलीजामा पहनाने में बिहार ने एक बार फिर परचम लहराया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजना के सफल क्रियान्वयन और अधिक से अधिक संख्या में इससे लोगों को जोड़कर लाभ दिलाने में बिहार ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। अब तक 10 हजार 296 आवेदकों को लोन देने की मंजूरी दी जा चुकी है। इसमें 6, 589 इकाइयों को लोन भी जारी की जा चुकी है। यह कुल वितरण का 63 फीसदी है।

### बांग्लादेश में 200 साल पुराना बरगद का पेड़ कटा

ढाका। बांग्लादेश में चरमपंथियों ने मदारीपुर में कुमार नदी के तट पर 200 वर्ष पुराने बरगद के पेड़ को काट डाला है जिसके नीचे स्थानीय लोग मिट्टी के दीये जलाने और प्रार्थना कर रहे थे। स्थानीय लोगों का मानना है कि इस पेड़ में रहस्यमय शक्तियां हैं, जिसके कारण लोग इसके नीचे मोमबत्तियां जलाते हैं और मन्नतें मांगते हैं। इस प्रथा को गैर-इस्लामी मानते हुए चरमपंथियों ने पेड़ को काटा।

### श्रीलंका में हेलीकॉप्टर क्रैश, 6 सैनिकों की मौत

कोलंबो। श्रीलंका में शुक्रवार को एक सैन्य हेलीकॉप्टर के जलाशय में दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से सशस्त्र बलों के छह कर्मियों की मौत हो गई। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वायुसेना का बेल 212 हेलीकॉप्टर उत्तर मध्य क्षेत्र मदुरु ओया में जलाशय में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हेलीकॉप्टर सेना के विशेष बल ब्रिगेड की पासिंग आउट परेड के लिए जा रहा था। मृतकों में वायु सेना के दो और विशेष बल के चार सैनिक शामिल हैं। वायु सेना ने कहा कि दुर्घटना की जांच के लिए नौ सदस्यीय समिति गठित की गई।